दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रांची, शनिवार, 07 दिसंबर 2024, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष सप्तमी विक्रम संवत-2081 वर्ष-09 अंक-229 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | आंचलिक 2 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | आस-पास

आज

बेबाक

अखिरकार महाराष्ट्र में समंदर लौट ही आया। अब उन लोगों की टेंशन बढ़ गई है जिन्होंने उसका पानी उतरते देखकर किनारे पर घर बना लिये थे। उद्धव ठाकरे, शरद पवार और नाना पटोले को अब अपना घर सुरक्षित रखने की चिंता खाये जा रही है। जिनके कई सदस्य घर से पलायन करने की सोच रहे है। आखिर डूबते के साथ कौन डूबना चाहेगा? वैसे भी सियासत में यह कहावत मशहूर है कि जिधर बम उधर हम। देवेन्द्र फडणवीस रूपी समंदर की प्रचंड़ लहरों ने अगर सुनामी का रूप धारण कर लिया तो न जाने किस-किस पर सियासी कहर टूटेगा?

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:13 प्रात:

अस्त : 05:02 संध्या

प्रदेश का तापमान (आज)

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	25.0	13.0
जमशेदपुर	28.0	18.0
हजारीबाग	25.0	13.0
डालटनगंज	27.0	13.0

//--सुविचार--//

उबाल इतना भी न हो कि खून सूख कर उड़ जाये, धैर्य इतना भी न हो कि खून जमे तो खौल भी न पाये!

हेमंत सरकार-2.0 : विभागों के बंटवारे में स्थिरता, प्रशासनिक नियंत्रण झामुमो के पास, वित्तीय व्यवस्था का जिम्मा कांग्रेस को

राधाकृष्ण को वित्त, रामदास को शिक्षा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : झारखंड में नई सरकार ने मंत्रिपरिषद का बंटवारा कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं। बाकी मंत्रियों को भी अलग-अलग विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हेमंत सोरेन ने कार्मिक, गृह, पथ निर्माण और भवन निर्माण जैसे अहम विभाग अपने पास रखे हैं। ये सभी विभाग राज्य के विकास और प्रशासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इससे साफ जाहिर है कि मुख्यमंत्री खुद इन विभागों पर सीधी नजर रखना चाहते हैं।

राधा कृष्ण किशोर को वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास और संसदीय कार्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग मिले हैं। ये विभाग राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। दीपक बिरुवा राजस्व, निबंधन, भूमि सुधार और परिवहन विभाग देखेंगे। चमरा लिंडा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। संजय प्रसाद यादव को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण, कौशल विकास और उद्योग विभाग सौंपे गए हैं। रामदास सोरेन स्कूली शिक्षा, साक्षरता और निबंधन विभाग संभालेंगे। इरफान अंसारी स्वास्थ्य, खाद्य, सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले और आपदा प्रबंधन जैसे जरूरी विभागों के मंत्री बने हैं। हफीजुल हसन जल संसाधन और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की देखरेख करेंगे। दीपिका पांडेय सिंह ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े विभागों की मंत्री हैं। योगेंद्र प्रसाद पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद और मद्य निषेध विभाग देखेंगे। सुदिव्य कुमार नगर विकास, आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। शिल्पी नेहा तिर्की कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की मंत्री बनाई गई हैं। इस मंत्रिमंडल में सभी विभागों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है।

कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत ने मंत्रियों को दिया निर्देश

दो महीने में विभागों की समीक्षा कर दें रिपोर्ट

नव प्रदेश संवाददाता

नयी सरकार की कैबिनेट की पहली बैठक में निर्देश

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी मंत्रियों को उनके विभागों की दो महीने में समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। पदाधिकारी से मंत्री तक तय किए गए हैं। आने वाले समय में राज्य को बेहतर दिशा कैसे दें, इसमें कुछ 15-16 प्वाइंट बनाये गये हैं, जो आगे की रूपरेखा तय करेंगे। सोरेन ने कहा कि रांची ही नहीं बाकी जिला कार्यालयों तक बैठक होगी और मंत्री समीक्षा करेंगे। इसमें सभी चीजों को देखा जायेगा। सभी विभागों में प्रमोशन भी होंगे। जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान होगा। कुल मिलाकर बहुत से विषय हैं। मंत्रियों को विभागों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है। हेड क्वार्टर से लेकर जिला कार्यालय तक समीक्षा करने को कहा गया है। दो महीने में सभी विभागों की समीक्षा मंत्री करेंगे और पदधिकारियों के कार्यकुशलता का भी ध्यान रखेंगे। फिर सभी चीजों से उन्हें भी अवगत कराने कहा गया है।

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को दिये टास्क

- मंत्रिपरिषद में भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर स्वयं संतुष्ट हो लें। वित्त विभाग, विधि विभाग, कार्मिक विभाग से भी सम्पर्क करें ताकि ससमय मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्ताव आ सके।
- सभी मंत्रीगण अपने-अपने विभागों के सभी जिला के क्षेत्रीय कार्यालय में जाकर विभागीय कार्यकलाप की समीक्षा करें तथा विभागीय योजनाओं के लाभुकों से मुलाकत कर फीडबैक लें।
- विभागीय कार्यकलाप का समीक्षा करें। सभी योजनाओं को समझ कर उसके गुण-दोष का अध्ययन करें।
- वैसी योजनाएं जो बहुत दिनों से लम्बित हैं, उसके लम्बित रहने के कारण की समीक्षा करें और उसको पूरा कराने के लिए कार्रवाई करें।
- कई योजनाएं ऐसी हैं, जिसमें आज की पृष्ठभूमि में बदलाव अपेक्षित है या फिर कुछ प्रावधान के कारण क्रियान्वयन में कठिनाई होती है उसके निराकरण का प्रस्ताव प्राप्त कर कार्रवाई करें।
- राज्य में आपके विभाग के योजना से यदि कोई क्षेत्र छूटा हुआ है, खासकर दूर-दराज के क्षेत्र, एससी-एसटी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र उसके लिए योजना के प्रस्ताव पर विचार करें।
- वैसे विभाग जिनमें राजस्व प्राप्ति की बेहतर संभावनाएं हैं, वे राजस्व स्रोत की समीक्षा कर राजस्व प्राप्ति की बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव तैयार करें।
- भवन जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर वाली योजना की विशेष समीक्षा करें ताकि बना हुआ भवन का वास्तविक इस्तेमाल हो सके। अनावश्यक भवन आदि की योजना न लिया जाय।
- वर्ष 2025-26 में ली जाने वाली योजनाओं की रूपरेखा तैयार करें।
- अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी के प्रोन्नति की स्थिति की समीक्षा करें और प्रोन्नति प्रदान करें।
- पदस्थापना की समीक्षा करें और आवश्यकता या कम जरूरी के आधार पर एडजस्टमेंट करें।
- आप्त सचिव तथा निजी स्टॉफ रखते समय उसकी पृष्ठभूमि जरूर देख लें ताकि विवादित कर्मी मंत्री कार्यालय में स्थान नहीं पायें।
- कोर्ट केस मामले की भी समीक्षा करें ताकि सरकार केस कम से कम हारे।
- अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर भी हर जिला में भ्रमण करें और लोगों से मिलकर वहां की समस्या के निपटारा के लिए प्रयास करें।
- क्षेत्रीय पदाधिकारियों के बारे में क्षेत्र भ्रमण के क्रम में फीडबैक प्राप्त करें और मुख्यमंत्री को समय-समय पर अवगत कराएं।
- स्थानीय जन प्रतिनिधियों से मिलने के लिए तिथि का निर्धारण कर दें, ताकि सभी को सहुलियत हो।
- सभी मंत्री समय-समय पर अपने विभाग की उपलब्धियों के विषय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी उपलब्ध कराते रहेंगे।

रांची में आदिवासी युवा महोत्सव 14-15 को रांची विवि के दीक्षांत मंडप में

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में 14 और 15 दिसंबर को आदिवासी युवा महोत्सव-2024 का आयोजन होगा। यह महोत्सव आदिवासी युवाओं में भाषा, संस्कृति, जीवनशैली और प्रकृति प्रेम के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ यह मंच आदिवासी और आधुनिक कलाओं और कलाकारों को एक साथ प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा। इस वर्ष के महोत्सव का नेतृत्व युवा समाजसेवी बिपिन टोप्पो (अध्यक्ष) और शशि पन्ना (कार्यकारी अध्यक्ष) की अगुवाई वाली एक समिति कर रही है। महोत्सव में राज्य के 33 आदिवासी समुदाय भाग लेंगे और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, गीत, भोजन, रॉक बैंड शो, फैशन शो, सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाटक, आदिवासी उद्यमियों का मेला, पैनल चर्चा, नेतृत्व विकास कार्यक्रम और करियर परामर्श जैसी कई गतिविधियां शामिल होंगी।

प्रसिद्ध कलाकारों जैसे नितेश कच्छप, एल्विन रोजारियो, दीपक तिर्की, अमन कच्छप, दीपक लोहार, साउंड ऑफ झारखंड बैंड और राजू मुर्मू प्रस्तुतियां देंगे। इस वर्ष दो फैशन शो भी आयोजित किए जाएंगे, जो एक युवा मॉडल्स और दूसरा 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों के जरिये किया जाएगा। राजधानी के विभिन्न कॉलेजों की युवा टीमों को भी अपने सांस्कृतिक नृत्य और गायन का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

विधायक शिल्पी नेहा तिर्की महोत्सव की ब्रांड एंबेसडर हैं। आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संयुक्त रूप से प्रेस क्लब में शुक्रवार को समिति के सदस्यों ने संवाददाता सम्मेलन कर यह जानकारी दी।

ये हैं आयोजक समिति के सदस्य

अध्यक्ष बिपिन टोप्पो, कार्यकारी अध्यक्ष शशि पन्ना, महासचिव कृष्णा लकड़ा, महासचिव अनिल उरांव, कोषाध्यक्ष बिनोद कच्छप, पंकज भगत, सचिव आकाश बाड़ा, प्रतीत कच्छप, अनुपमा कच्छप, विक्की, अमित मुंडा, कमिस्नर मुंडा, संयोजक अनुपमा कुजूर, आरती कच्छप, अविनाश बाड़ा, कार्यक्रम समन्वयक तरुण पॉल कच्छप, संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक अमरनाथ लकड़ा, संरक्षक सह सलाहकार एल्विन लकड़ा सहित अन्य शामिल हैं।

एक नजर

एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने विस्कासन वृद्धाश्रम को दी सहायता

रांची। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने शुक्रवार को रांची स्थित विस्कासन वृद्धाश्रम को ऊनी कंबल और आवश्यक खाद्य सामग्री देकर सहायता की। यह नेक पहल स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष स्मिता रेखा जैन के मार्गदर्शन में की गई। कार्यक्रम के दौरान जैन ने क्लब की समाज कल्याण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस पहल के माध्यम से स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से साबित किया, विशेष रूप से उन बुजुर्गों के जीवन में जिन्हें देखभाल और सहारे की आवश्यकता है। कार्यक्रम में क्लब की शिखा रस्तोगी, दीपा केशरी, परमेश्वरी डी, अनिता प्रसाद और स्निग्धा रानी मांझी शामिल थीं।

कल्पना सोरेन से लोगों ने की मुलाकात, दी बधाई

रांची। विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में गांडेय, गिरिडीह, सरायकेला-खरसांवा सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात की। लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक कल्पना सोरेन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

थानेदार करेंगे आगजनी व तोड़फोड़ का अनुसंधान

डीजीपी ने घटनाओं की रोकथाम के लिये दिये सख्त निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। पुलिस मुख्यालय स्थित सभागर में शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड की अध्यक्षता में राज्य के सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नक्सल विरोधी अभियान व न्यायालय की सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में उग्रवाद के सम्पूर्ण उन्मूलन हेतु व्यापक रूप से समीक्षा की गयी। समीक्षा के कम में विगत दिनों में माओवादी व अपराधिक गुटों के द्वारा राज्य के कुछ जिलों रांची, लातेहार, हजारीबाग, खूंटी एवं चतरा में आगजनी व तोड़फोड़ की कुछ एक घटनाएं कारित की गयी है। उपरोक्त घटनाओं की रोकथाम के लिये सख्त निर्देश दिये गये हैं।

धमकी की सूचना पर प्राथमिकी दर्ज हो

सभी पुलिस अधीक्षक अपने जिले में पूर्व में घटित ऐसे सभी मामलों की समीक्षा करेंगे एवं पूर्व में घटित घटनाओं में वैसे मामले जिनमें धमकी मिलने की पूर्व सूचना देने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है, वैसे मामलों में संबंधित जिम्मेदार पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए अविलम्ब पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। भविष्य में यह भी सुनिश्चित करेंगे कि माओवादी, आपराधिक गुटों द्वारा धमकी से संबंधित जो भी सूचना पीड़ित द्वारा दी जाती है, उसमें प्राथमिकी दर्ज किया जाय।

आगजनी व तोड़फोड़ से संबंधित मामलों में थानेदार होंगे अनुसंधानक

सभी पुलिस अधीक्षक यह समीक्षा करेंगे कि माओवादी, आपराधिक गुटों के द्वारा आगजनी व तोड़फोड़ से संबंधित मामलों में दर्ज किये गये काण्डों के अनुसंधानक कौन है? ऐसे कितने मामले हैं, जिनमें काण्ड के अनुसंधानक थाना प्रभारी स्वयं है तथा कितने मामले में अन्य कनीय पदाधिकारी को अनुसंधानक बनाया गया है। इस संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय झारखण्ड, रांची को भेजना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह सख्त निर्देश दिया गया कि माओवादी, अपराधिक गुटों द्वारा कारित आगजनी तोड़फोड़ से संबंधित पूर्व में घटित सभी काण्डों का अनुसंधान थाना प्रभारी स्वयं ग्रहण करेंगे। सभी पुलिस अधीक्षक यह सुश्नश्चित करेंगे कि भविष्य में इस तरह की घटना घटित होने पर काण्ड का अनुसंधानक थाना प्रभारी या पुलिस निरीक्षक स्तर के पदाधिकारी को ही बनाया जाय। इसका अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित थाना प्रभारी विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी एवं संबंधित पुलिस अधीक्षक के विरूद्ध भी जिम्मेवारी तय की जायेगी।

फरार माओवादी व आपराधियों की संपत्ति करें कुर्क

इस बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि विभिन्न काण्डों में माओवादी व अपराधिक गुटों के जो भी अभियुक्त फरार हैं, उनके विरूद्ध प्रभावी कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाय। सभी पुलिस अधीक्षक यह समीक्षा करेंगे कि ऐसे कितने मामले में कुर्की जप्ती की कार्रवाई लंबित है। कुर्की जप्ती की कार्रवाई में विलम्ब के लिए जिम्मेवार पदाधिकारी को चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे। फरार अपराधकर्मी के अचल सम्पति की कुर्की जप्ती की कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। सभी पुलिस अधीक्षक फिरार अपराधकर्मियों के अचल सम्पति की कुर्की जप्ती की वर्तमान स्थिति के संबंध में समीक्षा करते हुए पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगें। सभी पुलिस अधीक्षक अपराध के माध्यम से अर्जित किये गये सम्पत्तियों को चिन्हित कराते हुए उसका डॉक्यूमेंटेशन का कार्य अद्यतन करेंगे। भविष्य में महानिदेशक द्वारा क्षेत्र भ्रमण के कम में यह जांच की जायेगी कि फिल्ड में तैनात पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के उग्रवादी तत्वों के सदस्यों के बारे में जानकारी है या नहीं। इस संबंध में कमी पाये जाने पर संबंधित पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी तथा संबंधित पुलिस अधीक्षक के विरूद्ध भी जिम्मेवारी तय की जायेगी।

न्यायालय परिसर की सुरक्षा की समीक्षा

इसके अतिरिक्त महानिदेशक द्वारा उच्च एवं अन्य न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था साथ ही माननीय न्य अवासीय परिसरों के सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गयी। यह भी गया कि न्यायालय से संबंधित सभी बिन्दुओं पर सुरक्षा की दृष्टीकोण से सभी पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक समय-समय पर निरीक्षण करेंगे।

इस बैठक में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के अतिरिक्त डॉ संजय आनन्दराव लाठकर अपर पुलिस महानिदेशक अभियान, अखिलेश झा पुलिस महानिरीक्षक रांची, अमोल विनुकांत होमकर पुलिस महानिरीक्षक अभियान, प्रभा कुमार पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा, इन्द्रजीत महथा पुलिस उप महानिरीक्ष झारखण्ड जगुआर, कार्तिक एस० पुलिस उप महानिरीक्षक विशेष शाखा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षकों व पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया।

पूजा सिंघल की याचिका पर सुनवाई सात को

रांची। नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की दायर याचिका पर रांची के धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शुक्रवार को आशिंक सुनवाई हुई। सिंघल के अधिवक्ता की ओर बहस की गयी। इसके बाद ईडी की ओर से बहस की जाएगी। मामले में अगली सुनवाई सात दिसंबर को होगी।इससे पहले कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। इसके आलोक में जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पूजा सिंघल लगभग 28 महीनों से जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के अनुसार, नए कानून के तहत किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपित की न्यायिक हिरासत की अवधि उस मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है तो उसे बेल दी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पांच मई, 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए थे। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।

दो आरोपितों की डिस्चार्ज याचिका खारिज

रांची। सरकारी टेंडर में कमीशन के जरिये करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने और उस कमाई को वैध बनाने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की डिस्चार्ज याचिका खारिज हो गई है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने शुक्रवार को दोनों की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी है। नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया पर जेल में बंद निलंबित इंजीनियर वीरेन्द्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। इन्हें ईडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। इसपर कोर्ट संज्ञान भी ले चुका है।

दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : बाबूलाल मरांडी

रांची। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि मेदिनीनगर बालिका गृह में बच्चियों के शोषण के मामले में बाल संरक्षण आयोग के अधिकारियों की भूमिका बेहद निंदनीय है। मरांडी ने कहा कि सीडब्ल्यूसी सदस्य के जरिये बालिका गृह में रह रहीं बच्चियों की तस्वीर खींचना और गलत कार्यों के लिए दबाव डालना बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह घटना प्रशासनिक तंत्र की असफलता और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करती है। साथ ही कहा कि जिन लोगों के उपर सुरक्षा और न्याय के संरक्षक होने की जिम्मेदारी है, वही शर्मनाक कृत्य में लिप्त पाए गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री राज्य के मुख्यमंत्री से इस मामले में न्यायिक जांच कराकर सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आग्रह किया है ताकि पीड़ित बच्चियों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

प्रोटेम स्पीकर ने विधानसभा सत्र को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश

रांची। विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मराण्डी ने अपने कार्यालय कक्ष में षष्ठम्-विधान सभा के प्रथम सत्र को लेकर विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक की। सत्र को ध्यान में रखते हुए प्रोटेम स्पीकर ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नये सदस्यों के आवासन एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गए। मुख्य सचिव ने बैठक में स्पीकर को अवगत कराया कि सत्र को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। सत्र के दौरान पर्याप्त चिकित्सकों की व्यवस्था के अलावा आवश्यक जीवन रक्षक दवा और एम्बुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष ने दिये। साथ ही विधानसभा आने के क्रम में किसी भी प्रकार के अनावश्यक भीड़-भाड़ तथा उचित ट्रैफिक प्रबंधन के संबंध में भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने अवगत कराया कि सत्र के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदाधिकारियों के प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश निर्गत किये जा चुके है। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता सहित संबंधित विभागों से सचिव और अन्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 9 दिसंबर से विधानसभा का सत्र शुरू होगा।

राज्यपाल से मिला सैनिक कल्याण निदेशालय का शिष्टमंडल

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को सैनिक कल्याण निदेशालय का एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट कर ह्यसशस्त्र सेना झंडा दिवसह्न के उपलक्ष्य में बैज लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि हमारे वीर जवानों के शौर्य, सतर्कता और समर्पण के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं के जरिये युद्धकाल और आपदा के समय निभाए गए अतुलनीय कर्तव्यों और साहसिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा और बलिदान से हमारा राष्ट्र सदैव गौरवान्वित हुआ है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे। राज्यपाल ने राज्य के सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमता के अनुसार 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में योगदान देकर उन वीर सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति आभार प्रकट करें, जिन्होंने देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। इस शिष्टमंडल में सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर निरंजन कुमार, सैनिक कल्याण निदेशालय के अपर निदेशक कर्नल एसपी गुप्ता और सैनिक बाजार के राज्य प्रबंधक ले. कर्नल प्रदीप झा आदि मौजूद थे।

बाबा साहब अंबेडकर समाज सुधारक, कुशल राजनीतिज्ञ : रविंद्र राय

भाजपा ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

नव प्रदेश संवाददाता

रांच। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय सहित अन्य नेताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राय ने कहा कि भारतीय संविधान निमार्ता और भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने पूरा जीवन दलितों, शोषितों और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। दलितों के मसीहा अंबेडकर महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद एवं अर्थशास्त्री भी थे।

राय ने कहा कि भीमराव आंबेडकर की विरासत आज भी देशभर में प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के क्षेत्र में जो क्रांति शुरू की, वह हमेशा प्रासंगिक रहेगी. उनके विचार और योगदान वंचितों के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित हुए। उन्होंने कहा कि भारत में जब-जब संविधान और लोकतंत्र की बात होगी, बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर का नाम तब तब प्रमुखता से लिया जाएगा। यही वजह है कि छह दिसंबर का दिन भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण तारीख के रूप में दर्ज है। इस दिन देशभर में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी जाती है। इस दिन भारत के संविधान निमार्ता, समाज सुधारक और दलितों के मसीहा कहे जाने वाले आंबेडकर का 1956 में निधन हुआ था।

राय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर समाज सुधारक ही नहीं बल्कि एक कुशल राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री भी थे। साथ ही आज भी वो लाखों संघर्षशील युवाओं के लिए प्रेरणा की मशाल हैं। लगातार अभाव, भेदभाव और संघर्ष से जूझते हुए जीवन में सफल होने का साहस बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन से सीखा जा सकता है। उन्होंने लगातार संघर्ष से बीए, एमए, एमएससी, पीएचडी, बैरिस्टर आदि के साथ लगभग 32 डिग्रियां हासिल की तथा नौ भाषाओं में महारथ हासिल की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेमंत दास,रामचन्द्र नायक, जोगेन्द्र लाल, रंजन पासवान, सुबोध कांत, खुदा राम, कमलेश राम, राजीव राज लाल, राकेश राम, गोविंद बाल्मिकी, मनोज राम, संजय चौधरी, प्रेम मित्तल, सूरज चौरसिया और बबीता वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।

अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/18/2024-25

[illegible]

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

[illegible]

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR.NO. [illegible]

रांची पुलिस ने तस्करी के दो आरोपितों को पकड़ा, दो करोड़ का गांजा बरामद

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। ओरमांझी थाना की पुलिस ने छापामारी कर कंटेनर ट्रक (एनएल01एन-6915) से कुल 16 प्लास्टिक के बोरा में करीब 406.79 किलोग्राम गांजा बरामद की है। पुलिस द्वारा जब्त गांजा की अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ है। मौके पर पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्त धर्मवीर सिंह (सा० चन्दा मउ उधरना ठकुराईन, थाना विशेश्वर गंज, जिला श्रावस्ती, उत्तरप्रदेश) और राजेन्द्र सिंह (सा० पाठकडीगह, पो० ब्राह्मणडीहा, थाना तोपचांची,जिला धनबाद) को गिरफ्तार की है।

इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उडीसा से रांची की ओर कंटेनर ट्रक रजि सं० में गांजा लोड करके ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली रांची के नेतृत्व एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रांची -रामगढ़ मार्ग में उकरीद नकवाटोली के पास कंटेनर ट्रक को पकड़ा गया। पकड़ाये ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक के केबीन के अंदर ड्राईवर सीट के पीछे बने बॉक्स से कुल 16 प्लास्टिक के बोरा में करीब 406.79 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए ट्रक का चालक एवं उप-चालक को गिरफ्तार किया गया। बरामद गांजा के सम्बन्ध में पकड़ाये चालक एवं उपचालक से पूछताछ करने पर इनलोगों द्वारा बताया गया कि ये बरामद गांजा सम्बलपुर से ला रहे हैं, जिसे टॉल गेट के आगे रामगढ़ में देना था। इस घटना के सम्बन्ध में उक्त कांड दर्ज की गयी है। बरामद गांजा का अनुमानित मुल्य लगभग 02 करोड (दो करोड़) रूपया है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त राजेन्द्र सिंह का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में अनुज उरांव, पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली ,पुनि अनिल कुमार तिवारी, थाना प्रभारी ओरमांझी,पुअनि नितीश कुमार, पुअनि मनोज करमाली सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

40 पुड़िया ब्राउन शुगर सहित दो गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने ब्राउन शुगर कारोबार में शामिल दो अभियुक्त सन्नी कुमार राय (न्यू मधुकम, चुन्ना भट्ठा रोड नंबर 04, थाना सुखदेवनगर) और प्रदीप यादव उर्फ चिकु यादव (भवानी नगर रोड नंबर 02 इरणु टोली, थाना सुखदेवनगर) को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के पास से सिल्वर फॉईल मे लपेटा हुआ कुल 40 पुड़िया प्रतिबंधित नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर (वजन करीब 3.20 ग्राम),दो स्मार्टफोन और एक बाइक जब्त की है। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत किशोरगंज रोड नंबर 09 के पास अवैध नशीले पदाथों का खरीद बिक्री हो रही है। उक्त सूचना पर एक टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत किशोरगंज रोड नंबर 09, थाना सुखदेवनगर जिला रांची के पास से पुलिस बल को देख भागने के क्रम में दो व्यक्ति सन्नी कुमार राय और प्रदीप यादव उर्फ चिकु यादव, को पकड़ा गया। दोनों की विधिवत शरीर की तलाशी लेने के क्रम में सन्नी कुमार राय के पास से 28 पुडिया नशीला पदार्थ (ब्राउन शुगर) जिसका वजन करीब 2.25 ग्राम , स्मार्टफोन व बाइक और पकड़ाये गये व्यक्ति प्रदीप यादव उर्फ चिकु यादव के पास से 12 पुडिया नशीला पदार्थ (ब्राउन शुगर) जिसका वजन करीब 0.95 ग्राम व एक स्मार्टफोन को बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ में सन्नी कुमार राय एवं प्रदीप यादव उर्फ चिकु यादव के द्वारा बताया गया है कि उपरोक्त ब्राउन शुगर को कन्हैया कुमार यादव उर्फ कन्हैया राय, पिता नामालुम, पता विधानगर रोड नबर 02 थाना सुखदेवनगर से खरीदकर बिक्री करने का काम किया करते थे। पुलिस टीम में प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक , कोतवाली , मनोज कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी सुखदेवनगर थाना, पुअनि उमेश चन्द्र महतो सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

राजस्व संग्रहण का ससमय लक्ष्य करें पूर्णः आयुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। प्रमंडलीय सभागार में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए इसमें तत्काल सुधार लाने तथा हर हाल में लक्ष्य प्राप्ति करने के निर्देश दिए गये। बैठक में परिवहन, नीलाम पत्र, खनन, उत्पाद एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा की गई। जिसमें बारी-बारी से विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की स्थिति की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

आयुक्त ने कहा कि प्रमंडल एवं जिले स्तर पर पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व सभी जिला अपने- अपने विभागो का राजस्व वसूली बढ़ाने एवं राजस्व संग्रहण में सुधार लाने का कार्य तेजी से करें। सभी एक्शन प्लान तैयार कर लें। आयुक्त ने कहा कि राजस्व संग्रहण की मॉनिटरिंग प्रमंडल स्तर से की जाएगी। सभी विभाग हर माह संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे।

जिला परिवहन पदाधिकारियों को अपने-अपने जिला में वाहनों की जांच कर वसूली करने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान चलाकर ओवरलोडिंग वाहनों एवं छोटे वाहनों के परमिट की सघन जांच करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी अवैध माइनिंग हो तत्काल रोक लगाएं। समय समय पर छापेमारी करें और आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सभी खदानों का सेक्शन मेजरमेंट कराएं। आयुक्त ने कहा कि कई घाटों से अवैध बालू उठाव किया जा रहा है। अवैध बालू का उठाव पूर्ण रूप से बंद हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाया जाए। चोरी छिपे अवैध बालू का उठाव करते हुए पकड़े जाने पर संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उत्पाद विभाग कि समीक्षा के दौरान आयुक्त ने शराब का अवैध व्यापार रोकने के लिए छापेमारी, एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बिक्री पर रोक के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नीलाम पत्र की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि नीलाम पत्र पदाधिकारी अपने कार्य में रुचि दिखाते हुए कार्य को तेजी से करें। नीलाम पत्र में लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने का कार्य करना सुनिश्चित करें। नीलाम पत्र पदाधिकारी अपने स्तर से नीलाम पत्र में दायर लंबित मामले का अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही आयुक्त ने बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारीयों को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार हरिवंश पंडित, अवर सचिव नरेश गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी , रांची, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, जिला खनन पदाधिकारी, रांची, गुमला, लोहरदगा, नीलाम पदाधिकारी एवं जिले उपस्थित थे।

शहर के चौमुखी विकास पर पदाधिकारियों व वास्तुविदों के साथ विचार-विमर्श

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। नगर आयुक्त संदीप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को निगम के पदाधिकारियों एवं झारखण्ड के सभी निबंधित वास्तुविद के साथ शहर के सतत विकास के लिए विचार-विमर्श किया गया तथा उनसे आधारभूत संरचना के विकास एवं वर्तमान में आ रही कठिनाइयों पर विस्तृत परिचर्चा की गई। बैठक में वास्तुविदों के द्वारा शहर के चौमुखी विकास के लिए कई एक बिन्दुओं यथा एफ. ए. आर., मास्टर प्लान, लेआउट प्लान, पार्किंग, निर्माण कार्यों में विचलन, पुराने भवनों का रेगुलराइजेशन, जर्जर भवनों का रेनोवेशन इत्यादि पर विभिन्न सुझाव दिये गए। जिस पर नगर आयुक्त ने सभी को आश्वस्त किया कि जो कार्य निगम स्तर से निष्पादित होने है, उसपर त्वरित कार्रवाई की जाएगी एवं जिन बिंदुओं पर राज्य सरकार की अनुमोदन की अवश्यकता है, उसपर स्पष्ट प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। इसके अलावा शहर में प्रदूषण कम करने, ग्रीन जोन बढ़ाने, ओपन स्पेस को बढ़ाने, गली- मुहल्ले की व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई और सुझाव लिए गए। बैठक में अपर प्रशासक फिलवियुस बारला, अपर प्रशासक संजय कुमार, नगर निवेशक राम बदन सिंह, नगर निवेशक शाखा के पदाधिकारी, झारखण्ड के सभी निबंधित वास्तुविद तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

सीएनजी ऑटो व ई रिक्शा चालक यूनियन की बैठक 08 दिसंबर को

रांची। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह के द्वारा 8 दिसंबर 2024 को ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित किया गया है। इस बैठक में ई रिक्शा और ऑटो चालकों की हो रही समस्या के साथ ही दलाल और यातायात थाना के मिली भगत से हो रही परेशानी पर चर्चा की जायेगी। जिसमें सभी ऑटो यूनियन के प्रदेश पदाधिकारी और ई रिक्शा चालक यूनियन के पदाधिकारी शामिल रहेंगे। वहीं दिनेश सोनी ने यह भी बताया की 15 दिसंबर 2024 को कमेटी को भंग करना है और पांच जनवरी को आम सभा कर ऑटो यूनियन एवं रक्षा यूनियन के पदाधिकारी का भी चयन किया जाएगा ताकि नया सिरे से ऑटो चालक ई रिक्शा चालकों की हक व अधिकार की लड़ाई को लड़ते हुए उन सब का ऑटो एवं ई-रिक्शा का रांची शहर में परिचालन सही तरीका से कराया जा सके।

पहाड़ी मंदिर के संचालन व अन्य मुद्दों पर बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। उपायुक्त-सह-अध्यक्ष रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को पहाड़ी मंदिर के संचालन एवं अन्य मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर उत्कर्ष कुमार, कोषाध्यक्ष, रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति कृष्ण कन्हैया एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में समिति द्वारा पूर्व की भांति मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त कर दान पत्र खोले जाने का निर्णय लिया गया। बायोमेट्रिक मशीन एवं बैटरी चलित वाहन खरीदने और इंटरव्यू कर पुजारी की नियुक्ति का निर्णय समिति ने लिया। वहीं सफाई एवं सुरक्षा एजेंसी के अवधि विस्तार पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा पूर्व की भांति अवधि विस्तार का निर्णय लिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा के मंदिर समिति इस बात का विशेष ध्यान रखें कि साफ-सफाई के लिए चयनित एजेंसी अपना कार्य सही तरीके से करें ताकि भक्तों को परेशानी ना हो। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर में आवश्यक स्थान पर सीसीटीवी लगाने और मंदिर के पीछे की ओर नियमित अंतराल पर पुलिस गश्ती कराने पर भी समिति में सहमति प्रदान की गई। अन्य एजेंडों पर भी उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एक्सएलआरआई जमशेदपुर की टीम विजयी

रांची : इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने प्रतिष्ठित वार्षिक कैम्पस प्रोग्राम सैमसंग ई.डी.जी.ई. (एंपावरिंग ड्रीम्स गैनिंग एक्सीलेंस) के नौवें संस्करण के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इस साल एक्सएलआरआई जमशेदपुर की टीम आरएसपी ने राष्ट्रीय विजेता का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने उपभोक्ताओं से जुड़ाव बढ़ाने के लिए अपनी अनूठी रणनीति के जरिए जूरी का दिल जीत लिया। टीम ने ब्रांड मैस्कॉट्स, जियो-टारगेटिंग, जेन एमजेड हॉटस्पॉट टैगिंग और मॉल एक्टिवेशन जैसे इनोवेटिव तरीकों का सुझाव दिया। इन विचारों का मकसद उपभोक्ताओं के साथ मजबूत जुड़ाव बनाना और उन्हें स्थानीय व व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से जोड़ना था। टीम के सदस्यों प्रांजलि भाटिया, सिद्धार्थ द्विवेदी और रोहन भारद्वाज को ?4.5 लाख का नकद पुरस्कार, सैमसंग के फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स और प्री-प्लेसमेंट ऑफर्स से सम्मानित किया गया। यह प्रोग्राम युवाओं को उनके व्यावसायिक कौशल, रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता को दिखाने का शानदार मंच प्रदान करता है। इस साल के संस्करण में भारत के 40 प्रतिष्ठित संस्थानों से 15,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इनमें बी-स्कूल, इंजीनियरिंग कॉलेज और डिजाइन स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र शामिल थे। ये सभी युवा प्रतिभागी नवाचार और सहयोग की भावना के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करते नजर आए। गुरुग्राम में आयोजित फिनाले में सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क सहित सैमसंग इंडिया के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

एक नजर

आरपीएफ ने भारी मात्रा में शराब बरामद किया

रांची। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। जब्त शराब की कीमत लगभग 47 हजार 910 रुपये है। एसआई दीपक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि रांची रेल मंडल में आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 18624 की जांच की। जांच के दौरान देखा कि ट्रेन के जनरल कोच के बाथरूम के पास 05 लावारिस बैग रखे हुए थे। जांच करने पर बैगों के अंदर कुल 74 बोतलें बियर और शराब विभिन्न कंपनियों के बरामद किये गए। आरपीएफ टीम ने सभी शराब को जब्त कर उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

वाजपेयी व मरांडी ने अंबेडकर को किया नमन

रांची। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। वाजपेयी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश के 'संविधान' रचयिता 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। दूसरी ओर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के पुरोधा, देश के प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने अंबेडकर को किया नमन

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया पर शुक्रवार को पोस्ट साझा किया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत ने लिखा, देश को संविधान रूपी ग्रंथ देने वाले महान नेता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शत-शत नमन। जय भीम। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है कि भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कोटि-कोटि नमन।

हटिया डैम से लापता युवक का शव बरामद

रांची। नगड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत हटिया डैम में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने डैम में शव को देखने पर इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। जानकारी के अनुसार आसपास के लोगों से पहचान कराने पर मृतक की पहचान धुर्वा निवासी आतिश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने इसके गुमशुदगी का मामला धुर्वा थाने में दर्ज कराया था। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

सृजन ने 30 बच्चों का किया दांत का इलाज

रांची। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा रांची द्वारा कोशिश संस्था मे दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सृजन शाखा की सदस्या डॉ राशि सरावगी ने 30 आर्टिस्टिक बच्चों का फ्री डेंटल चेकअप किया। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के उपचारों के साथ-साथ दांतों को ठीक से रखने की उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी बच्चों को टूथब्रश और पेस्ट दिए गए। इस कार्यक्रम में सृजन शाखा अध्यक्षा नेहा सरावगी, सचिव रीता मोदी, प्रतिमा अग्रवाल, शालू सिंघानिया, नम्रता,आदि उपस्थित थी।

अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और नवीकरण सहित अन्य बिंदुओं पर समिति ने लिया निर्णय

रांची। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग एवं यूएसजी मशीन खरीदने पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा 05 सेंटर के रिन्यूअल की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में समिति द्वारा 06 संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री एवं सर्टिफिकेट जांच के बाद चिकित्सकों की ज्वाइनिंग का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर का निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में सिविल सर्जन, डॉ. प्रभात कुमार, समिति सदस्य श्रीमती उर्वशी पांडेय, डॉ. अनुभी सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

एबीवीपी ने सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनायी अंबेडकर की पुण्यतिथि

हर युवा अपना जीवन संवार देश के विकास में बने भागीदार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई की ओर से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को सामाजिक समरसता दिवस में मनाया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मौके पर एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने छात्र शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता से ही एक सशक्त और प्रगतिशील समाज का निर्माण संभव है। जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव को समाप्त कर हम एक मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकते हैं। भारत रत्न बाबा साहब ने भारत को एक ऐसा प्रगतिशील एवं सर्वसमावेशी संविधान दिया जिसने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने के साथ-साथ देश के हर नागरिक को अपना जीवन संवार कर देश के विकास में भागीदार बनने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर जिंदर सिंह मुंडा ने छात्रों को रश्मिरथी ग्रंथ के महाभारत के पात्र कर्ण का उदाहरण देते हुए बताया कि आज वैसे नायकों की आवश्यकता है जिन्हें धर्म, समुदाय या परंपरा के आधार पर नहीं, बल्कि प्रतिभा के आधार पर पहचान मिले। राजनीति शास्त्र की प्राध्यापक डॉक्टर किरण झा ने छात्रों को बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र के लिए सर्वस्व अर्पित करने का आह्वान किया। मंच संचालन विश्वविद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज अध्यक्ष सतीश केसरी, कॉलेज मंत्री अक्षिता वर्मा, प्रदेश के सोशल मीडिया संयोजक आनंद कुमार साहा, जिला संयोजक पवन नाग, महानगर मंत्री ऋतुराज शाहदेव, नगर सह मंत्री अमन साहू, हर्ष केसरी, प्रिंस कुमार, आदित्य सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग
आम सूचना
Web Site-www.hazaribag.nic.in
PR 341356 District(24-25).D

कार्यालय-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
Mobile No. - 8987790115 Pin Code - 835207
PR 341335 (Forest, Environment and Climate Change)24-25)D

पंजाब से झारखंड आ रही अवैध शराब की बड़ी खेप गढ़वा में पकड़ी गई, तीन गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू। पंजाब के लुधियाना से झारखंड आ रही अवैध शराब की बड़ी खेप गढवा जिले में पकड़ी गयी है। इस सिलसिले में हरियाणा के दो और राजस्थान के एक तस्करी के आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब लाखों की बतायी गयी है।

एसपी दीपक पांडे ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि लुधियाना पंजाब से अवैध विदेशी शराब लदा कन्टेनर वाहन विण्डमगंज (उ.प्र.) की ओर से नगर उंटारी होते हुए बिहार एवं झारखण्ड के अन्य स्थानों पर जाने वाली है। त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वंशीधरनगर के नेतृत्त्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया।

नगर उंटारी थाना गेट व नगर उंटारी थाना क्षेत्र के सिरिया टोंगर में अवैध शराब के परिवहन के विरोध चेकिंग लगाया गया। इस बीच एक कंटेनर वाहन सं.(यूपी-21-ईटी-0940) तेजी से आया, जिसे चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल ने रोका और उसमें लोड सामान के बारे पूछा गया। चालक ने इलेक्ट्रॉनिक्स सामान लोड होने की जानकारी दी। संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। तब चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारी ने चालक से कंटेनर खोलकर दिखाने के लिए बोला गया। इस पर चालक ने अवैध विदेशी शराब लोड होने की बात कही। पुलिस और सेल्स टैक्स ऑफिसर से बचने के लिए अवैध विदेशी शराब लोड कंटेनर के आगे-आगे कार में दो व्यक्ति स्कोर्ट कर चल रहे थे। इन दोनों व्यक्तियों को भी छापेमारी दल ने पकड़ा। इस संबंध में नगर उंटारी थाना कांड सं0-241/2024, दिनांक-05.12.2024 धारा-274, 275, 292, 338, 336 (3), 111/3 (5) भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं 47 (एं) उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गणपत लाल (35) पादरडीह, पो.-सिंदास्या थाना-गुडामलानी, जिला बाड़मेर (राजस्थान), पिंटु सैनी (39) म.न.- 262, 25, गली नं.-17 मनोहरनगर, बसीरोड, पटौदी चौक, थाना न्यु कॉलोनी गुड़गांव एवं इसी क्षेत्र के अमित कुमार (41) शामिल हैं।

710 कार्टून विदेशी शराब बरामद

कंटेनर वाहन से 710 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुई है। इसके अलावा इलेक्ट्रोनिक्स सामान से संबंधित फर्जी दस्तावजे एक कार (एचआर 26 डीजेड 2900) आदि बरामद किया गया है। शराब में 425 कार्टून में 5100 पीस 750 एमएल की मैकडॉवेल की बोतल, 190 कार्टून में 9120 पीस 180 एमएल की मैकडॉवेल बोतल, 45 कार्टून में 2160 पीस 180 एमएल व्हाइट ब्लू की बोतल, 50 कार्टून में 1230 पीएस 500 एमएल की बुडवेइसेर मैग्नम की शराब बरामद हुई है।

महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को किया गया याद

नव प्रदेश संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू । प्रखंड के पथरा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परिसर में भारत संविधान निमार्ता डॉ०भीम राव अंबेड़कर के 68वां महापरिनिर्वाण दिवस पर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पथरा मे श्रद्धासुमन अर्पित की गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यपक कमलनाथ वर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपने माता पिता के चौदहवें संतान, सामाजिक स्तर की विपरीत परिस्थितियां और समस्त झंझावातों को बिना ऑफ किये हुए पढ़ाई लिखाई की। गतिविधियों को निरंतरता के साथ जारी रखना एक महान शख्स ही कर सकता है ऐसे ही न वे नौ भाषा के ज्ञाता थे ,32 डिग्रीयां थीं, देश की आजादी के महज 14दिन बाद यानि 29अगस्त 1947 को संविधान निर्माण हेतु गठित 'प्रारुप समिति' के अध्यक्ष बनाये गये जिनके अथक परिश्रम से 2वर्ष 11महीने 18दिन में संविधान बनकर तैयार हो गया। कानून की बारीक जानकारियों के कारण ही वे देश के पहले कानून मंत्री बनाये गये थे और संविधान के शिल्पकार समझे जाते हैं, विदेशों में जाकर अर्थशास्त्र में पीएचडी हासिल की, नोबल पुरस्कार विजेता अमर्त्यसेन इनके विद्वता से प्रभावित होकर इन्हें अर्थशास्त्र में पिता मानते थे, दो टूक यानि मुखर विरोध इनके द्वारा किये जाने के बदौलत कामगारों को 12-18 घंटे काम के बजाय 8 घंटे कार्य अवधि तय किया गया,साधारण मानव से महामानव की दर्जा अपने मेधा के आधार पर ही हासिल किये,अपने ज्ञान के बदौलत इस देश में ही नहीं वरन विदेशों में भी डंका बजाये,अंग्रेज भी इनके विद्वता के कायल थे, अभिवंचित वर्गों के आवाज बने और दलितों-शोषितों के लिए लोकसभा, विधान सभा के चुनाव साथ नौकरी में आरक्षण की पुरजोर मांग किये और सरकार को मानने के लिए बाध्य भी कर दिये। इनका जन्म 14अप्रैल 1891 में अस्पृश्य समझेजानेवाले 'महार 'जाति में हुआ था , पढ़ाई में भी भेद भाव बरता जाता था फिर भी वे विचार के पक्के थे, समस्त विषमताओं के बावजूद अपने लक्ष्य पर अडिग रहे। मरणोपरान्त भारत रत्न से नवाजा गया। महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर हमसब उनके विचारों को आत्मसात करने की ह्दय से प्रयास करें, यही उनके लिये सच्ची श्रद्धांजलि है।

मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कमलनाथ वर्मा, सहायक शिक्षक विनय कुमार रवि, सहायक अध्यापक कबिन्द्र कुमार पासवान, धीरेन्द्र कुमार चौधरी, अनिल कुमार पासवान, शिवजी पासवान, राजा राम व कम्प्यूटर शिक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह मौजूद थे।

पलामू में टीएसपीसी का नक्सली गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू। पुलिस ने नक्सली संगठन टीएसपीसी के दस्ता सदस्य 28 वर्षीय जितेन्द्र सिंह उर्फ मंत्री जी उर्फ अभियंता जी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। दस्ता को छोड़कर घर आने के कारण वह हथियार नहीं ला पाया था। जितेन्द्र जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सलैयाखुर्द का रहने वाला है। इसके खिलाफ आधा दर्जन आपराधिक मामले छतरपुर और नौडीहा बाजार थाना में दर्ज है। एएसपी (अभियान) राकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार दोपहर दो बजे एसपी कार्यालय के सभागार में बताया कि आज सुबह जिले की एसपी रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य जितेन्द्र सिंह उर्फ मंत्री जी उर्फ अभियंता जी नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के बाराखाड़ डैम के पास आने वाला है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर कार्रवाई की गयी। बाराखाड़ पहुंचने पर देखा गया कि एक आदमी भौवराहा पहाड़ी की तरफ से चला आ रहा है। पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन जवानों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान हुई। उसने विभिन्न कांडों में अपना अपराध स्वीकार किया है। एएसपी ने बताया कि जितेन्द्र पर आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। छतरपुर में सबसे अधिक चार और नौडीहा बाजार थाने में दो मामले दर्ज हैं। 20 मई को सलैयाखुर्द में आपसी विवाद को लेकर ग्रामीणों की बेरहमी से पिटायी की थी। इसी तरह 24 अक्टूबर को तीरूदाग के पहाड़ी पर पुलिस के साथ गोलीबारी और 4 अप्रैल को छतरपुर थाना क्षेत्र के राजडेरवा में टावरकर्मियों के साथ मारपीट में अपने दस्ते के साथ शामिल था।

एक नजर

अविनाश वर्मा ने राधाकृष्ण किशोर को दी बधाई



पलामू/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पलामू निवासी अविनाश कुमार वर्मा ने नवगठित हेमंत सोरेन सरकार में शामिल सभी मंत्री को बधाई देते हुए विशेष रूप से पालमू निवासी और झारखंड के अनुभवी नेताओं में से एक राधा कृष्ण किशोर को प्रथम मंत्री के रूप में स्थान मिलने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। विदित हो कि गत विधानसभा चुनाव में राधा कृष्ण किशोर पाटन छतरपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर अप्रत्याशित रूप से विजयी हासिल कर क्षेत्र समेत सभी राजनीतिक दलों को आश्चर्यचकित कर दिया और जिसका परिणाम हुआ कि गठबंधन की सरकार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरीयता, वरिष्ठ और अनुभव के आधार पर सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री के रूप में राधा कृष्ण किशोर को शपथ दिलाकर पलामू प्रमंडल के साथ संपूर्ण झारखंड में एक संदेश देने का काम किया जो इस बात का प्रतीक है कि अनुभव और योग्यता की कद्र सदैव होती है। एक बयान जारी कर अविनाश वर्मा ने नई सरकार से उम्मीद जताते हुए आशा व्यक्त की है कि राधा कृष्ण किशोर के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल का विशेष विकास होगा और जितनी भी दीर्घकालीन और अल्पकालीन योजनाएं जनता के हित में अधूरी है वो नए आयाम स्थापित करेंगे। अविनाश वर्मा ने व्यक्तिगत और बयान के माध्यम से राधा कृष्ण किशोर से विशेष अपेक्षा करते हुए क्षेत्र के विकास में अपने 50 वर्षों के राजनीतिक अनुभव के साथ विकास की सोंच को अमली जामा पहनाने का अनुरोध किया है जिसके जवाब में माननीय मंत्री महोदय ने जनसहयोग से जनहित में उचित और सार्थक कम उठाने का आश्वासन दिया है जो हम सबों के साथ पूरे क्षेत्र के लिए उत्साह का विषय है।

यौन शोषण की घटना देने वालों को मिले कड़ी सजा : वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट



पलामू/नवप्रदेश। डालटनगंज के बालिका गृह में नाबालिग बच्चियों के साथ यौन शोषण की घटना से पूरा पलामू हतप्रभ और आक्रोशित है। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव और मातृत्व संघ की पलामू जिलाध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने इस कुकृत्य की घोर निंदा की है और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। श्रीमति वर्मा ने कहा कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो सुरक्षा की उम्मीद भला किससे की जाए। महिलाएं गर्भ से लेकर कब्र तक असुरक्षित हैं । ऐसे में सरकार की यह जिम्मेदारी है कि मंईयां सम्मान की राशि देने से ज्यादा वो मंईयां सुरक्षा पर ध्यान दे। महिलाएं सुरक्षित हों,स्वालंबी हो यही सबसे पहली प्राथमिकता है। तमाम सरकारी और गैर सरकारी संगठनो से सादर निवेदन है कि बच्चियों को स्वरक्षा के गुर सिखाएं ताकि ऐसी परिस्थितियों में वो दरिंदों से खुद का बचाव कर सकें।साथ ही तमाम ऐसी सामाजिक संस्थाओं पर रोक लगे जो गलत कार्य कर रहे हों या गलत करने वालों को आश्रय दे रहे हों ।

दोषियों को फांसी हो : धनंजय तिवारी

पलामू/नवप्रदेश। बालिका गृह डालटनगंज में नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर लोगों में काफी आक्रोश एवं गुस्सा है। तमाम संगठनों और आम जनता ने इस कुकृत्य की घोर निंदा की है। नेशनल केयर फाउंडेशन के झारखंड राज्य के प्रभारी सह कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के पलामू जिला संयोजक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने दोषी रामप्रताप गुप्ता एवं इनके घिनौने कुकृत्य में शामिल तमाम लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा की इस कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए कम है । ऐसे घृणित कृत्य दोहराए न जाएं इसके लिए यह जरूरी है कि आरोपियों की फांसी की सजा मिले और इसमें सभी संलिप्त लोगों को दंडित किया जाए।

नवनिर्वाचित विधायक राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनाये जाने पर घूरा प्रसाद ने दी बधाई

हुसैनाबाद पलामू/नवप्रदेश । पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र (78) के नवनिर्वाचित लोकप्रिय विधायक राधा कृष्ण किशोर राम उर्फ चुनु राम को झारखंड राज्य को वित विभाग वाणिज्य कर विभाग योजना एंव विकास विभाग ससंदीय कार्य विभाग मंत्री बनाए जाने पर हुसैनाबाद प्रखंड किसान मोर्चा अध्यक्ष घूरा प्रसाद पाल झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव सैयद हसनैन जैदी मशुरूर अहमद नवल पाठक शैलेश कुमार सिंह अर्जून सिंह अंबिका सिंह जुल्फिकार अलि सहित अन्य लोग ने दी बधाई।

बाबा साहेब अंबेडकर समाज सुधारक, कुशल राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री भी थे : अमित तिवारी

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू। डॉ. भीमराव अंबेडकर के 68 वां महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी के अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी पलामू के द्वारा अंबेडकर पार्क थाना रोड मेदनीनगर में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों और विचारों की रक्षा करना आज के दौर की सख्त जरूरत है। बाबासाहेब डॉ. आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर, हम संविधान और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा ने कहा कि कहा कि बाबासाहेब ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लोकतांत्रिक मूल्यों की वकालत करने के लिए समर्पित कर दिया। वही प्रदेश कार्य समिति सदस्य दुर्गा जौहरी ने कहा कि उनके आदर्शों और विचारों के साथ-साथ राष्ट्र- भारत के संविधान - के लिए उनके सर्वोत्तम योगदान की रक्षा, संरक्षण और सुरक्षा करना समय की सख्त जरूरत है। मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष विजय नंद पाठक परशुराम ओझा अभिमन्यु तिवारी सोमेश सिंह प्रिय रंजन कुमार रूपा सिंह मंजू गुप्ता विपुल गुप्ता रीना किशोर विजय कुशवाहा सरवन गुप्ता शुभम प्रसाद अनिमेष सिंह अनिल सोनी निवेदन अग्रवाल राजहंस अग्रवाल अजय सिंह शैलेश सिंह एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निर्धारित मात्रा से कम राशन देने वाले डीलरों पर होगी कार्रवाई : विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर । पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को नीलांबर पितांबरपुर मौर्या फार्म हाउस में नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक किया। इस दौरान विधायक डॉ मेहता ने सभी जन वितरण दुकानदारों को अपने कार्य शैली सुधारने की चेतावनी दी। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि किसी भी कीमत में कम राशन वितरण करने वाले डीलर बख्शे नहीं जाएंगे। लाल कार्ड धारी को प्रति यूनिट 5 किलो राशन देना होगा। इसी तरह पीला कार्डधारी को 35 किलो राशन वितरण करना होगा। निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरण करने वाले डीलरों पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से शिकायत मिल रही है कि डीलर निर्धारित मात्रा से कम राशन दे रहे हैं। लाल कार्ड धारी को प्रति यूनिट 5 किलो की जगह चार और साढ़े चार किलो ही राशन वितरण कर रहे हैं। जबकि पीला कार्ड धारी को 35 किलो की जगह 25 किलो राशन डीलरों के द्वारा वितरण किया जा रहा है, जो नियम का विरुद्ध है। चना दाल वितरण में भी डीलरों के द्वारा कार्ड धारियों से अवैध पैसा वसूली की जा रही है। जबकि दाल का वितरण निशुल्क करना है। विधायक ने बताया कि कई डीलर अपना पीला कार्ड बनाकर गलत तरीके से राशन का उठाव कर रहे हैं। कई ऐसे डीलर है जो डबल राशन कार्ड का भी लाभ उठा रहे हैं। विधायक ने बताया कि पांकी विधानसभा में अधिकांश जन वितरण दुकानदार काफी मनमानी कर रहे हैं। जो उसे सुधार लाने की जरूरत है। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि अगर डीलर अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं करते हैं तो उनका लाइसेंस रद्द किया जाएगा। विधायक ने सभी डीलरों का निर्देश दिया है कि वे निर्धारित मात्रा में राशन का वितरण करें। जिस गांव के डीलर जिस गांव में नियुक्त है, उसी गांव में राशन वितरण करना है। जिनके नाम से लाइसेंस है, वही व्यक्ति राशन का वितरण करेंगे, उनके रिश्तेदार किसी भी कीमत में राशन वितरण नहीं करेंगे। विधायक डॉ. मेहता ने एमओ आलोक पांडेय को निर्देश दिया है कि जो डीलर पीला कार्ड और डबल राशन कार्ड का लाभ ले रहे है, उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। विधायक ने कहा कि राशन वितरण को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा। डीलरों को हर हाल में निर्धारित वजन में राशन वितरण करना होगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण सुचारू रूप से कराने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा, जो अपने देख-देख में लाभुकों को निर्धारित वजन में राशन वितरण करेंगे। सभी डीलर ससमय लाभुकों को राशन वितरण करना सुनिश्चित करें। विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने पलामू उपायुक्त से मिलकर राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले डीलरों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। मौके पर एमओ आलोक पांडेय, एजीएम विनय कुमार, नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष बिंदु तिवारी, वीरेंद्र मेहता, ललित मेहता, पूर्व मुखिया अजय पासवान, सुधीर तिवारी, मुन्ना असलम, दुलारचन सिंह, दिलीप तिवारी, मुन्ना दुबे, रामनाथ राम समेत काफी संख्या में डीलर मौजूद थे।

बराही धाम में बनेगा विश्व का सबसे ऊंचा मां दुर्गा का मंदिर

नव प्रदेश संवाददाता

- 14 अप्रैल 2025 को होगा भव्य भूमि पूजन समारोह



हुसैनाबाद पलामू । झारखंड का ऐतिहासिक बराही धाम अब विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने जा रहा है। यहां 351 फीट ऊंचा मां दुर्गा मंदिर और 151 फीट ऊंचा नवग्रह मंदिर बनाया जाएगा। यह मां दुर्गा का विश्व का सबसे ऊंचा मंदिर होगा। इसकी आधारशिला 14 अप्रैल 2025 को भूमि पूजन के साथ रखी जाएगी। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम समिति ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इस भव्य परियोजना की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने की। इस मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह, सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, संजय कुमार सिंह, अयोध्या सिंह टिकैत, कुश कुमार सिंह , हीरा सिंह , मुखिया सुदामा यादव,मुख्य रूप से मौजूद थे।प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने बताया कि बराही धाम में विश्व की सबसे बड़ी माँ भगवती की मंदिर बनाने का निर्णय शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा लिया गया है। साथ ही यंहा 151 फिट की नवग्रह का मंदिर बनाया जाएगा।कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि इससे क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह ने बताया कि 105 फीट ऊंची हनुमानजी की प्रतिमा पहले ही बराही धाम को विशिष्ट बनाती है। यह प्रतिमा विश्व की पहली दक्षिणमुखी हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित है। उन्होंने बताया कि 105 फीट की हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान खुदाई में शेर पर सवार मां दुर्गा की प्रतिमा प्राप्त हुई थी। इसके बाद ही विश्व की सबसे ऊंची मां दुर्गा मंदिर बनाने का ट्रस्ट के लोगों ने संकल्प लिया था । इस धाम में विगत दो वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया जाता है।

धार्मिक महत्व और वैदिक शिक्षा का केंद्र : बराही धाम पहले से ही झारखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। यहां श्रद्धालु देश के विभिन्न हिस्सों से दर्शन के लिए आते हैं। इस मंदिर परिसर में वैदिक शिक्षा केंद्र भी संचालित है। जो धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को और बढ़ाता है।

भूमि पूजन में रामभद्राचार्य महाराज होंगे शामिल : विश्व के सबसे ऊंचे माँ भगवती के मंदिर की आधारशिला 14 अप्रैल 2025 को रखी जायेगी ।इस ऐतिहासिक मंदिर के भूमि पूजन के अवसर पर प्रसिद्ध संत रामभद्राचार्य स्वामी जी महाराज के अलावा देश के कई साधु संत शामिल होंगे। ट्रस्ट के सदस्यों का कहना है कि इस मंदिर का निर्माण बराही धाम को वैश्विक धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करेगा। यह मंदिर धार्मिक आस्था को नया आयाम देगी साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

कई धर्मप्रेमियों के अलावा ग्रामीण रहे मौजूद : मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम के सदस्यों के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे मौके पर मुख्य रूप से आचार्य शिव कुमार झा, कमला सिंह, राजेश्वर सिंह, धनंजय सिंह बब्लू सिंह जितेन्द्र कुमार सिंह धर्मप्रेमी मनोज कुमार गुप्ता, पिंटू सिंह, प्रभात कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मंगल यादव, बलि यादव के अलावा कई लोग मौजूद थे।

जनसमस्याओं के समाधान को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील : दीपक

- जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारी समस्याओं का समाधान कर जनता को करें संतुष्ट
- सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्य में विकास को मिलेगा गति
- दीपक तिवारी ने नयी कैबिनेट में शामिल सभी माननीय मंत्रीगणों को दी बधाई

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू। झामुमो के युवा नेता व इंडियन रोटी बैंक के झारखंड प्रदेश कॉर्डिनेटर दीपक तिवारी ने राज्य के जिलों में तैनात व कार्यरत पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य कर्मियों से राज्य सरकार के विकास में सहभागी बनने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन आमजनों की समस्याओं के निष्पादन को लेकर तत्पर रहें। योजनाओं के लाभ से वंचित व पीड़ित व्यक्तियों के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें संतुष्ट करने का कार्य करें। उन्होंने कहा है कि राज्य में झामुमो नेतृत्व की सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ विकास कार्यों में जूट गई है। हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही राज्य में विकास की लंबी लकीर खींची है। कैबिनेट विस्तार के बाद सरकार में शामिल ऊजार्वान मंत्री विकास कार्यों को गति देने में जुटे हैं। उन्होंने नयी कैबिनेट में शामिल सभी माननीय मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य के जनता की समस्याओं का निराकरण को लेकर सरकार तत्पर और प्रतिबद्ध है। दीपक तिवारी ने जिला, प्रखंड व पंचायत स्तरीय सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य कर्मियों से सरकार के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जिस तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ आम जनता की समस्याओं को दूर करने में जूटी है, उसी तरह स्थानीय प्रशासन संवेदनशील रवैया अपनाते हुए जनता की हरेक समस्याओं का समाधान कर उन्हें संतुष्ट करने का कार्य करें। अधिकारी, कर्मचारी जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित करें, ताकि जनता के बीच सरकार की जो सकारात्मक छवि बनी है वह और प्रगाढ़ हो सके। पदाधिकारी, कर्मी जनता को गलत आश्वासन देने से बचें। जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुने और समस्याओं का शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से निष्पादन कर उन्हें संतुष्ट करें। जनता की समस्याओं पर त्वरित और संतुष्टिपरक निष्पादन से सरकार पर लोगों की भरोसा बनी रहेगी। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की सत्ता हथियाने को लेकर तरह-तरह के षडयंत्र रचा, लेकन राज्य की जनता ने उन्हें सबक सिखाने का काम किया और अबुआ सरकार को पूर्ण जनादेश देकर अबुआ राज का गठन किया। ऐसे में उन्हें उम्मीद भी है और राज्य सरकार भी जनसमस्याओं के समाधान के लिए पहले ही दिन से कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 'मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना' से राज्य की महिला-बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। वहीं सर्वजन पेंशन योजना का लाभ एक निर्धारित आयुवर्ग के लोगों को मिल रहा है। साथ ही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से छात्राओं को लाभान्वित किया जा रहा है। अबुआ आवास योजना से लोगों को अच्छादित किया जा रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को भी पक्का घर का सपना साकार हो रहा है। दीपक तिवारी ने सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को पारदर्शी तरीके लाभान्वित किये जाने का अनुरोध स्थानीय प्रशासन से किया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं से लाभान्वित करने में किसी तरह की कोई भेदभाव नहीं बरती जाए। सरकार ने जिस उद्देश्य के साथ योजनाएं लाई है, उसे धरातल पर उतारने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर लोगों को काफी भरोसा है। पदाधिकारी-कर्मी इस भरोसा पर खरा उतरें और लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें।

जन शिकायत निवारण का किया गया आयोजन

उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या निदान को लेकर दिये कई दिशा-निर्देश

- लोगों की समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उत्कर्ष गुप्ता

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, जमीन संबंधी, अनुकंपा एवं मुआवजा राशि संबंधी जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

जन शिकायत में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने लोगो को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। इसके अलावे जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के अंतिम व्यक्ति को मिले इस पर विशेष ध्यान दें। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : डीसी

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार। लातेहार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माननीय उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से सम्बंधित वादों में प्रति शपथ पत्र दायर किये जाने की विभागवार समीक्षा किया गया। विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, विधि शाखा प्रभारी अनिल मिंज,अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

ठंड को देखते हुए चौक चौराहे पर अलाव की मांग

महुआडांड़/नवप्रदेश । प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज ने सीओ से प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौक चौराहा में ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है।उन्होनें कहा कि इन दिनों प्रखंड में शीत लहर के साथ ठंड भी काफी बड़ा हुआ है।जिससे ध्यान में रखकर रामपुर चौक, बिरसा चौक, शास्त्री चौक, बस स्टैंड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलाव की व्यवस्था प्रशासन द्वारा करने की मांग की है।

अवैध गिट्टी लदा दो हाईवा वाहन जब्त

महुआडांड़/नवप्रदेश । महुआडांड़ अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा एवं थाना प्रभारी अवनीश कुमार के द्वारा छापेमारी अभियान के दौरान महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरूंद, नावाटोली से दो अवैध गिट्टी (छर्री) लोड हाईवा वाहन (वाहन संख्या जेएच 01 एफजे 2908, जेएच 01 एफएफ 9930 जप्त किया गया।इस संबंध में थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया की दोनों हाईवा वाहन में गिट्टी (छर्री) लोड था। जिसका चालान मांगने पर वाहन चालक के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया।जिस पर वाहन जप्त कर महुआडांड़ थाना लाया गया है।अंचलाधिकारी के निर्देश पर दोनों वाहनों का चालान किया जाएगा। इस संबंध में अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा ने बताया कि उपयुक्त लातेहार के आदेशानुसार प्रखंड क्षेत्र में आगे भी छापेमारी जारी रहेगा।

बालूमाथ : भाजपा नेता सह कोयला व्यवसायी के घर अपराधियों ने की अंधाधुंध फायरिंग

- पुलिस ने गोलियों का खोखा बरामद किया
- आपराधीक घटना का ग्राफ बढ़ जाने से क्षेत्र में दहशत है, यथाशीघ्र नकेल कसे पुलिस : प्रकाश राम विधायक

नव प्रदेश संवाददाता



लातेहार। बालूमाथ थाना क्षेत्र में इन दिनों में अपराधियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार के शाम लगभग 5:30 बजे कोयला कारोबारी मुकेश सिंह के बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित आवास पर अज्ञात अपराधियों ने गोली बारी जैसे घटना को अंजाम दिया है । घटना का मिली जानकारी के अनुसार तीन की संख्या में बाइक से आये नकाबपोश अपराधियों ने मुकेश सिंह का ब्लॉक कार्यालय के पास एन एच 22 के बगल में स्थित आवास पर नकाबपो अपराधियों ने गेट के पास से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। शहर के बीचो-बीच इस तरह की घटना होने से लोगों में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है ।अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की जिससे गोली गेट पर लग गयी और कुछ दीवाल पर। इस घटना का पूरा रिकॉर्ड सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है जिसमें दो अपराधी गोलीबारी करते दिख रहे हैं। घटनास्थल पर पुलिस गोली के खोखा भी बरामद की है।

गैंगस्टर मयंक सिंह ने लिया घटना का जिम्मा

मामला लेवी से जुड़ा हुआ लगता है। घटना के चंद घंटे बाद ही गैंगस्टर मयंक सिंह ने गोलीबारि घटना का जिम्मा लिया है। गैंगस्टर ने सोशल मीडिया पर पूर्व घटनाओं के जिम्मा के तरह हीं इस बार भी गैंगस्टर मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर घटना का जिम्मा लिया है। गैंगस्टर ने कोयला कारोबारी ,कंस्ट्रक्शन कंपनी आदि को धमकी देते हुए कहा है कि बिना मैनेज किए काम किया तो अंजाम बुरा होगा।

घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी विनोद रवानी घटना का लिया जायजा

वहीं घटना के जानकारी पाकर बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे घटना का जायजा लिये। मौके पर डीएसपी ने कहा कि जिस किसी ने घटना का अंजाम दिया है वो जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।अपराधियों को धर पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना की जानकारी पाकर क्षेत्रीय विधायक प्रकाश राम भाजपा नेता के घर जाकर घटना का जानकारी दिया और कहा कि इस तरह के अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। शहर के टाउन क्षेत्र में जहां से महेश दूरी पर डीएसपी ऑफिसझ्र ब्लॉक है। वहां अपराधी बे खौफ होकर गोलीबारी जैसे घटना का अंजाम दे रहे हैं। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस से बात कही।

भाजपा ने की मनिका विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनी

नव प्रदेश संवाददाता

मनिका। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के चारदीवारी में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी प्रेम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुरूआती के पहले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाया गया एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने मनिका विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के हार पर चिंतन मंथन किया गया। जिसमें कई कार्यकर्ताओं ने चुनाव हार का कारण आपसी गुटबाजी भीतर घात का कारण बताया। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा की पार्टी विरोधी कार्य करने वाले लोगो पर पार्टी करावाई करेंगी। मौके पर राजधानी प्रसाद यादव, जिला महामंत्री बंसी यादव, ईश्वरी सिंह, कौशल किशोर प्रसाद, शंकर दुबे, मंदीप कुमार, लव कुमार दुबे,अमरेंदर कुमार,समेत मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव संचालन समिति, शक्ति केंद्र का संयोजक सह संयोजक समेत कई लोग उपस्थित थे।

महुआडांड़ थाना पुलिस के द्वारा आईआरबी कैंप के समीप चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

महुआडांड़/नवप्रदेश । पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार शुक्रवार को महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आईआरबी कैंप के समीप ए एस आई नौशाद अहमद एवं पुलिस बल के जवानों के द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान दर्जनों बिना हेलमेट पहने बाइक सवारों को पकड़ कर उनका वाहन जप्त किया गया। जिन्हें शाम में सड़क सुरक्षा संबंधित हिदायत देते हुए छोड़ गया। इसी महीने में क्रिसमस और नए वर्ष का त्योहार भी हैं। जिसके उत्साह में लोग शराब का सेवन कर वाहन चलाते हैं। जिसे देखते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा यह सराहनीय कदम है।

टेम्पू और ट्रक की टक्कर में दो घायल

सतबरवा/ पलामू (नव प्रदेश)। शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे सतबरवा पुराना थाना के पास रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर खड़ी टेम्पू में तेज गति आ रही एक ट्रक ने पीछे जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार टेम्पू पर सवार होकर छह छात्राएं सतबरवा से मेदिनीनगर कोचिंग करने जा रही थी, इसी दौरान पीछे से आ रही एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया और फरार हो गया। इस दौरान चालक सरवर मियां का हाथ और पैर दोनों फ्रेक्चर हो गया तथा छात्रा रिया कुमारी का सर फट गया। दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी को नवजीवन अस्पताल तुम्बागाडा में भर्ती कराया गया, जहां से रिया कुमारी की गम्भीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने रांची रेफर कर दिया है, बाकी का इलाज तुम्बागाड़ा में किया जा रहा है।

एक नजर

रामकुमार भगत ने अन्याय के विरुद्ध शहादत स्वीकार किया, समझौता नहीं : प्रकाश राम

लातेहार/नवप्रदेश। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद चौक (मुरपा मोड़) में रामकुमार भगत स्मारक शेड में प्रतिमा का अनावरण लातेहार विधायक प्रकाश राम ने रामकुमार भगत के पुण्य तिथि के अवसर पर शुक्रवार को किया। उक्त प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने अपने संबोधन में उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए कहा कि रामकुमार भगत ने अन्याय के विरुद्ध शहादत स्वीकार किया, परन्तु उन्होंने समझौता नहीं किया। विधायक ने कहा कि रामकुमार भगत का सामाजिक कार्यों में सहभागिता आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा रामकुमार भगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बारी बारी से श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को रामजी सिंह, प्रेम प्रसाद गुप्ता, त्रिवेणी साहू, मो जुबैर, रामजी जायसवाल, रामनाथ सिंह, मोतीउर्रहमान लक्ष्मण कुशवाहा समेत कई लोगों ने संबोधित कर रामकुमार भगत से जुड़े अपनी स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन पप्पू सिंहा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन रंजीत जायसवाल ने किया. मौके पर अभिषेक शुभम, दीपक भगत, राजकुमार भगत, ललित किशोर जायसवाल शमीर्ला अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनी



लातेहार/नवप्रदेश। संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का आज 68 वीं पुण्यतिथि बहुजन समाज पार्टी के द्वारा स्वामी विवेकानंद पार्क मे उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया। जिला प्रभारी मुनेश्वर राम ने संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर जी के अथक प्रयास त्याग और बलिदान से जो अधिकार आम जनता को प्राप्त हुआ है, उस अधिकार का हनन लातेहार में खुल्लम-खुल्ला हो रहा है। कोलियरी खुला हुआ है। लोगो की जमीन चला गया है। मुआवजा नहीं मिल रहा है और नौकरी नहीं मिल रही है। मंइयां सम्मान देकर के मूल कार्य की समस्या को अनदेखी किया जा रहा है। जिससे समाज में अंबेडकर जी के मूल भावना के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वहीं बसपा प्रत्याशी प्रकाश कुमार रवि ने पुष्पांजलि अर्पित कर अंबेडकर जी को एक महान समाज सुधारक व प्रशासनिक सेवा में जनता को भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाए। जिससे हम लोगो को आज जीने का अधिकार प्राप्त हुआ है। इस दौरान पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच कलम और कॉपी का वितरण किया गया। स्वावलंबन के लिए किसानों के बीच कृषि बीज और मच्छरदानी का भी वितरण किया गया। मौके पर लातेहार विधानसभा प्रभारी आदित्य कुमार रंजन झारखंड प्रांतीय जिला महासभा पूर्व जिला अध्यक्ष अजय राम चंद्र राम बसपा के पूर्व उपाध्यक्ष अध्यक्ष कामेश्वर राम चंद्रवंशी शशि कुमार बिगावन राम महेंद्र राम दीपेश कुमार रवि समेत अन्य मौजूद थे।

आदिवासी समाज की संस्कृति काफी समृद्ध एवं अनुकरणीय है : अनीता देवी

लातेहार/नवप्रदेश । शुक्रवार को कोमर ग्राम में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा की 18वीं वर्षगांठ का आयोजन किया गया, जिसमें अनीता देवी उपाध्यक्ष जिला परिषद शामिल हुई। आदिवासी समाज में इसे झंडागडी कहते हैं 'मौके पर उपस्थित जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बताया गया की आदिवासी समाज एवं उनकी संस्कृति काफी समृद्ध एवं अनुकरणीय है। आदिवासी प्रकृति के पुजारी होते हैं 'इतना समृद्ध होने के बाद भी आज आदिवासी समाज में भी आधुनिक शिक्षा की आवश्यकता महसूस की जा रही है 'आधुनिक शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो आदिवासी समाज एवं संस्कृति को सहेजकर रखे और युवक युवतियों को सही दिशा में आगे बढ़ने को प्रेरित करे। आजकल देखा जाता है कि कुछ युवक युवती आधुनिक शिक्षा के नाम पर आदिवासी भाषा एवं संस्कृति से दूर हो रहे हैं ,जो कहीं से भी सही नहीं है ' आदिवासियों की पहचान उनकी भाषा और संस्कृति ही है, जिसे हम सभी को मिलकर और समृद्ध बनाने की आवश्यकता है।

आंगनबाड़ी केंद्र तुरी टोला के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

चंदवा/नवप्रदेश। कामता पंचायत की आंगनबाड़ी केंद्र तुरी टोला (कामता) के बच्चों के बीच सेविका नैयर सुलताना, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत ने संयुक्त रूप से स्वेटर का वितरण शुक्रवार को किया, यह स्वेटर बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से उपलब्ध कराया गया था। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने बताया कि राज्य सरकार की स्वेटर वितरण योजना बहुत ही अच्छी है, आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ाई करने वाले नवनिहाल बच्चों को ठंड के मौसम में स्वेटर दिया जा रहा है, बच्चे एक जैसा स्वेटर पहनकर आते हैं तो काफी अच्छे लगते हैं, साथ ही ठंड में स्वेटर से इन्हें राहत भी मिलेगी, सभी अभिभावकों को प्रत्येक दिन अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की आग्रह किया, कहा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई के साथ बच्चों को कई अन्य चीजें भी सिखाई जाती है, केंद्र में खेल खेल में ही बच्चे कई चीज सीख जाते हैं, केंद्र में बच्चों को पॉष्टिक आहार अंडे जैसे कई खाने पीने की भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, सेविका नैयर सुलताना, जनवितरण प्रणाली दुकानदार शाहीद खान, सहायिका मीना देवी, सहिया नसबुन बीवी, तबरेज खान, तारा खान, सीता देवी, आशा देवी, मुनीका देवी, राजमनी देवी, आरती देवी, पानेश्वरी देवी, प्रतिमा देवी, सुनीता देवी, कारी देवी व अन्य मौजूद थे।

स्थानीय लोगों के विरोध के कारण सड़क चौड़ीकरण का मामला अटका

नव प्रदेश संवाददाता



लातेहार । नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 में सड़क निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने संवेदक से टूटी हुई नालियों को बनाकर सड़क चौड़ीकरण की मांग भी की है। हालांकि संवेदक ने आश्वासन दिया कि सड़क के साथ टूटी हुई नालियों को भी बनाया जाएगा। परंतु गुरुद्वारा रोड मोहल्ला वासी रामधनी प्रसाद के द्वारा नाली निर्माण को अपनी भूमि बताकर विरोध किया जा रहा है। जबकि स्थानीय लोगों ने कहा पूर्व में भी यहां नाली बनाया गया था, लेकिन नाली की स्थिति काफी जर्जर है। नाली के साथ सड़क एक साथ बन जाने से सड़क चौड़ी होंगी, जिससे मोहल्ले में जाम की स्थिति नहीं बनेगी। इधर नाली निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने के कारण स्थानीय लोगों में मायूसी है। लोगो ने कहा कि नगर पंचायत के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी इसका हल नहीं निकाला गया है।

मगध परियोजना में 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मना

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार । बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित सीसीएल के मंगध संघमित्रा एरिया द्वारा संचालित मगध परियोजना में खान सुरक्षा महानिदेशालय राँची क्षेत्र के तत्वाधान में परियोजना में दिनांक 06 दिसंबर 2024 को 67वा वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोहपूर्वक मनाया गया जिसकी अध्यक्षता मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने की।04 दिसंबर 2024 से 13 दिसंबर 2024 तक चलने वाले इस सुरक्षा सप्ताह में मगध परियोजना का निरीक्षण खान सुरक्षा निदेशक आफताब अहमद,आई आई.एस.ओ. ऑब्जर्वर नीरज कुमार सहित पिपरवार क्षेत्र की दल ने किया जिसमे कन्वेनर पिपरवार परियोजना के परियोजना पदाधिकारी जे.के.सिंह, पिपरवार परियोजना के प्रबंधक एस.के. सिंह, पिपरवार परियोजना के परियोजना अभियंता(वि. एवं यां.) पवंत कुमार, उत्खनन अभियंता मिथिलेश कुमार, सर्वेक्षक जे.मण्डल एवं वर्कमैन इंस्पेक्टर डी.गोस्वामी मौजूद थे।खान सुरक्षा निदेशक और उनकी निरीक्षण दल ने पहले मगध परियोजना के कार्यालय परिसर में स्तिथ वीआईपी गेस्ट हाउस पहुँची जहाँ पर उन्होंने सुरक्षा सप्ताह में हो रही गतिविधियों का जायजा लिया एवं महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारीयों से बातचीत की। साथ ही साथ मगध परियोजना पर एक संक्षिप्त प्रस्तुत की गई प्रस्तुति भी देखी। सुरक्षा संबंधित विषयों पर चर्चा के बाद खान सुरक्षा निदेशक एवं उनकी दल मगध परियोजना में स्तिथ क्षेत्रीय गुणवत्ता कार्यालय समीप कार्यक्रम स्थल पहुँची जहाँ सभी अथितियों का औपचारिक स्वागत पगड़ी पहनाकर परंपरागत संथाली नृत्य के साथ किया गया।इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आफताब अहमद ने सुरक्षा ध्वज फहराकर सभी को सुरक्षा की शपथ दिलवाने के साथ द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण कर जानकारियां ली। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने सुरक्षा शपथ ली कि वे सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अपने आपको समर्पित करेंगे तथा सभी वैधानिक प्रावधानों का पालन करने हेतु प्रयत्न करेंगे। सुरक्षा शपथ में इस बात पर जोर दिया गया कि मगध-संघमित्रा (सीसीएल) परिवार शून्य क्षति दक्षता प्राप्त करने हेतु हर संभव प्रयास करेगा। साथ ही साथ अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले सभी कोयला कामगारों के लिए एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद नाटक एवं अन्य नृत्य, संगीत सुरक्षा संदेश को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किए गए। दर्शकों के मनोरंजन और जागरूक करने के लिए खदान में सुरक्षा संबंधित विषयों पर नाटक भी प्रस्तुत किए गए। साथ ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भी कामगारों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।मौके पर मुख्य अथिति खान सुरक्षा निदेशक आफताब अहमद ने मगध परियोजना की सुरक्षा संबंधित कदमों की प्रशंसा की और कहा कि सुरक्षा संबंधित स्टॉल्स लगाना एवं लोगो को इसकी जानकारी देना मगध परियोजना सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि परिवार, संस्थान व देश के विकास के लिए सुरक्षित काम करना जरूरी है। खदानों में इस प्रकार के आयोजन से खदानों में कार्यरत कर्मचारी अपनी सुरक्षा को लेकर तत्पर रहेंगे तथा उन्हें बेहतर तरीके से प्रशिक्षित किया जा सकता है। साथ ही साथ खनन कंपनियों के सुरक्षा उपायों में अपनाई जाने वाली डिजिटलीकरण प्रक्रिया पर भी जोर दिया। इस मौके पर संगीत, नृत्य और नाटक की भी प्रशंसा की जिसके माध्यम से लोगो को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।समारोह के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कन्वेनर जे.के.सिंह ने कहा कि खान सुरक्षा निदेशालय के निदेर्शानुसार सुरक्षा सप्ताह का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना है। किसी भी खदान के लिए वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह वार्षिक परीक्षा के समान होता है। उन्होंने कहा कि खदान में कोयला का उत्पादन जरूरी है लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी सुरक्षा मानकों का पालन करना जरूरी है मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री नृपेन्द्र नाथ ने सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कई बताते कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस उत्सव का उद्देश्य खदान श्रमिकों के साथ-साथ अधिकारियों के बीच सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना तथा विभिन्न स्तरों पर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना और बिना दुघर्टना सुरक्षित उत्पादन करना है।

जिले के लोगों को जल्द मिलेगी इको पार्क की सौगात

2 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से बक्सीडिप्पा जंगल में पार्क निर्माण का कार्य हुआ प्रारंभ

रोशन कुमार

लोहरदगा। जिले के लोगों को जल्द ही मिलेगा इको पार्क की सौगात। जिससे पर्यावरण प्रेमी के साथ साथ प्रकृति के छांव में समय बिताने वाले लोगों के लिए एक शानदार अहसास मिलेगा। जी है लोहरदगा वन विभाग द्वारा इको पार्क बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। शहर से सटे वन विभाग के वन परिसर के समीप स्थित बक्सीडिप्पा जंगल के बीचों बीच इस इको पार्क का निर्माण किया जा रहा है। जिससे जिले के लोगों को एक क्वालिटी टाइम बिताने का मौका मिलेगा। इस इको पार्क के निर्माण में 2 करोड़ 95 लाख रुपए खर्च होंगे। वन विभाग द्वारा बनाए जा रहे है इस इको पार्क में पहले फेज में पथ वे का निर्माण किया जा रहा है । उसके पश्चात 2 बीएचके रेस्ट हाउस बनाया जाएगा,साथ ही इस इको पार्क में फूड कोर्ट(कैंटीन) का निर्माण किया जाएगा। साथ ही इको पार्क में सुरक्षा को लेकर पूरे पार्क के चारों ओर बाउंड्री वाल का निर्माण होगा। बच्चो के लिए झूला आदि का भी निर्माण किया जाएगा। लगभग 5200 स्क्वायर फुट में ये इको पार्क बनेगा। लोहरदगा जिले का पहला ऐसा पार्क होगा जहां रहने के साथ साथ खाने पीने की पूरी व्यवस्था उपलब्ध होगी। इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि लोहरदगा जिले लोगों के लिए ये नया अनुभव होगा। पहले चरण का कार्य 2025 तक पूर्ण करना है। जिसके लिए विभाग से लगभग 1 करोड़ 38 लाख रुपए मिल चुका है। उन्होंने कहा कि 2025 के अंतिम में महीने तक इस पार्क को पूरा होने की संभावना है । इस पार्क के निर्माण होने से जिले के लोगों को जंगल के बीचों बीच समय बिताने और आनंद लेने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा जिले में कई और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्लानिंग की जा रही है जल्द ही जिले के जलप्रपात सहित अन्य जगहों पर भी इस दिशा में कार्य प्रगति में होगा।इसके लिए विभाग द्वारा तैयारी की जा रही है।

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर अधिकारियों ने किया माल्यार्पण

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा/नवप्रदेश। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय समीप स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया। इस मौके पर बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी ली गई। इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक नीलम सुषमा सारेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों ने भी माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धसुमन अर्पित किया।



विद्यालय के बच्चों द्वारा शिक्षक की हुई पिटाई मामले को लेकर बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। जिला के सदर प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्राह्मणडीहा में शुक्रवार को एक पारा शिक्षक के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आया है। विद्यालय के पारा शिक्षक राजेंद्र लकड़ा के साथ कथित तौर पर स्कूल के कुछ विद्यार्थियों द्वारा मारपीट किए जाने की बात कही जा रही है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों का एक पक्ष पारा शिक्षक पर ही आरोप लगा रहा है। पारा शिक्षक राजेंद्र लकड़ा से जब फोन पर बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके साथ कुछ विद्यार्थियों ने मारपीट की है। उन्होंने अपना इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में कराया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में केला के जगह अंडा देने की मांग करने से कुछ शिक्षक उनसे नाराज हो गए थे । इधर इस मामले में स्कूल की प्रधानाध्यापिका और ग्रामीण पारा शिक्षक को ही दोषी बता रहे हैं। पूरे घटनाक्रम को लेकर स्कूल में ग्रामीण और शिक्षकों की बैठक भी हुई। जिसमें विवाद को खत्म करने का प्रयास किया गया। घटना को लेकर स्कूल का माहौल खराब हो गया था। जिसकी वजह से पठान-पाटन भी प्रभावित हुआ। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक को भी दी गई है। फिलहाल विभाग के स्तर से इस मामले में कोई पहल नहीं हुई है। अब विभागीय जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

क्षेत्र में योजनाओं की गति में तेजी लाएं : बीडीओ

बीडीओ ने मनरेगा सहित कई योजनाओं का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

कैरो। मनरेगा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ साथ आवास निर्माण व अन्य विकास योजनाओं का सफल संचालन को लेकर लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रखंड के गुड़ी पंचायत का निरीक्षण किया। जिसके तहत मनरेगा द्वारा संचालित सिंचाई कूप, बागवानी, नाडेप टैंक, टीसीबी, आवास निर्माण इत्यादि कार्य स्थल में जाकर भौतिक सत्यापन किया। इस मौके पर आवास निर्माण के वैसे लाभुक जो या तो आवास कार्य प्रारंभ नही किया है अथवा अधूरा में छोड़ दिया है वैसे सभी लाभुकों को अपील के साथ निर्देश दिया कि जल्द स्व जल्द कार्य को पूर्ण करें। वहीं मनरेगा से जुड़ी अन्य योजनाओं को लेकर पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व मनरेगा कर्मियों को कहा कि कोई भी योजना हो उसे गुणवत्ता पूर्ण तरीके से ससमय पूरा कराने के लिए सजग रहें। ताकि विकास का काम गांव गांव में पहुँच सके। गुड़ी, चिपो, नगड़ा सहित गांवों में जाकर एक एक योजना को बारीकी के साथ निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, मुखिया, पंचायत सचिव आनंद कुमार सिंह, आवास समन्वयक दिनेश कुमार, रोजगार सेवक मंसूर अंसारी, अधिश खाखा सहित प्रखंड कर्मी, जनप्रतिनिधि व लाभुक मौजूद थे।

एक नजर

केंद्र सरकार को हठधर्मिता छोड़ किसानों से करनी चाहिए वार्ता : सुखदेव भगत

लोहरदगा/नवप्रदेश। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि

पिछली बार की तरह ही किसान एमएसपी के लिए विरोध कर रहे हैं। इस बार वह भूमि अधिग्रहण कानून जिसमें चार गुना रैयतो को मुआवजा देने से संबंधित प्रावधान है एवं अन्य मुद्दे है । जो किसान को खेत में होना चाहिए वह आज सड़कों पर है। केंद्र सरकार को हठधर्मिता त्याग कर अविलंब किसान हित में किसानों के प्रतिनिधिमंडल से उनकी समस्याओं का निदान करने के लिए वार्ता करना चाहिए। अन्नदाता के मामले में केंद्र सरकार को संवेदनशील होना होगा।

सीएम सिक्योरिटी में प्रतिनियुक्त अशोक कुमार सिंह के पिता का हुआ निधन

लोहरदगा/नवप्रदेश। सीएम सिक्योरिटी में प्रतिनियुक्ति अशोक कुमार सिंह के

78 वर्षीय पिता तथा सेवानिवृत हवलदार राजेन्द्र प्रसाद सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। लोहरदगा एमजी रोड़ अवस्थित इलाहाबाद बैंक के पीछे रह रहे राजेंद्र प्रसाद सिंह का आकस्मिक निधन शुक्रवार की सुबह हो गई। जिसके बाद पलामू प्रमण्डल अंतर्गत मोहम्मदगंज थाना के भाली स्थित पैतृक गांव ले जाने के बाद शुक्रवार को ही बनारस में उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृदुभाषी व व्यवहार कुशल रहे राजेन्द्र प्रसाद सिंह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनके आकस्मिक निधन से राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के अलावा विभिन धार्मिक संगठन से जुड़े लोग मर्माहत हैं। अशोक सिंह से जुड़े लोगों के अलावा विभिन्न समाज और संगठन के लोगों ने दुख जताया है।

भंडरा पंचायत समिति की बैठक में योजनाओं को लेकर हुई समीक्षा, कई मुद्दों पर चर्चा

भंडरा/नवप्रदेश। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार पंचायत समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें कार्यवाहक प्रमुख राजमनी उरांव की अध्यक्षता में पंचायत समिति कार्मिकों के साथ क्षेत्र में चल रही योजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा की गई। बैठक मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया-बैठक में अबुवा आवास,प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, पेंशन सत्यापन, राज्य वित्त आयोग, 15वां वित्त आयोग योजनाओं की जानकारी दी गई और सभी को निर्देशित किया गया कि योजनाओं से संबंधित जो भी कार्य हैं, वह समय पर पूरे किए जाएं।विधानसभा चुनाव के बाद आचार संहिता हटने के बाद रुके हुए कार्य को गति प्रदान कर विकास की गति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है। इस बैठक में बीडीओ प्रतिमा कुमारी, उपप्रमुख राजमनी उरांव, पंसस रीना देवी, मनीष अग्रवाल,महिपाल भगत,कनिष्ठ सहायक सहित कई अन्य मौजूद थे।

लोहरदगा एकता सोसाइटी की मदद से बची मरीज की जान

लोहरदगा/नवप्रदेश। लोहरदगा एकता सोसाइटी के मदद से रांची आलम हॉस्पिटल में इलाजरत मरीज ग्राम कोलडीहा जिला गिरिडीह के रहने वाले मोहम्मद सादिक को ब्लड देकर मदद की। मरीज को इलाज के दौरान डॉक्टर ने एक यूनिट ब्लड ओ नेगेटिव की कमी बताई। मरीज के परिजन खून की तलाश में रांची के कई संगठनों से मदद की गुहार लगाई पर किसी ने उनका सहयोग नही किया। काफी परेशान होने के बाद लोहरदगा एकता सोसाइटी के पदाधिकारी जीशान खान से संपर्क किया जिसके बाद जिशान खान ने सोसाइटी के पदाधिकारी संजय पांडे से बात किया। संजय पांडे ने मरीज की परेशानी को समझा और फौरन तत्परता दिखाते हुए लोहरदगा सदर अस्पताल जाकर एक यूनिट ओ नेगेटिव ब्लड डोनेट कर इंसानियत का मिशाल पेश की।

समवेशी शिक्षा के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

भंडरा/नवप्रदेश । समावेशी शिक्षा के तहत भंडरा मिडिल स्कूल में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय वार्षिक समावेशी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शामिल दिव्यांग बच्चों ने काफी उत्साह के साथ गोली चम्मच प्रतियोगिता, पेंटिंग, सौ मीटर रेस, 50 मीटर रेस, म्यूजिकल चेयर, बिस्कुट रेस, बैलून फूलाव, बास्केट बॉल आदि प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रोसोर्स शिक्षक शबाना खातून, बीपीओ रामविजय खलखो, बीआरपी निशांत कुमार, बेबी कुमारी, सीआरपी अभिमन्यु कुमार आदि का सहयोग रहा।

शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें अभिभावक : अजय तिर्की

नव प्रदेश संवाददाता

भंडरा। उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बिट्पी में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया .इस मौके पर शिक्षक एवं अभिभावकों के बीच विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था पर आपसी सलाह का आदान-प्रदान हुआ. मौके पर आठवीं से लेकर 12वीं कक्षा तक में पढ़ने वाले बच्चों की बोर्ड की परीक्षा की तैयारी विशेष रूप से करने का निर्णय लिया गया. 10वीं एवं 12वीं कक्षा में छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत आवश्यक कर दी गई है .जिन छात्रों की उपस्थिति 75% नहीं होगी वैसे छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने की इजाजत नहीं दी जाएगी .छात्रों को प्री बोर्ड परीक्षा मॉडल स्टेट परीक्षा में भाग लेना एवं उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा. शिक्षको ने अभिभावकों से कहा कि छात्रों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए. बाल पंजी में अभिभावकों की सहयोग की आवश्यकता बताई गई . केजी से लेकर सातवीं कक्षा के छात्रों को एस वन की तैयारी एवं आधार आईडी संबंधित समस्याओं पर अभिभावकों को ध्यान देने की बात कही गई. शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों को प्रधानाध्यापक अजय तिर्की ने सहयोग के लिए धन्यवाद दिया मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

विधानसभा चुनाव में हार से कार्यकर्ता निराश हैं, हताश नहीं : सुनीता सिंह

भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यालय में की समीक्षा बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी को मिली हार को लेकर समीक्षा बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप उपस्थित प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुनीता सिंह ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में हमे उम्मीद के अनुरूप रिजल्ट नही मिले।जनता ने हमे जो अपना मत दिया है हम उनका शुक्रिया अदा करते है। भाजपा एवम अन्य सहयोगी कार्यकर्ता चुनाव में कड़ी मेहनत किये,परन्तु हमे हार मिली।इससे कार्यकर्ता निराश जरूर है पर हताश नही।उन्होंने कहा कि हम अगले पांच साल दुगुनी उत्साह के साथ छेत्र में लोगो की समस्यों को समाधान करने की दिशा में कार्य करते रहेंगे और जनता का दिल जीतेंगे।जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि जीत हार सिक्के के दो पहलू है।इससे घबड़ाने के बजाय हम अपनी कमियों को दूर कर दुगुनी शक्ति से संगठन को मजबूत करने एवम लोगो के बीच सेवा कार्य करने की प्रेरणा से कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है।हम जनता से किये वादों को लेकर पुनः उनके बीच जाएंगे। ओम सिंह ने कहा कि हम विधान सभा के एक-एक बूथ की समीक्षा कर रहे है।कार्यकर्ताओ में उत्साह की कमी नही है।चुनाव में हार जीत लगी रहती है।आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए हम सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुटे रहेंगे।बैठक में पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू,अजय पंकज, हर्षनाथ महतो,अनिल उराँव,महामंत्री पशुपति नाथ पारस, संजय कुमार, सामेला भगत, मीना बाखला, सरस्वती देवी, अशोक साहू, राजेन्द्र महतो, बालकृष्णा सिंह, कृष्णा मोदी, बाल्मीकि कुमार, मिथुन तमेडा, पंकज कुमार भारती, यदुनंदन तिवारी, विश्वजीत भारती, सचिन कुमार, सत्यम कुमार, टीपू खान, राजकुमार मुंडा, विवेक चौहान सुरेश बैठा,प्रकाश नायक लक्ष्मी नारायण भगत मीनाक्षी देवी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। जिले में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, लोहरदगा के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीओ मंजू कुमारी, बीआरपी सीमा शर्मा, त्रिसंध्या प्रजापति, सीआरपी जीतेंद्र मित्तल, रिसोर्स शिक्षक शीलवंती मिंज और तकनीशियन धीरज पटेल के द्वारा किया गया। बीआरपी सीमा शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षकेत्तर गतिविधियों में भी पारंगत करना और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखता है।

30 दिव्यांग बच्चों ने लिया भाग

खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड लोहरदगा के विभिन्न विद्यालयों के 30 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 50 मीटर दौड़, कविता प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, बैलून फुलाव, पेंटिंग प्रतियोगिता, सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, बिस्किट रेस, म्यूजिकल चेयर आदि का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें 50 मीटर दौड़ में आयुषी लकड़ा, प्रथम, ज्योति उरांव द्वितीय और सतमी उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में ज्योति उरांव प्रथम, सतमी उरांव द्वितीय और तन्मय उरांव तृतीय स्थान प्राप्त की। कविता प्रतियोगिता में तारामणि तिग्गा सृष्टि कुमारी,धृति साहू आदि ने भाग लिया। इसी तरह गीत प्रतियोगिता में प्रथम धृति साहू द्वितीय शिवानी कुमारी,तृतीय सृष्टि कुमारी ने स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार अन्य स्पधाओं में भी प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीमा शर्मा, बीआरपी, लोहरदगा, त्रिसंध्या प्रजापति, बीआरपी लोहरदगा, जीतेंद्र मित्तल, सीआरपी, लोहरदगा, धीरज पटेल, थैरेपिस्ट, शीलवंती मिंज, रिसोर्स शिक्षक और अन्य ने आवश्यक सहयोग किया।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 को

◆ 11 प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिये जायेंगे नकद पुरस्कार

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। जिला खेल कार्यालय, नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में 13 दिसंबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत टाऊन हॉल गुमला में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साइंस सिटी गुमला में विज्ञान मेला, चित्रकला, कविता लेखन, कहानी लेखन का आयोजन किया जाएगा। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग लेंगे। इसमें कुल 11 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागी को गुमला जिले का स्थायी रूप से निवासी तथा जिले के किसी शैक्षिक संस्थान का छात्र होना चाहिए। उत्सव में नृत्य, गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताएं होंगी। पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 11 दिसंबर दोपहर 3 बजे तक है। इच्छुक युवा जिला खेल कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

विजेता प्रमंडल स्तर पर लेंगे भाग : जिला स्तरीय युवा उत्सव के विजेताओं को प्रमंडल स्तर प्रतियोगिता में भाग लेंगे का मौका मिलेगा। इसके विजेता खेलकूद व युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग ले सकेंगे। राज्य स्तर के विजेताओं को 12 जनवरी 2025 से दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस में शामिल होने का मौका मिलेगा। **प्रतियोगिता और पुरस्कार की राशि :** सामूहिक लोकनृत्य, लोकगीत और विज्ञान मेला (सामूहिक) में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 7000, 5000 और 3000 रुपये पुरस्कार के रूप में दिये जायेंगे। भाषण प्रतियोगिता के पहले स्थान के प्रतिभागी को 5000, दूसरे को 2500 व तीसरे को 1500 रुपये दिये जायेंगे। विज्ञान मेला (एकल) के पहले, दूसरे व तीसरे विजेता को क्रमशः 3000, 2000 व 1500 रुपये दिये जायेंगे। एकल लोकगीत व लोकनृत्य में क्रमशः 2500, 1500 व 1000 रुपये दिये जायेंगे। कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला व मोबाइल फोटोग्राफी के पहले स्थान के प्रतिभागी को 2500, दूसरे को 1500 व तीसरे को 1000 रुपये नकद पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत कराना होगा, जिसका प्रिंट फॉर्म के साथ जमा किया जाना है।

जिलास्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जायेगा, जिसमें युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए अनूठा मंच मिलेगा। इस कार्यक्रम के तहत कुल 11 प्रतियोगितायें आयोजित होंगी, जिनमें नृत्य, गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी आदि प्रमुख हैं। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रमंडल स्तर के विजेताओं को खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही, राज्य स्तर पर विजयी प्रतिभागियों के दल को 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने एव अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु नेहरू युवा केंद्र गुमला,ठरर एवं जिला खेल कार्यालय गुमला द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा।

गुमला जिले के सभी 15 से 29 वर्ष के युवा इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित हैं। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल युवाओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वेश्वर मुंडा ,नेहरू युवा केंद्र ,मोबाइल न - 7766003796, एनएसएस नोडल पदाधिकारी, जीभवानी रजक ,मोबाइल नंबर - 9523706139 एवं रोहित कुमार, जिला खेल कार्यालय ,मोबाइल नंबर - 8579879010 से संपर्क किया जा सकता है।

एक नजर

अधेड़ की पत्थर से कूच कर हत्या

चैनपुर (नव प्रदेश)। चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चांदगो गांव में 50 वर्षीय अधेड़ की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गई। 50 वर्षीय बिगु मुंडा पिता स्व. केशवर मुंडा की पत्थर से मारकर हत्या क्यों की गई है इसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, हत्या का कारण पुराने रंजिश को बताया जा रहा है। कुरूमगढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चेतन ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमराह भेज दिया गया है। वही हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके साथ ही, हत्या के कारणों का खुलासा भी जल्द होगा।

राज्यस्तरीय टीम ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

डुमरी (नव प्रदेश)। प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर भागीटोली का राज्य से आए नेशनल क्वालिटी एसोरेंस सर्विसेस के तहत टीम की निरल कुजूर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मरीजों को दी जाने वाली सुविधा, रख रखाव सहित स्वास्थ्य उपकेंद्र के संचालन हेतु सही दिशा निर्देश देना ही भ्रमण का उद्देश्य है। इससे पूर्व यहां उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा पुष्प गुच्छा देकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनीत आनंद, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अलबेल केरकेट्टा, एकाउंटेंट इंदु कुमारी, बी पी एम राजेश केरकेट्टा, सीएचओ सरिता टोप्पो, एन एम सुषमा टोप्पो, सुकेश टोप्पो, बी टी टी शांता टोप्पो, एजरस टोप्पो सहित अन्य सहिया उपस्थित थे।

मनरेगा की समीक्षा बैठक में कार्यों का निरीक्षण

चैनपुर (नव प्रदेश)। चैनपुर प्रखंड परिसर में शुक्रवार को मनरेगा के लोकपाल शाहबान शेख ने प्रखंड में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। इस बैठक में प्रखंड में चल रहे मनरेगा कार्यों का गहन निरीक्षण किया गया। समीक्षा के दौरान सुधीर कुजूर और मदल देवी का बिरसा सिंचाई कूप का निरीक्षण किया। इसके अलावा स्वासंती कुजूर, अमरजूस लकड़ा और विजेता लकड़ा के आम बागवानी कार्यों का भी अवलोकन किया गया। इस मौके पर लोकपाल ने सभी संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और चेतावनी दी कि यदि कार्यों में कोई गलती पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में मुख्य रूप से रोजगार सेवक मंझार सिद्दीकी, मनोज कुमार, अनीता, अनुकंपा टोप्पो, विनय, जेई सुमित टोप्पो और एई संजय उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस प्रकार की समीक्षा बैठकें मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अधिकारियों ने सभी कार्यों को समय पर और सही तरीके से पूरा करने पर जोर दिया, ताकि ग्रामीण विकास की योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की जा सकें।इन प्रयासों से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन को रोके रोजगार से जोड़े, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी तेजी आएगी।

चड़कमारा में लघु व कुटीर उद्योग के लिए प्रशिक्षण

बहरागोड़ा (नव प्रदेश)। बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाथरी पंचायत अतंर्गत चड़कमारा गांव में शुक्रवार को झारखंड मुख्यमंत्री लघु एवं कुटिर उद्यम विकास बोर्ड (झारखंड सरकार का उपक्रम) की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान से पच्चीस दिवसीय पेपर बैग का प्रशिक्षण की शुरूआत पाथरी पंचायत के मुखिया तड़ित मुंडा की उपस्थिति में शुभारंभ की गई। वहीं मुखिया ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं को आथिर्क स्वावलंबन के लिए सरकार तत्पर है। साथ ही प्रखंड उद्यमी समन्वयक रूपचांद हेम्ब्रम ने बताया कि पंचायतस्तर में रोजगार मुहैया कराने के लिए कौशल उन्नयन योजना के तहत पेपर बैग, लिफाफा, फाइल, इत्यादि बनाने के लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा कुल 20 आर्टिसन को प्रशिक्षण दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सह श्रमिक मित्र सत्यवान पैड़ा द्वारा किया गया।

भारत आदिवासी पार्टी ने डॉ भीमराव अंबेडकर को किया माल्यार्पण



जमशेदपुर (नव प्रदेश)। भारत आदिवासी पार्टी की ओर से डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन के नेतृत्व मे पुराना कोर्ट आंबेडकर चौक साकची में डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर को संविधान का जनक कहा जाता है। 06दिसंबर 1956 को उनकी मृत्यु हुई थी। हर साल 06 दिसंबर के दिन को बाबा साहब की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे का कारण है बाबा साहेब को सम्मान और श्रद्धांजलि देना है। भारतीय संविधान के निमार्ता, समाज सुधारक, बुद्धिजीवी और चिंतक डॉ भीमराव अंबेडकर ने जो देश को दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर कृष्णा हांसदा, विजय कुजूर, मदन मोहन सोरेन,सुनील बनसिंह, बिनोय मिंज आदि उपस्थित थे।

गोदरेज इंटीरियो ने जमशेदपुर में खोला नया स्टोर

जमशेदपुर (नव प्रदेश)। गोदरेज एंटरप्राइजेस ग्रुप की ओर से गोदरेज एंड बॉयस की अग्रणी होम एंड ऑफिस फर्नीचर बिजनेस यूनिट, गोदरेज इंटीरियो ने जमशेदपुर में अपना नया स्टोर खोला है। 5,000 वर्गफीट में फैला यह स्टोर पूर्वी भारत में ब्रांड की रिटेल पहुंच बढ़ाएगा। मरीन ड्राइव स्थित बिंदल मॉल में खुले स्टोर में होम फर्नीचर, गद्दे, डाइनिंग फर्नीचर और होम स्टोरेज उत्पाद उपलब्ध हैं। उद्घाटन की खुशी में गोदरेज इंटीरियो द्वारा अपने होम फर्नीचर उत्पादों पर 35 प्रतिशत तक की छूट और मुफ्त फर्नीचर जीतने का मौका दे रहा है। इस नए स्टोर के उद्घाटन के बारे में गोदरेज इंटीरियो के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड, कंज्यूमर बिजनेस, डॉ. देव नारायण सरकार ने कहा, जमशेदपुर में हमारा यह नया स्टोर अपने ग्राहकों के घरों को प्रीमियम गुणवत्ता, फंक्शनलिटी और सुंदरता प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हमें उम्मीद है कि वित्तवर्ष 2025 तक इस स्टोर का वार्षिक राजस्व बढ़कर 5 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।

दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

नव प्रदेश संवाददाता

डुमरी (गुमला)। डुमरी थाना क्षेत्र के नवाडीह पंचायत अंतर्गत बिर्री पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक की सीधी भिड़ंत होने से मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में अनमोल कुजूर (35) पिता लाजरुस कुजूर ग्राम बिर्री एवं पिंगल मिंज (30) पिता एडवर्ड मिंज के नाम शामिल हैं। वहीं घायलों में जेम्स मिंज (45) पिता स्व. गब्रियल मिंज ग्राम बिर्री, प्रताप केरकेट्टा पिता बसिल केर-केट्टा (30) भेलवतला एवं माइकल बरवा (32) पिता प्रकाश बरवा भेलवतला के नाम शामिल हैं। शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार से आ रहे बाईक सवार विपरीत दिशा से आ रहे बाईक से सीधे टकरा गए जिससे सभी सड़क पर ही बिखरे पड़े हुए थे। वहीं ग्रामीणों एवं राहगीरों के सहयोग से 108 नंबर में फोन किया व पुलिस प्रशासन को सूचना दिया गया। सूचना के बाद मौके पर एंबुलेंस के पहुंचने पर सभी मृतकों एवं घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया वहीं तीन गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है। वहीं दोनों शव को डुमरी एसआई मनोज कुमार के नेतृत्व पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर अस्पताल पहुंच नवाडीह मुखिया चेतनलाल मिंज एवं जूरमु मुखिया प्रदीप मिंज ने घायलों का हाल जाना साथ ही दुर्घटना को लेकर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों का ढांढस बंधाया।

महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर को श्रद्धांजलि

जमशेदपुर। बाबासाहेब आंबेडकर का निधन 6 दिसंबर 1956 को उनके दिल्ली स्थित आवास पर हुआ था।भारत वर्ष का संविधान निर्माण में बाबा भीम राव आंबेडकर ने अहम योगदान निभाया। बाबा भीमराव आंबेडकर को अपने शुरूआती जीवन में काफी भेदभाव का सामना करना पड़ा था और उन्होंने तभी ठान लिया था कि वो समाज को इस कुरीति से मुक्ति दिलाने के लिए हमेशा ही तत्पर रहेंगे। हर वर्ष डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है।जमशेदपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता सह सोनारी थाना शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू ने कहा यह दिन खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने सामाजिक समानता, न्याय और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया और कर रहे है।

राबिया एजुकेशनल ट्रस्ट ने ठंड से बचने के लिए कुष्ठ रोगियों को दिया शॉल

नव प्रदेश संवाददाता

जमशेदपुर। राबिया एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के ट्रस्टी जावेद अख्तर खान एवं मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर मुख्तार आलम खान, अहमद उल्लाह खान ने ठंड से बचने के लिए कुष्ठ रोगियों को अपने हाथों से शॉल ओढ़ाया ताकि ठंड के मौसम में जो लोग भीख मांग कर अपना गुजरा करते है उन्हें ठंड न लगे इससे बचने के लिए ऐसे कुष्ठ रोगियों को शाल दिया गया। जावेद अख्तर खान ने कहा कि आने वाले दिनों में ट्रस्ट के तरफ से इस तरह के बेसहारा जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर उन्हें इस तरह की सेवाएं ठंड के मौसम में दी जाती रहेगी। मुख्तार आलम खान ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से राबिया एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट ने हमेशा बेसहारा जरूरतमंद लोगों की मदद की है और आगे भी इसे पीछे नहीं हटेगी और जब भी ऐसी जरूरत पड़ेगी उनके लिए राहत का काम ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। काफी समय से ट्रस्ट के द्वारा सबर बस्तियों के लिए भी सेवाएं प्रदान की जा रही है।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर डालसा ने बैंक अधिकारियों के साथ की बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

जमशेदपुर। राष्ट्रीय लोक अदालत, जो 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित की जाएगी, के मद्देनजर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक व्यवहार न्यायालय कैम्पस में डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में विभिन्न बैंक के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई। उक्त बैठक में एलडीएएम के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक समझौते युक्त मामले का समाधान करने पर जोर दिया। साथ ही बैंक अधिकारियों से कहा गया कि वे ऐसे मामलों की पहचान करें जिनमें समझौते के माध्यम से निपटारा किया जा सकता है और इनका निवारण लोक अदालत के मंच पर किया जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य विवादों का समाधान त्वरित और सुलभ तरीके से करना है, ताकि आम लोगों को न्याय प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। डालसा सचिव ने सभी बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लें और राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में अपना योगदान सुनिश्चित करें। यह लोक अदालत जनता के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें न्यायिक प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने की कोशिश की जा रही है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक मंगल कालिंदी का किया स्वागत

जमशेदपुर। जमशेदपुर प्रखंड के प्रमुख, उपप्रमुख और पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा आज जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय में फिर से विधायक बने पर जुगशालाई विधायक मंगल कालिंदी को सम्मानित और उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों का विधायक ने आभार प्रकट किया। मौके पर विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि विकास कार्य एवं आम लोगों का कार्य सुचारू रूप से हो इसके लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। यदि आपको लगता है कि जिला व राज्य में हमारे माध्यम से कोई काम हो सकता है जिसे आम जनता की समस्या का समाधान हो ,तो आप जरूर बताएं हर समस्या का समाधान कराया जायेगा। मौके पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार और बीडीओ उपस्थित थे।

प्राकृतिक पेंट मार्ट का उद्घाटन

जमशेदपुर। शुक्रवार को पर्यावरण-अनुकूल और स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से, भुइयाँडीह, जमशेदपुर में प्राकृतिक पेंट मार्ट का उद्घाटन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार के पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज सिंह, विनायक होम मेकर के निदेशक सूरज भदानी, कैनरा बैंक के मंगेश रामानाथन, गंगाराम हॉस्पिटल के चेयरमैन बिनोद सिंह, फाउंडर ज्योति बाला एवं तकनीकी सलाहकार मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल थे।

अंबेडकर के सपनों का समाज बनाने का संकल्प लें युवा : पुरेंद्र

नव प्रदेश संवाददाता

आदित्यपुर। शुक्रवार को आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति के द्वारा भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर आदित्यपुर- 2 स्थित अंबेडकर चौक पर आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति के अध्यक्ष व आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने हमें शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर के गुरु तथागत बुद्ध, ज्योति राव फुले, कबीर ने पूरे देश को शिक्षा, समानता और मानवता का संदेश दिया था, लेकिन आज कुछ लोग संविधान सम्मत अधिकारों को कटौती करने का असफल प्रयास करने में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों को संविधान सम्मत आरक्षण लेने में 40 वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा, तब जाकर 1992 में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू हुई। कार्यक्रम में लक्ष्मण प्रसाद लच्छू, सकला मारडी, विनोद जायसवाल, उमाशंकर राम, रामजी शर्मा, लोजपा प्रदेश सचिव मनोज पासवान, यदुनंदन राम, दुर्गा पंडित, भरत राम, विमल दास, दुर्गा बैठा, सुरेंद्र प्रसाद, सिमरन मेहरा, फुलेश्वर शाह आदि शामिल थे।

विधायक सविता महतो से मिले राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव

तिरूलडीह। ईचागढ़ के राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव से शुक्रवार को ईचागढ़ के विधायक सविता महतो उनके परसुडीह खासमहल स्थित आवास पहुंचकर मुलाकात किया। इस दौरान राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव नें विधायक सविता महतो को पुष्प गुच्छ देकर जीत का बधाई व शुभकामना दिया। इस दौरान राजा प्रशांत कुमार के परिजनों नें विधायक सविता महतो को सॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक सविता महतो काफी देर उनके आवास में रुककर विभिन्न मुद्दे पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर सपन सिंह देव, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, उदय आदित्यदेव व उनके परिजन उपस्थित थे।

गीता भवन में श्री हरिवंश महापुराण के दूसरे दिन रविकांत वत्स महाराज ने कहा

नारायण के आदेश पर ब्रह्मा ने की थी श्रृष्टि की रचना

नव प्रदेश संवाददाता



जमशेदपुर। भगवान नारायण के आदेश के बाद ब्रह्मा ने श्रृष्टि की रचना की थी। इसके बाद ही उतान पाद के वंश के रूप में ध्रुव पैदा हुए। सोनारी के दोमुहानी स्थित गीता भवन में श्री हरिवंश महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। महापुराण के दूसरे दिन व्यास पीठ से श्रृष्टि की रचना का वर्णन करते हुए हरियाणा के यमुना किनारे से आए रविकांत वत्स महाराज ने ये बातें कहीं।

उन्होंने बताया कि श्रृष्टि की रचना के दौरान भगवान नारायण ने पहले जल की उत्पत्ति की इसलिए उन्हें 'नार' कहा गया। प्रलय के समय भगवन श्यन मुद्रा में थे इसलिए 'नारायण' कहलाएं। जल में ही उन्होंने एक भ्रूण स्वरूप में ब्रह्मा को स्थापित किया। इसके दो टुकड़े हुए, पहला टुकड़ा स्वर्गलोक जबकि दूसरा टुकड़ा पृथ्वीलोक बना। वहीं बीच का हिस्सा आकाश बना। इसके बाद ब्रह्मा को जीवन का विस्तार करने का आदेश भगवान नारायण ने दिया जिसके बाद ब्रह्मा ने लोभ, क्रोध, द्वेष और अंहकार की उत्पत्ति की। इसके बाद उन्होंने सप्तऋषि (वशिष्ठ, विश्वामित्र, कश्यप, भारद्वाज, अत्रि, जमदग्नि, गौतम) की उत्पत्ति की लेकिन फिर से श्रृष्टि नहीं बढ़ने पर उन्होंने अपने नाक से भगवान शंकर के गण के रूप में रुद्र और शंकादि ऋषि की उत्पत्ति की। फिर भी श्रृष्टि का विकास नहीं होने पर ब्रह्मा के दो हिस्से हुए। एक से मनु और दूसरे से सतरूपा की उत्पत्ति हुई जिन्होंने 10 हजार वर्ष तक तपस्या की। इनसे दो पुत्र (उतान पाद व प्रियवत) और तीन पुत्री (आकृति, देउति व प्रसूति) की उत्पत्ति हुई। उतान पाद के वंश के रूप में भगवान ध्रुव पैदा हुए और इनके ही वंशज राजा वेन, अंशावतार के रूप में पृथु हुए जिन्होंने पृथ्वी ने जिन औषधियों को अपने उदर में छिपा लिया था उसे प्रजा के कल्याण के लिए फिर से प्राप्त किया। इसके बाद ब्रह्मा ने कश्यप व अगस्ता से सूर्य (मार्तण्ड) उनके पुत्र शनि, यम, चंद्रमा व बुध की उत्पति की।

1000 चतुर्भुज ब्रह्मा का एक दिन

महाराज रविकांत ने महापुराण में भगवान ब्रह्मा के दिन की गणना करते हुए बताया कि 1000 चतुर्भुज बीतने पर ब्रह्मा का एक दिन और 1000 चतुर्भुज रात बीतने पर ब्रह्मा का एक रात होता है। 71 चतुर्भुज एक मनु की आयु होती है जिसे मनवंतर कहा जाता है। एक मनवंतर मनु का एक काल है। 14 मनवंतर में से अभी सांतवां वैभ संवत मनवंतर चल रहा है।

बोकारो पुलिस ने रिटायर्ड बीएसएल कर्मी पर जानलेवा फायरिंग मामले का किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार

महिला ने रची थी हत्या और लूट की घिनौनी साजिश

नव प्रदेश संवाददाता



बोकारो। बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में 1 दिसम्बर को 67 वर्षीय रिटायर्ड बीएसएल कर्मी ललन सिंह पर गोली चलाकर उन्हें घायल करने के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस मामले में एक महिला सहित दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी के अनुसार, आरोपियों ने योजना बनाई थी कि वे ललन सिंह की हत्या करेंगे और उनके घर जाकर पैसे लूटेंगे, लेकिन उनकी योजना सफल नहीं हो पाई। ललन सिंह एक मनी लेंडर हैं, जो पैसे उधारी पर देते हैं। आरोपियों को शक था कि उनके पास काफी पैसा होगा, इसलिए उन्होंने षड्यंत्र रचकर ललन सिंह को उस जगह बुलाया और गोली चला दी। यह महिला पिछले छह महीने से ललन सिंह के संपर्क में थी। इस घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी ने एक दोस्त से मोबाइल फोन उधार लिया था। सेक्टर 12 थाना में मामला संख्या 136/2024 दिनांक 1 दिसम्बर 2024, धारा 118 (2)/109/3(5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया। वादी ललन सिंह के बयान पर यह मामला दर्ज किया गया। मामले में आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया। इस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सबूतों के आधार पर इस

मामले में शामिल मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रोशन कुमार उर्फ देव कुमार (20 वर्ष) शामिल हैं, जिनका स्थायी पता चंद्रपुरा, महाराजगंज, जिला छपरा, बिहार है, जबकि वर्तमान पता दुंदी बाग झोपड़ी, बीएस सिटी, बोकारो है। दूसरे आरोपी की पहचान पुष्पा उर्फ सुमन देवी (26 वर्ष) के रूप में की गई है, जिनका पता सेक्टर 12/बी, जोड़ा टावर, बोकारो है, जबकि स्थाया पता बेलहट, भागलपुर, बिहार है। रोशन कुमार का एक आपराधिक इतिहास भी है। वह पहले भी एक मामले में शामिल रह चुका है, जिसका मामला संख्या सिटी/48 है, जिसमें धारा 18/302/324/326/34 आईपीसी लगाई गई थी। पुलिस ने इस मामले से संबंधित कई महत्वपूर्ण सामान जब्त किए हैं, जिनमें एक देशी पिस्टल और एक गोली (कार सहित) शामिल है। इसके अलावा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (नंबरः जेएच09एजे8642) और दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो युवकों को दबोचा

बोकारो। पुलिस ने बोकारो के दुंदीबाग भुइयां पट्टी में अवैध हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के पास से एक लोडेड देशी कट्टा और जिंदा गोली बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी लूटपाट और क्षेत्र में दबदबा बनाने के लिए हथियार रखे थे। बताया गया कि गुरुवार की रात लगभग 10 बजे, पुलिस अधीक्षक बोकारो, मनोज स्वर्गियारी को गुप्त सूचना मिली कि बीएस सिटी थाना क्षेत्र के दुंदीबाग भुइयां पट्टी में कुछ अपराधी अवैध हथियारों के साथ एक अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए हैं। सूचना के आधार पर, पुलिस अधीक्षक ने पुलिस उपाधीक्षक, नगर आलोक रंजन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया। पुलिस टीम ने दुंदीबाग भुइयां पट्टी के एक झोपड़ी से दो युवकों को पकड़ा और उनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद की। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उन्होंने लूटपाट करने और क्षेत्र में अपना दबदबा बनाने के लिए ये हथियार रखे थे। पुलिस ने एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली उनके पास से जब्त किया। गिरफ्तार किए गए युवकों के नाम विकास कुमार (20 वर्ष) और आदित्य कुमार महतो (19 वर्ष) है। दोनों दुंदीबाग बाजार के निवासी है। छापामारी दल में शामिल अधिकारी में पुलिस उपनिरीक्षक सुदामा कुमार दास (सिटी थाना प्रभारी), संजय कुमार (सेक्टर 4 थाना प्रभारी), सुभाष चंद्र सिंह (सेक्टर 12 थाना प्रभारी), प्रभात कुमार, महती बोयपाय, उमेश कुमार सिंह, सिद्धे सिंह, इलियास अंसारी शामिल थे।

चुनाव को लेकर कई अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र किया दाखिल

नव प्रदेश संवाददाता

तेनुघाट (बेरमो)। झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद रांची के आदेश के आलोक में अधिवक्ता संघ तेनुघाट का सत्र 2024/26 का चुनाव को लेकर शुक्रवार 6 दिसंबर को अध्यक्ष पद के लिए कामेश्वर मिश्रा एवं बद्री नारायण पोद्दार, उपाध्यक्ष पद के लिए वेंकट हरि विश्वनाथन एवं मोहितोष चक्रवर्ती, महासचिव पद के लिए रमेंद्र कुमार सिन्हा, अभिषेक मिश्रा, वकील महतो एवं वकील प्रसाद महतो, सहायक सचिव प्रशासन पद के लिए शंकर ठाकुर, कोषाध्यक्ष पद के लिए गणेश तिवारी एवं आनंद श्रीवास्तव, सहायक कोषाध्यक्ष पद के लिए चंद्रशेखर प्रसाद तथा कार्यकारिणी समिति सदस्य पद के लिए अनील कुमार प्रजापति, धर्मवीर कुमार जायसवाल एवं नरोतम प्रसाद ने नामांकन पत्र खरीदा। वहीं अध्यक्ष पद के लिए कामेश्वर मिश्रा एवं बद्री नारायण पोद्दार, उपाध्यक्ष पद के लिए वेंकट हरि विश्वनाथन, महासचिव पद के लिए रमेंद्र कुमार सिन्हा एवं वकील प्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष पद के लिए आनंद श्रीवास्तव, तथा कार्यकारिणी समिति सदस्य पद के लिए अनील कुमार प्रजापति एवं धर्मवीर कुमार जयसवाल ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। मालूम हो कि झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद रांची द्वारा मनोनीत पर्यवेक्षक मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव भी तेनुघाट पहुंच चुनाव प्रक्रिया की जानकारी चुनाव पदाधिकारी से ली और उन्हें कई तरह के दिशा निर्देश भी दिए। चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा, उमेश प्रसाद और बिनोद कुमार गुप्ता के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। वहीं उनके साथ मनोज कुमार, मजहर जानी और पंकज कुमार झा भी सहयोग करेंगे। उक्त चुनाव में शुक्रवार 6, 7 और 9 दिसंबर को नामांकन पत्र की जांच और दाखिल किया जाएगा। 10 दिसम्बर को नामांकन पत्र की जांच तथा 11 दिसम्बर को नाम वापसी की तिथि है। 20 दिसम्बर को मतदान और गिनती होगी। उक्त बातों की जानकारी चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा ने दी।

बीएड कॉलेज कैंपस में अवैध बालू भंडारण को लेकर छापेमारी, जब्त

नव प्रदेश संवाददाता

चंद्रपुरा (बेरमो)। बीएड कॉलेज कैंपस में अवैध बालू भंडारण को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी में अंचल अधिकारी चंद्रपुरा नरेश बर्मा, खनन निरीक्षक सीताराम टुडू शामिल थे। बोकारो के दुग्दा थाना क्षेत्र के स्वामी रामकृष्ण परमहंस शिक्षक महाविद्यालय के कैंपस में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू भंडारण को लेकर चंद्रपुरा अंचल अधिकारी तथा सीताराम टुडू तथा दुग्दा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से की छापेमारी। अवैध तरीके से बालू के भंडारण की छापेमारी के दौरान स्वामी रामकृष्ण परमहंस शिक्षक महाविद्यालय के संचालक तथा निर्देशक शंकर स्वर्णकार मौके पर मौजूद थे। अंचलाधिकारी नरेश वर्मा ने महाविद्यालय के संचालक शंकर स्वर्णकार से कागजात तथा भंडारण की कागजात की मांग की संचालक ने किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं दिया। अंचलाधिकारी नरेश वर्मा तथा खनन निरीक्षक सीताराम टुडू ने अवैध बालू के भंडारण को जप्त करते हुए दुग्दा पुलिस को निर्देश देते हुए कहा की इस भंडारण से किसी भी प्रकार का बालू का उठाव नहीं होना चाहिए। वही मीडिया से बात करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि चंद्रपुरा प्रखंड तथा अंचल में किसी भी प्रकार का बालू की लीज तथा खरीद बिक्री पर रोक लगा हुआ है महाविद्यालय के संचालक से बालू के भंडारण से संबंधित कागजात की मांग की गई है। कागज दिखाने में असफल होते हैं विधि संमत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही खनन निरीक्षक सीताराम टुडू ने बताया की 6000 सी एफ टी बालू तथा 700 सी एफ टी स्टोन चिप्स का भंडारण पाया गया है। जिसे जब्त कर थाना को सुपर्द किया गया है। महाविद्यालय के संचालक तथा निर्देशक शंकर स्वर्णकार ने कहा कि यह बालू का भंडारण विद्यालय के निर्माण हेतु ठेकेदार के द्वारा रखा गया है। वह ठेकेदार ही बता सकता है कि बालू कहां से लाकर जमा किया है।

बांग्लादेश से संबंध समाप्त करे भारत : गिरि

नव प्रदेश संवाददाता

बोकारो। बोकारो के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को कोर्ट परिसर में बांग्लादेश में हिंदू संन्यासी चिन्मय कृष्ण प्रभु के वकील रमेन रॉय पर हुए गंभीर हमला के विरोध में प्रदर्शन किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नेशनल कॉसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि रमेन रॉय पर यह हमला उनके द्वारा चिन्मय कृष्ण का समर्थन करने और अदालत में उनका बचाव करने के कारण किया गया। कट्टरपंथियों ने उनके घर में तोड़फोड़ की और उन पर जानलेवा हमला किया है। उनकी स्थिति गंभीर है, और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। यह घटना बांग्लादेश में धार्मिक और सामाजिक तनाव के बढ़ते माहौल को दर्शाती है। इसके विरोध में ही आज बोकारो में आंदोलन किया गया है। गिरि ने भारत सरकार से मांग की है कि तत्काल बांग्लादेश से संबंध खत्म करें। अतुल कुमार ने कहा कि ये वकील पर हमला नहीं है ये भारत पर हमला है। इस अवसर पर सोमनाथ शेखर, राकेश झा, डॉली झा, पुष्पांजलि जयसवाल, वीणा रानी, करुणा कुमारी, राज श्री, अंकित ओझा, दीपिका सिंह, रीना कुमारी, दीप्ति सिंह, विष्णु प्रसाद नायक, पंकज दराद, सुनील सिंह सिसोदिया, देवनाथ राम, फतिक चंद्र सिंह, बासुदेव महतो, अरूप चक्रवर्ती, मृत्युंजय कुमार मल्लिक, प्रदीप सिन्हा, संजीत कुमार सिंह, हसनैन आलम, दीपिका सिंह, रंजन कुमार मिश्रा समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र की संदिग्ध मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

नव प्रदेश संवाददाता

चास। चास प्रखण्ड के तुरीडीह से जगन्नाथपुर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अध्यनरत छात्र उचित महतो पिता भुवनेश्वर महतो की 30 नवम्बर को कॉलेज परिसर में संदिग्ध मौत होने से गांव में शोक की लहर है। उचित महतो के बड़े पापा परेश महतो ने उचित महतो की संदिग्ध मौत पर हत्या का आरोप लगाते हुए। जगन्नाथपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। दुःखद खबर सुनकर चन्दनकियारी के पूर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार मृतक के पैतृक गांव तुरीडीह पहुँचकर उनके परिजनों को धैर्य बांधन का साहस देते हुए कहा कि राज्य में लगातार सरकारी शैक्षिक संस्थानों में छात्रों की संदिग्ध मौत से छात्र व अभिभावकों चिन्तित एंव भयावाह है। बढ़ती घटनाओं को रोक लगाने के लिए झारखण्ड सरकार से मांग करते हैं। कि छात्र उचित महतो की मौत का उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। मौके पर जेएलकेएम के बोकारो जिला सदस्य राजु महतो, चास प्रखण्ड उपाध्यक्ष रामु महतो, सचिव वृहस्पति महतो, मुकेश महतो, परेश महतो, सत्यवान महतो, महेन्द्र ओझा, भागीरथ महतो, मदन महतो, दशन महतो, मुचीराम महतो, अजय महतो, सुबोध महतो, दामोदर महतो, मथन महतो, राजीव राजहंस, सुभाष चन्द्र महतो, दिनबन्धु महतो, आनन्द महतो, कैलाश महतो, सुशील महतो, जीवन महतो, लालदेव महतो आदि शामिल रहे।

जरूरतमंदों के बीच सपा नेता मुमताज अली ने किया कंबल वितरण

◆ बेसहारों के दर्द के साथ खड़ा रहना ही मेरा फितरत है : मुमताज

नव प्रदेश संवाददाता

बोकारो। गरीबों कमजोरो बेसहारों मजबूरो मजलूमों के दर्द में साथ खड़ा रहना मेरा फितरत है। ये बाते चास, बोकारो में ठंढ में गरीबों के बीच कंबल बांटते हुए समाजवादी पार्टी के नेशनल स्टार कैंपेनर मुख्य महासचिव मुमताज अली ने कही। और उन्होंने कहा कि झारखंड बिहार बंगाल कर्नाटक महाराष्ट्र के कई जिलों में हर वर्ष कंबल वितरण किया करता हूं। और ये कैरेक्टर ये नेचर मेरे लहू में शामिल है। मुमताज अली ने कहा कि हमने गरीबी लाचारी मजबूरी को बेहद करीब से देखा है। और उस दौर से गुजरा हूं। जिस दौर में अपने भी पराए हो जाते हैं पराए अपनो की तरह साथ खड़े हो जाते है। ये मिशाल नहीं हकीकत है जो हमने झेला है। इस दर्द को हमने महसूस किया है। मुमताज अली ने कहा जिस हिंदुस्तान में खुद को ईश्वर का अवतार कहने वाले खुद गरीब ओबीसी कहने वाले खुद को 35 साल भीख मांगकर गुजारा करने वाले साबित करने वाले आज 10 लाख का सूट 12 हजार करोड़ का जहाज 5 लाख की घड़ी 3 लाख का चश्मा और लाख रुपए का जूता पहनकर दुनिया के सामने खुद को खुदा समझने वाले इन गरीबों मजबूरों कमजोरों बेसहारों के दर्द को कब महसूस करेंगे इन गरीबों की दर्द की आवाज कब सुनेंगे बादशाह हमारे मुल्क का। मुमताज अली ने कहा कि मैं बचपन से ही गरीबों कमजोरो बेसहारों मजबुरो के हालात और उनके दर्द के साथ खड़ा रहने की फितरत पैदा किया हूं। और वहीं फितरत आज जिंदा है। मेरे अंदर शायद ये फितरत ये किरदार ही मेरी दौलत है मेरा शोहरत है मेरा इज्जत है मेरी यही इल्म तालीम है। यही मेरी काबलियत है। जिसे मैं जिंदगी में खोना नहीं चाहता। मुमताज अली ने कहा यह कंबल वितरण जनवरी 2025 तक जारी रखूंगा और झारखंड के 18 जिलों में कम्बल वितरण का कार्यक्रम चला रहा हूं देवघर दुमका गोड्डा में 8 ,12,2024 को वितरण करूंगा अभी धनबाद बोकारो गिरिडीह में वितरण चल रहा है। मुमताज अली ने कहा कि औरों के लिए जीने की चाहत पैदा अपने दिल में हर शख्स को करनी चाहिए यही इंसाफ की बुलंद आवाज है।

एक नजर

योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाये जाने पर झामुमो समर्थकों ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां

गोमिया (नव प्रदेश)। गोमिया से नवनिर्वाचित झामुमो के विधायक योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाए जाने पर गोमिया में खुशी की लहर है। गुरुवार की देर शाम को झामुमो कार्यकताओं ने गोमिया में जमकर आतिशबाजी की और मिठाईयां बांट कर खुशी जाहिर की। झामुमो गोमिया प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान ने कहा की अब गोमिया विधानसभा क्षेत्र का पूरा विकास होगा। प्रखण्ड सचिव सह खम्हरा के मुखिया बंटी उरांव ने कहा कि गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाए जाने से गोमिया विधानसभा क्षेत्र का सम्मान बढ़ा है। मौके पर सफदर अंसारी, मंजूर इलाही, संतोष राम, लेखराज चौहान, शंभू यादव, शंकर पासवान, चंदन पासवान, मो गुलाम, बद्री पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

विधायक श्वेता सिंह ने लोगों के बीच मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया

बोकारो (नव प्रदेश)। बोकारो विधायक श्वेता सिंह शुक्रवार को पिण्ड्राजोरा क्षेत्र की जनता से मिलकर जीत की खुशी में चुनावी कार्यालय में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार करते हुए सबको बधाई दी। खुशी की मौके पर क्षेत्र की जनता ने भी विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि जिस आशा और आकांक्षा से हमें आप सबों ने अपना बहुमुल्य वोट देकर जिताया उस विश्वास को मैं टुटने नहीं दूंगी। मेनुफेस्टो के आधार पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। पिण्ड्राजोरा को प्रखंड निर्माण को लेकर कहा कि सरकार गठन होने पश्चात ही संबंधी मंत्री से मिलकर अति चिरपरिचित मांग पर बात किया जाएगा। मौके पर प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष महावीर सिंह चौधरी, काशीझरिया पंचायत के मुखिया शिबु सोरेन, पिण्ड्राजोरा का मुखिया कृष्ण पद महतो, गोपाल पुर मुखिया गुलाम अंसारी, उपमुखिया सुजित बाउरी, जयदेव दुबे पूर्व मुखिया गोराचांद महतो, बनमाली झा, योगेश्वर महतो, लम्बोदर महतो, राजेश माहथा, रंजित दास, सुधीर कालिन्दी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

गूंज नई दिल्ली की टीम ने नावाडीह में चल रहे गूंज के कार्य का किया निरीक्षण



नावाडीह (नव प्रदेश)। गूंज नई दिल्ली की टीम ने शुक्रवार को आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गूंज के द्वारा श्रमदान के माध्यम से किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व गूंज नई दिल्ली के अरविंद कुमार भारती,नवीन यादव एवं वैशाली ने कृषक पाठशाला का निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ बैठक किया एवं गूंज के द्वारा चलाये जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। गूंज के क्षेत्रीय प्रभारी अरविंद कुमार ने गूंज के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि गूंज अपने सामाजिक और समुदायिक विकास के लिए श्रमदान और पुनः उपयोग पर आधारित विभिन्न परियोजनाओं के लिए जाना जाता है गूंज के इस प्रयास से न केवल स्थानीय स्तर पर विकास होता है बल्कि सामुदायिक भागीदारी और सहयोग को भी प्रोत्साहन मिलता है। वहीं वैशाली ने महिलाओं को होने माहवारी एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने की बात कही। सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि समिति 2012 से गूंज नई दिल्ली के साथ मिलकर समाज में वैसे कार्य कर रही है जो की सरकारी स्तर से नही हो पाता है। संस्था श्रमदान के माध्यम से जल संरक्षण को लेकर सैकड़ों चेकडैम का निर्माण, कच्ची सड़क मरम्मती, डोभा का पुनर्निर्माण, तालाब की सफाई के साथ साथ स्कूल में बच्चों के बीच किट वितरण जैसे कार्य कर रही है। इस दौरान गूंज की टीम ने हरलाडीह में श्रमदान के तहत बनाये जा रहे कच्चा चेकडैम का निरीक्षण भी किया। मौके पर अनवार अंसारी, भुनेश्वर महतो, बाबूलाल नायक, अजय कुमार, चंदन कुमार, आशीष मिश्रा, अरुण कुमार, लखन महतो, महादेव रविदास, जानकी रविदास, संगीता देवी, डालेश्वरी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

भेंडरा में मनाया गया परिनिर्वाण दिवस

नावाडीह (नव प्रदेश)। भेंडरा में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया। मौके पर भेंडरा की पूर्व मुखिया उर्मिला देवी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि बाबा साहब किसी एक जाति व धर्म के न होकर बल्कि पूरे समाज के हितैषी थे। इस अवसर पर विक्की रविदास, ललित रविदास, किशोर रविदास, गौरीशंकर रविदास, मुकेश रविदास, टेकलाल रविदास, चंदन रविदास, सुरज रविदास आदि शामिल थे। सभी ने एकत्रित होकर बाबा साहब के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही बाबा साहब अमर रहे के नारे भी लगाए।

महिला उत्पीड़न के आरोप में आरोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल

फुसरो (नव प्रदेश)। बेरमो महिला थाना काण्ड संख्या 03/24 के वारंटी सिकंदर चौहान पिता अर्जुन चौहान साकिन भट्ठमुंडा थाना कतरास जिला बोकारो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वादीनी द्वारा अपने पति पर महिला उत्पीड़न एवं शारीरिक अत्याचार के आरोप में अभियुक्त आरोपी पति को जेल भेजा गया है।

एक नजर

सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर

गांडेय, गिरिडीह (नव प्रदेश संवाददाता)। गांडेय थाना क्षेत्र के गिरिडीह गांडेय मुख्य स्थित दासडीह पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार करीब तीन बजे टाटा मैजिक व बाइक में सीधी टक्कर हो जाने से एक अज्ञात व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर गांडेय थाने कि पुलिस घटनास्थल पहुंची व गंभीर व्यक्ति को निजी वाहन से सीएचसी गांडेय ले जाया गया जहां से डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा गया। खबर लिखे जाने तक गंभीर रूप से घायल कि स्थिति नाजुक बताई जा रही है। हालांकि उक्त घायल व्यक्ति का शिनाख्त नहीं हो पाई है। इधर गांडेय थाने कि पुलिस क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर थाना परिसर लाने में जुटी है।

देवघर नगर पुस्तकालय को पच्चास हजार रुपये की सहयोग राशि दी गयी

देवघर (नव प्रदेश संवाददाता)। झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के प्रयास से आज पुनः देवघर नगर पुस्तकालय को 50,000/ (पच्चास हजार) रुपए का सहयोग राशि का बैंक ड्राफ्ट जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय तथा जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश के द्वारा संयुक्त रूप से लाइब्रेरियन मनोज मिश्रा को प्रदान की गई। लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान समाजसेवी विक्रम पत्रलेख, अमित पांडेय, राघवेंद्र झा, देवाशीष दूबे, आदित्य दूबे के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

आंदोलन कर खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया खेलकूद की सामग्री : मुखिया

बेंगाबाद (नव प्रदेश संवाददाता)। बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में खिलाड़ियों के लिए विभाग से खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन खिलाड़ियों को खेल की सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी, तब जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि के तौर पर मुखिया ने भारी हंगामा ओर लिखित आवेदन विभाग को दी तब जाके विभाग की नींद खुली। विभाग के जागने के बाद स्थानीय मुखिया ओर जनप्रतिनिधियों को खेल सामग्री मिला। खेल सामग्री मिलने के बाद मधवाडीह पंचायत के मुखिया मो सदिक अंसारी ने खिलाड़ियों को सूचित कर सभी को शुक्रवार को पंचायत भवन मधवाडीह में बुलाकर पंचायत सचिव अनुज कुमार के साथ खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण कर दिया। खेल सामग्री मिलने के बाद खिलाड़ी काफी उत्साहित दिखे। बताया गया कि प्रखंड में खेल कूद के लिए खेल सामग्री व्यवस्था राज्य सरकार के द्वारा दी जाती है। लेकिन प्रखंड स्तर के कर्मी समय पर उपलब्ध नहीं कराते हैं,बड़ी जद्दोजहद के बीच पंचायतों के मुखिया को बुलाकर खेल सामग्री वितरण शुरू कराया जा सका। इस मामले में मधवाडीह पंचायत के मुखिया सदिक अंसारी ने बताया कि खेल सामग्री खिलाड़ियों के वितरण नहीं होने से खिलाड़ी नाराज थे तब जाकर इसकी जानकारी प्रखंड विकाश पदाधिकारी को दिया गया। उसके बाद खेल सामग्री का वितरण शुरू किया गया। जब खेल सामग्री खिलाड़ियों को मिला तो सभी खिलाड़ी खुश नजर आए।

उपायुक्त की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की हुई समीक्षा बैठक

दुमका (नव प्रदेश संवाददाता)। गोवर्द्धन योजना के तहत जरमुंडी तथा रानेश्वर में पूर्ण हो चुके योजना के उदघाटन के संबंध में आवश्यक निदेश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के आदर्श गांव के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने निदेश दिया कि जल जीवन मिशन के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में नल जल (टैप कनेक्शन) हेतु भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट अविलंब समर्पित करें।

महिला बोगी में अनाधिकृत यात्रा पर कार्रवाई आरपीएफ ने चार यात्रियों से जुर्माना वसूला

मधुपुर (नव प्रदेश संवाददाता)। आरपीएफ ने शुक्रवार को रेलवे एक्ट का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन परिसर और विभिन्न ट्रेनों में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान महिला बोगी में अनधिकृत रूप से यात्रा करने के मामले में चार यात्रियों को हिरासत में लिया गया।आरपीएफ इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया, ₹ये सभी यात्री महिला बोगी में यात्रा कर रहे थे, जो रेलवे अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। पकड़े गए यात्रियों को रेलवे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां उनसे जुमार्ना वसूलने के बाद रिहा कर दिया गया। यह अभियान यात्रियों में अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया था। आरपीएफ ने यात्रियों से रेलवे नियमों का पालन करने की अपील भी की है।

सिंचाई नाली में डूबने से बच्ची की मौत

दुमका (नव प्रदेश संवाददाता)। शुक्रवार को मसानजोड़ थाना क्षेत्र के रानीबहाल गांव के चड़कडांगाल में सिंचाई नाली में डूबने से देढ़ साल की बच्ची की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर मसानजोड़ थाना की पुलिस ने उस बच्ची को रानीश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। डॉक्टर नदिया नंद मंडल ने उस बच्ची किरण कुमारी को मृत घोषित कर दिया। मौके पर उस बच्ची के पिता उत्तम कुमार मिर्धा, माता और चाचा अस्पताल में मौजूद थे।

मधुस्थली का परचम लहराया, डीएलएड 2022-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

मधुपुर (नव प्रदेश संवाददाता)। झारखंड अकादमिक परिषद द्वारा आयोजित डीएलएड सत्र 2022-24 में मधुस्थली इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग ने शानदार प्रदर्शन कर एक नई मिसाल कायम की है। प्रदर्शन के आधार पर संस्थान ने पूरे झारखंड में पंचम स्थान और देवघर जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया। संस्थान की छात्रा मौसमी पॉल ने 89.14% अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान और झारखंड राज्य में पांचवां स्थान प्राप्त किया! निखत परवीन ने 88.21% अंक के साथ संस्थान में दूसरा और राज्य में बारहवां स्थान, जबकि राम नारायण ने 86.57% अंक के साथ संस्थान में तीसरा और राज्य में 101वां स्थान हासिल किया। मधुस्थली ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अध्यक्ष किशन कुमार केजरीवाल ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने हमारी उम्मीदों को नई ऊंचाई दी है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन हेतु जागरुकता कार्यक्रम

लैंगिक समानता के लिए बदलाव की पहल अपने घर-परिवार से करनी होगी : कपिल देव ठाकुर

नव प्रदेश संवाददाता

दुमका। जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति, शिकारीपाड़ा और स्वयंसेवी संस्थान प्रवाह के संयुक्त तत्त्ववधान में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम की अध्यक्षता में लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार के लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना तथा स्थानीय संस्थाओं को मजबूत करके महिला और बच्चों के लिए एक सुरक्षात्मक भयमुक्त समाज बनाने पर जोर देना है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि समाज में लिंग समानता लाने के लिए सभी को समान रूप से अग्रणी भूमिका निभानी होगी। आज धीरे-धीरे समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। पंचायती राज संस्थाओं में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, महिला जनप्रतिनिधियों में निर्णय लेने की क्षमता पहले की तुलना में ज्यादा देखी जा सकती है। उन्होंने महिला लीडरों से अपील किया कि अपने पद के अनुरूप अपनी जिम्मेदारी खुद ही निभाएं। अपने स्थान पर पति और घर के किसी अन्य पुरुषों को निर्णय न लेने दें। निर्णय खुद ही लें। महिला सशक्तिकरण से ही देश विकसित होगा। अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कपिल देव ठाकुर ने कहा कि

लैंगिक समानता के लिए बदलाव की पहल अपने घर-परिवार से करनी होगी। जीवन और विकास के क्षेत्र में लड़का, लड़की, तृतीय लिंग सहित सभी को समान अवसर देना हमारी जिम्मेदारी है। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ने बाल संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि बच्चों सहित सभी माता-पिता और हितधारकों को उचित और अनुचित स्पर्श के बारे जानने की जरूरत है। बच्चों का प्रथम पाठशाला घर ही होता है इसलिए माता-पिता की यह भी जिम्मेदारी है कि बाल यौन शोषण से बचाने के लिए बच्चों को बचपन से शिक्षित व जागरूक करें।

प्रवाह संस्था के परियोजना समन्वयक प्रेम कुमार ने बाल संरक्षण पर जोर देते हुए लैंगिक समानता और लैंगिक असमानता के बीच अंतर, लैंगिक समानता की आवश्यकता, लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने में स्थानीय संस्थाओं की भूमिका के साथ- साथ महिला और बच्चों से सम्बन्धित समर्थन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। महिला और बच्चों के लिए समर्थन सेवाओं तक सुलभ पहुँच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय संस्थाओं को जागरूक,सशक्त और संवेदनशील होना होगा। इसके लिए सरकारी और गैर- सरकारी तंत्र को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता हैं।

जिला बाल संरक्षण इकाई, दुमका के प्रतिनिधि ने मिशन वात्सल्य के अंतर्गत मिलने वाले प्रायोजन योजना के बारे में विस्तार से बताया तथा बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी।

महिला प्रसार पदाधिकारी तरेसा मुर्मू, जिला बाल संरक्षण इकाई, दुमका के प्रतिनिधि, प्रखण्ड कार्यक्रम मैनेजर जेएसएलपीएस, महिला पर्यवेक्षिका, शिकारीपाड़ा एवं ढाका पंचायत की मुखिया उषा किरण मुर्मू सहित अन्य हितधारकों ने बच्चों और महिलाओं के लिए सुरक्षित और भयमुक्त समाज के लिए वकालत किया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका हेमलता कुमारी, दीपाली दासी, फुलकुमारी हाँसदा, बीपीओ नयन कुमार, मुखिया सीसिलिया हाँसदा, नमिता बासकी, सुनीता हेमब्रम, जेन्डर सीआरपी प्रमिला टुडू, रुमारानी दास, शांतनी प्रवाह के कार्यकर्ता कारण मुर्मू, मारथा हाँसदा, बिमोली हेमब्रम, पीएलवी सुशीला हेमब्रम सहित सैकड़ों की संख्या में आँगनवाड़ी सेविका, ग्राम प्रधान मौजूद थे।

संदिग्ध स्थिति में हुई प्रवासी मजदूर की मौत, शव पहुंचा गांव, मातम

नव प्रदेश संवाददाता

जमुआ, गिरिडीह। जमुआ थाना क्षेत्र के ग्राम धुरगड़गी के प्रवासी मजदूर 38 वर्षीय पिंटू कुमार वर्मा पिता स्वर्गीय ईश्वर महतो का शव गांव पहुंचते ही स्वजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। बता दें कि पिंटू कुमार वर्मा बीते लगभग पंद्रह वर्षों से मुंबई में वाटर सप्लाई टैंकर वाहन के ड्राइवर में काम कर रहा था।

घटना तीन दिसंबर ग्यारह बजे रात की बतायी जा रही है। मौत की सूचना इलाजरत अस्पताल से स्वजनों को दी गई। घटना की रात नौ बजे तक मृतक ने अपने घर वालों से काफी देर बात भी किया। घर वाले आगामी रविवार को सूर्याही पर्व पर घर आने कहा, लेकिन काम की व्यस्तता बताकर घर आने से इनकार किया। ग्रामीणों ने कहा कि घटना को लेकर सीसीटीवी कैमरा के फुटेज से पता चल रहा है कि एक महिला के द्वारा मृतक को अस्पताल तक पहुंचाया गया, लेकिन मृत्यु होने के पश्चात महिला गायब थी। इससे स्वजनों को पूरी तरह से संदेह हो रहा कि साजिश के तहत जहर खिलाकर पिंटू कुमार को हत्या की गई है। इधर बंद बक्से में शव को मुंबई से प्लेन द्वारा कलकत्ता लाया गया फिर उसे एंबुलेंस से घर लाया गया। शव से पूरी तरह से बदबू आ रही थी। घटना की खबर सुनकर मुखिया झरी महतो, जिला परिषद कुमारी प्रभा वर्मा, गंगाधर वर्मा, विवेक राज, लक्ष्मण महतो, राकेश कुमार, इंद्रजीत वर्मा, किशोरी वर्मा आदि लोग पहुंचकर पीड़ित स्वजन को ढाढस बंधाया।

दीपिका पांडेय सिंह को पुनः मंत्री बनने पर रवि वर्मा ने दी बधाई

नव प्रदेश संवाददाता

देवघर। झारखंड सरकार मे दूसरी बार मंत्री पद की शपथ लेने वाली दीपिका पांडेय सिंह को छात्र कांग्रेस देवघर एनएसयूआई के नेता रवि वर्मा ने बधाई दी। वहीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को मंत्रालय में ग्रामीण विकाश कार्य एंव पंचायती राज विभाग मंत्री के रूप मे दिया गया। इसके उपरांत रवि वर्मा ने कहा की हम सभी संगठन के लोगो को पूर्ण विश्वास है कि संथाल परगना से एकमात्र महिला मंत्री के तौर पर दीपिका पांडेय सिंह पिछली बार की तरह बेहतर काम करेंगी और संगठन को मजबूत करने के साथ साथ झारखंड सरकार के सारे जनकल्याणकारी योजनाओं को हर एक जरूरतमंद के घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगी।

बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ युवा हिन्दू वाहिनी ने की बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

देवरी। गिरिडीह जिले के देवरी थाना क्षेत्र स्थित लकड़गढ़ा मंदिर प्रांगण में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ युवा हिन्दू वाहिनी ने हिंदू संगठनों का एक बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता युवा हिन्दू वाहिनी प्रखंड अध्यक्ष शुभाष कुमार शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि युवा हिन्दू वाहिनी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी उपस्थित हुए। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में मौजूद सभी युवा हिन्दू वाहिनी के नेताओं को बहुत बहुत

आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बांग्लादेश में में हो रहे अत्याचार एवं धार्मिक स्थलों पर तोड़ फोड़ यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं उन्होंने बताया कि हिंदू को अब एक होना है। जात-पात की लड़ाई नहीं लड़ें हिंदूस्तान में रहने वाला सब हिन्दू है और हिंदूस्तान में रहकर दूसरे देशों का गुणगान कर रहा है। वैसे लोगों को हिंदूस्तान में रहने का कोई हक नहीं है। वैसे लोगों को युवा हिन्दू वाहिनी मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। 11 दिसंबर 2024 को सभी हिन्दू संगठन के लोग सुबह 10 बजे बजरंगबली मंदिर चतरो में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। हजारों की संख्या में फोर व्हीलर एवं बाईक रैली निकाली जाएगी और अपने संगठन के ताकत को दिखाएं। मौके पर युवा हिन्दू वाहिनी जिला उपाध्यक्ष सज्जन तिवारी, दीपक कुमार राय, भरत सिंह, कुटकुट सिंह, राकेश तिवारी, संजय पाण्डेय, सौरभ कुमार राय, उदय राय, मिथलेश मिश्रा, सुखदेव सिंह, मनोज राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

लायंस क्लब मधुपुर का फूड टू हंगर कार्यक्रम

मधुपुर (नव प्रदेश संवाददाता)। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर ने अपनी सामाजिक सेवा भावना को और मजबूत करते हुए फूड टू हंगर कार्यक्रम के तहत शहर के बाजार मोहल्ला स्थित काजल टेक्स टाइल्स के पास गरीब और असहाय लोगों के बीच भोजन वितरित किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष शौकत नाज ने कहा, ₹गरीबों की सेवा और उनकी मदद समर्पण के साथ करना ही सच्ची ईश्वर भक्ति है! हमारे सभी सदस्य जरूरतमंदों के लिए लगातार काम कर रहे हैं। यह पहल सिर्फ सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे दिलों से जुड़ी भावना है। लायंस क्लब के चेयरपर्सन विनोद लक्षीरामका ने कहा, ₹भूखे और जरूरतमंदों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन देना हमारे लिए आत्मिक संतोष का कारण है। उनकी मुस्कान और खुशी हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है !₹ कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच भोजन बांटते समय उनकी खुशी देखने लायक थी। मौके पर चेयरपर्सन विनोद लक्षीरामका सहित क्लब के कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस तरह के कार्यक्रम न केवल भूख मिटाते हैं, बल्कि समाज में सेवा भावना का संदेश भी देते हैं।

दो दिवसीय श्रीराम विवाहोत्सव भंडारे के साथ संपन्न हुआ

नव प्रदेश संवाददाता

बिरनी/गिरिडीह। प्रखंड के पलौंजिया ठाकुरबाड़ी में दो दीनी राम विवाहोत्सव शुक्रवार को भंडारे के साथ सम्पन्न हो गई। श्रीराम विवाहोत्सव गुरुवार से प्रारम्भ हुई थी। 24 घंटे तक निरन्तर रामचरितमानस सह अखण्ड रामायण पाठ किया गया। शुक्रवार शाम को गुड़ का प्रसाद एवं भंडारे का वितरण के साथ विश्राम किया गया। दूसरी ओर राम जानकी मन्दिर बाराडीह, राम जानकी मन्दिर भरकट्टा, श्रीराम मंदिर मन्दरखा में भी धूमधाम से विवाहोत्सव मनाया गया। वहीं श्रीराम जानकी मंदिर बाराडीह में भव्य झांकी निकालकर पूरे गाँव का भ्रमण किया गया तथा हनुमान मंदिर सरंडा में विहिप के द्वारा हनुमान महाआरती की ओर से श्रीराम विवाहोत्सव के अवसर पर 24 घन्टे निरन्तर रामचरितमानस सह अखंड रामायण पाठ किया गया। जानकारी के अनुसार राम विवाह अगहन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को भगवान श्रीराम का विवाह श्री जानकी जी के साथ हुआ था। इसी के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष दो दिवसीय विवाहोत्सव मनाया जाता है। प्रथम दिवस में श्रीराम चरितमानस का सम्पुटित सम्पूर्ण पाठ होता है जो 24 घन्टे तक निरन्तर चलता है। इसे अखण्ड रामायण भी कहा जाता है। उसके पश्चात दूसरे दिन सन्ध्या बेला में श्री रामार्चा यज्ञ का आयोजन होता है, उसी दिन पूजन की पूणार्हुति होती है और प्रसाद वितरण तथा भंडारे का आयोजन होता है। इस प्रसाद एवं पूजा की खास विशेषता है यहां पर परम्परा से गुड़ से बनी हुई मिठाई का भोग भगवान को समर्पित किया जाता है। यह जानकारी ठाकुरबाड़ी पुजारी सुरेंद्र पांडेय ने दी। इस अवसर पर संतोष राणा, जय कुमार वर्मा, चंदन कुमार, ईश्वर पंडित, बबलू यादव, महादेव यादव, राजू यादव, दिवास्कर राउत, आशीष शर्मा, अजित कुमार, संतोष दास, बसन्त निराला एवं महिला व बच्चों समेत हजारों लोगों ने भाग लिया।

चार दिवसीय विवाहोत्सव विधि-विधान के साथ संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

जमुआ, गिरिडीह। श्रीराम जानकी विवाहोत्सव ठाकुर बाड़ी रेम्बा में तीसरे दिन शुक्रवार को दिन में मानस परायण, दोपहर में मंडपाच्छादन, मड़वा भात, देवपूजन संध्या में बारात प्रस्थान, घृतढारी सहित सभी वैवाहिक विधि विधान संपन्न हुए। इस मौके पर कन्हैयालाल शास्त्री ने प्रवचन मंच से वैवाहिक प्रसंग और धनुष यज्ञ की कथा सुनाई। कहा कुछ लोगों की आदत है हर कार्य में मेन मिष निकालना।वैसे लोग जीवन में दुःखी, रोगी और असफल होते हैं। कहा कि धर्म की आलोचना करने एवं धर्म के विरुद्ध आचरण करने वाले अल्पायु,दुःखभागी और रोगी होते हैं।उन्होंने कहा कि रामचरित मानस में लिखा हुआ है पूर्व जन्म के पाप से भी हरि चर्चा न सुहाती है। वह हरि चर्चा में जल्दी आते नहीं और आ भी जाते हैं तो सुनते नहीं अन्य चचाओं में मशगूल हो जाते हैं। कहा कि हर कार्य में खोट निकालने वाले कुछ लोग होगे हैं।

उन्होंने कहा कि ईश्वर की शरण से सुरक्षित जगह पूरे कायनात में कहीं नहीं है। कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक जगह मन के मेल को पूर्वाग्रह को छोड़कर जाना चाहिए।कहा कि अपने जीवन काल में एकाध मंदिर और यज्ञ सम्पन्न कराना चाहिए तभी मुक्ति संभव है। कार्यक्रम में खोरी महुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, जमुआ के बीडीओ अमल कुमार, जिप प्रतिनिधि दिगम्बर प्रसाद दिवाकर, भाजपा के नेता कैलाश साव, सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम मंडल सहित कई लोग थे। विवाह आयोजन समिति सुधीर द्विवेदी, संत शरण, उदय द्विवेदी, बलबीर गुप्ता सुबोध गुप्ता मनोहर पंडित, अवध तिवारी, सुबोध गुप्ता, सुशील गुप्ता, मनोज राम, बजरंग लाल राणा, शंभू गुप्ता, दिनेश गुप्ता, प्रभात गुप, अजीत दुबे, राजकपूर राम, अजय द्विवेदी, मुकेश गुप्ता सहित कई लोग सक्रिय हैं।

शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष संत शरण, आचार्य कन्हैया लाल शास्त्री हैं। संगीत में उनकी संगति रामजी पंडित और उनकी टीम कर रही है। कड़ाके की ठंड के बावजूद प्रवचन सुनने लोगों का तांता प्रवचन स्थल हर शाम पहुंच रही है। शुक्रवार को भंडारा है, जिसमें दो हजार लोगों के लिए भोजन के रूप में महा प्रसाद खिलाया जाएगा

धान अधिप्राप्ति को लेकर बीडीओ ने की लैम्प्स के सहायक प्रबंधकों के साथ बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

दुमका। उपायुक्त के आदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को धान अधिप्राप्ति हेतु लैम्प्स के सहायक प्रबंधकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि प्रखंड के सादीपुर एवं चोपाबाथान लैम्प्स में धान अधिप्राप्ति हेतु धान क्रय किया जायेगा। 15 दिसंबर से लैम्प्स शाखाओं में धान क्रय किया जायेगा। विदित हो कि प्रखंड के 721 किसानों ने धान अधिप्राप्ति हेतु निबंधन कराया हैं। प्रत्येक किसान प्रति एकड़ सोलह क्विंटल एवं अधिकतम दो सौ क्विंटल धान प्रखंड के धान अधिप्राप्ति केंद्रों में बेच सकता हैं। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार की ओर से दो हजार तीन सौ रुपये एवं एक सौ रुपए बोनस कुल दो हजार चार सौ प्रति क्विंटल भुगतान किया जायेगा। बैठक में आसनवनी एवं रांगालिया लैम्प्स के सहायक प्रबंधक ने यहां धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने का अनुरोध किया। बैठक में उस प्रस्ताव की अनुशंसा की गई। साथ ही नये किसानों का निबंधन एवं धान अधिप्राप्ति का प्रचार प्रसार करने पर बल दिया गया। बैठक में अंचल अधिकारी शादां नुसरत, प्रभारी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, आत्मा के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं लैम्प्स शाखा के सहायक प्रबंधक मौजूद थे।

विश्व मृदा दिवस पर कृषि कॉलेज देवघर में कार्यशाला आयोजित

देवघर/मोहनपुर (नव प्रदेश संवाददाता)। विश्व मृदा दिवस पर कृषि कॉलेज देवघर में कार्यशाला आयोजित किया गया। कृषि कॉलेज के एसोसिएट डीन डॉ असीम कुमार मंडल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। कृषि कॉलेज के प्राध्यापकों ने संबोधित करते हुए बताया कि मिट्टी के संरक्षण के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। हम सभी को मिलकर मिट्टी के संरक्षण के लिए प्रयास करने चाहिए। हम अपने खेतों में जैविक खेती को बढ़ावा दे सकते हैं। मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने के लिए खाद का उपयोग कर सकते हैं और मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए वृक्षारोपण कर सकते हैं। आइए हम सभी मिलकर संकल्प लें कि हम मिट्टी का सम्मान करेंगे और उसका संरक्षण करेंगे। मंच का संचालन अखिलानंद दुबे ने किया। मौके पर तारा शंकर, सर्वेश कुमार, जय प्रकाश, प्रियंका नंदी, रेमा दास, अदिति एलिजा तिर्की, प्रमीत पंडित, चमन कुमार, सूरज माली आदि उपस्थित थे।

बच्चे देश के सुनहरे भविष्य हैं, जिन्हें सवांरना व साजना हम सब का कर्तव्य : प्रधान जिला जज

नवप्रदेश संवाददाता

धनबाद। बच्चों को विशेष तौर पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के सर्वोच्च न्यायालय(नालसा) के निर्देश के आलोक में धनबाद में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए फ्री लीगल सर्विस यूनिट का गठन किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में गठित उक्त कमेटी का अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन को बनाया गया। कमेटी में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी के रूप में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पियूष कुमार एलएडीसीएस डिप्टी चीफ के अलावा,पैनल अधिवक्ताओं के अलावा पारा

लीगल वॉलंटियर को भी शामिल किया गया। इस कमेटी द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग, देखभाल व संरक्षण योग्य बालकों और विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित मामलों में सहायक के तौर पर कार्य किया जायेगा। उक्त बातें शुक्रवार को डालसा द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही, उन्होंने कहा कि नालसा के निर्देश पर बच्चों को चाईल्ड फ्रेंडली लीगल एड दिया जाएगा यह यूनिट नालसा द्वारा प्रायोजित वत्सल्य तथा सहयोग योजना के तहत मिलने वाली हर सरकारी योजनाओं, सुविधाओं को भी बच्चों को दिलवाने में सहयोग करेगा।बच्चे देश के सुनहरे भविष्य है जिन्हें सवांरना और साजना हम सब का कर्तव्य है। कार्यशाला के प्रथम चरण में अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने यूनिट के सदस्यों को इस यूनिट के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के विषय मे बताया।वहीं मनोरोग विशेषज्ञ शाहनवाज जाफर ने मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के देखभाल के विभिन्न तरीकों को बताया। न्यायाधीश श्री रोशन ने बताया कि चिल्ड्रेन यूनिट में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी पियूष कुमार (चेयरमैन पीएलए) एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट,पैनल अधिवक्ता अभिजीत कुमार साधु, विश्वजीत कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार निषाद,करूणा सिन्हा, हसन इमाम, हरि विश्वकर्मा, निरज कुमार सिंह, संदीप कुमार, पीएलवी चंदन कुमार, अजीत कुमार दास, नवीन कुमार, राजेश कुमार सिंह, पंकज वर्मा, निमाई प्रमाणिक, योगेश्वर नाथ, विनय कुमार सिन्हा,अनामिका सिंह, सीता कुमारी शामिल हैं।

एक नजर

पी एम श्री उच्च विद्यालय दुमदुमी में बाल मेला

नवप्रदेश/धनबाद/तोपचांची। पीएम श्री उच्च विद्यालय दुमदुमी तोपचांची में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज मौजूद थे।इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इससे बच्चों का प्रतिभा को उभारने में मदद मिलेगा।बच्चों के द्वारा साइंस एग्जिबिशन स्टॉल काफी बेहतर था।वहीं शिक्षकों का इस प्रयास को सराहा गया।इस कार्यक्रम में समाजसेवी सदानंद महतो ने कहा कि बच्चों का मानसिक विकास के लिए इस तरह का बाल मेला का आयोजन बहुत बेहतर है। बच्चों के द्वारा कला संस्कृति के कार्यक्रम की प्रस्तुति काफी अच्छी रही है। इस मेल में बच्चों के द्वारा कई तरह के खाने के स्टाल लगाए गए थे। वहीं प्रधानाध्यापिका उमा कुमारी ने कहा कि ग्रामीण बच्चों ने कई तरह के हैंड एंड क्राफ्ट का स्टाल लगाए,जो दर्शनीय थी। यह बाल मेला का आयोजन को सफल करने में सुधीर कुमार, जगदीश चौधरी, रिंकी कौर,गौतम महतो दयानंद प्रमाणिक, महेंद्र महतो, सरिता देवी, कुलदीप प्रमाणिक, महावीर महतो, दीपक कुमार, पूजा देवी, मनोज रविदास टालेसर महतो, सुरेश तुरी, कनककाति मेहता आदि स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद थी।

तेली साहू समाज का 9 फरवरी को वनभोज का आयोजन

धनबादः धनबाद जिला तेली साहू समाज के बैनर तले शुक्रवार को गांधी सेवा सदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय तैलीक साहू महासभा के अध्यक्ष जगदीश साहू ने बताया कि आगामी 9 फरवरी 2025 को तोपचांची झील, लीची बागान में वनभोज का आयोजन किया गया है, बताया कि वनभोज तैलीक समाज की एकजुटता और मजबूती को लेकर किया गया है जिसमें समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा तादाद में एकत्रित होने का अपील किया गया है। इसमें पूर्व सीएम रघुवर दास,धनबाद सांसद ढुलू महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र साव समेत झारखंड के अन्य विधायकों एवं उच्च पदों पर आसीन समाज के पदाधिकारियों, समाजसेवियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

ग्रिजली विद्यालय में एलुमनाई मीट और फाउंडेशन डे धूमधाम से मनाया गया

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। ग्रिजली विद्यालय में यादगार एलुमनाई मीट और फाउंडेशन डे का आयोजन किया गया, जिसमें कई होनहार एलुमनाई ने भाग लिया। यह आयोजन स्कूल परिसर में उत्साह और प्रेरणा का आदान- प्रदान करते हुए मनाया गया। एलुमनाई को अपने पुराने दिनों को याद करते हुए विद्यालय परिसर का दौरा करने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने वर्तमान छात्रों से बातचीत की और अपनी सफलता की कहानियाँ साझा की, जिससे छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरणा मिली।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसीमे, निदेशिका सुनीता सेठ, शुभा कपसिमे स० ई० ओ० प्रकाश गुप्ता, सी० ओ० ओ० तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की उपनिदेशिका संजीता कुमारी, बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्य नीरजा व ग्रिजली ओल्ड

स्टूडेंट्स एसोसिएशन के मेंबर्स दिपक राज,कोमल कुमारी, युवराज सेठ नें संयुक्त रुप द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने अपने स्वागत भाषण में उपस्तिथ छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा की ₹शिक्षा केवल विषयों को पढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह उन मूल्यों को सिखाती है, जो आपके भविष्य को आकार देंगे। उन्होंने छात्रों से कहा,कि ₹सफलता का मार्ग कभी सीधा नहीं होता; यह मेहनत, धैर्य और अपनी सच्चाई पर कायम रहने से ही प्राप्त होती है।₹ विद्यालय के निदेशक ने भी एलुमनाई से संवाद में उन्हें उनके प्रयासों में सफलता की शुभकामनाएं दीं और यह आग्रह किया कि वे विद्यालय से जुड़ें रहें। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि₹हमारे एलुमनाई यह प्रमाण हैं कि हर व्यक्ति दुनिया में एक छाप छोड़ने की क्षमता होती है। इस आयोजन में विशेष रूप से एलुमनाई चंदन कुमार 2013 बैच के विद्यार्थी जिन्होंने छात्रों के साथ अपनी सफलता की कहानी साझा की। चंदन ने ग्रिजली विद्यालय से अपने पढ़ाई के बाद, करियर की शुरूआत में आई कई मुश्किलों का सामना करने की अपनी यात्रा बताई। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सिखाई गई कड़ी मेहनत और ईमानदारी की जड़ें आज उनकी सफलता का मुख्य कारण हैं। उनका संदेश था कि छात्रों को हमेशा अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। फाउंडेशन डे में परंपरा के अनुसार, एक विशेष पूजा समारोह आयोजित किया गया और स्कूल की स्थापना दिवस के अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया, जिससे विद्यालय के गहरे सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को मनाया गया। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जो सभी के लिए एक यादगार अनुभव बना। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र योगा प्रस्तुति पीहू एवम ग्रुप, संगीत में अंशिका एवम ग्रुप और जीनत एवम ग्रुप वही नृत्य में आराध्या एवम ग्रुप के साथ प्रतीक्षा एवम ग्रुप नें अपने शानदार प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। कार्यकर्म में एलूमनाय की नई कमिटी गठित की गई जिसमे प्रेसिडेंट के पद पर आलोक कुमार, वाईस- प्रेसिडेंट सावित्री कुमारी, सेक्रेटरी मनीष कुमार व गोसा मेंबर्स में के रूप में सीमा कुमारी यादव और गौरी कुमारी को शैश देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मंच के संचालन में श्रेया एवम शीतल की भूमिका शिक्षिका चन्द्राणी सेन के नेतृत्व में सराहनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टूडेंट सर्विस सेल की टीम आलोक कुमार, चंद्रानी सेन, संयोजक विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार चौधरी, बी डी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, राजीव रंजन सिंह, स्पोर्ट्स संयोजक अमित दास, आर्ट एंड क्राफ्ट के शिक्षक दीपक पांडे, कुमार राजीव, मनीषा चंद्रा, रविदत्त पांडेय, अवनीशा आनंद, सहित पुरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही। धन्यवाद ज्ञापन स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार के द्वारा दिया गया।

बसपा ने मनाया बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस

नवप्रदेश/धनबाद। बहुजन समाज पार्टी धनबाद जिला के तत्वाधान में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का शुक्रवार को 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय (अंबेडकर चौक) पर स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके पहले पार्टी का झंडा बैनर तले जुलूस के शक्ल में श्रद्धांजलि स्थल पहुंच गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,जोन प्रभारी सुबल दास साहब ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर आजीवन देश के बहुसंख्यक शोषित वंचित समाज के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने देश को पुनः सोने की चिड़िया बनाने के लिए विश्व का सबसे अच्छा संविधान देश को दिया। मगर आज तक सत्ता में बैठने वाले कांग्रेस-बीजेपी की सरकार संविधान के प्रति गंभीर नहीं रहा। जिसके चलते अक्षरतः संविधान देश में लागू नहीं हो पाया। वरना देश में गरीबी, भुखमरी, भ्रष्टाचार व असमानता नहीं दिखती। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि ने कहा कि आज के दिन में हो रहे संविधान, आरक्षण व लोकतंत्र पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संविधान विरोधी और लोकतंत्र विरोधी ताकतें आज बाबा साहब के कार्यक्रमों में बाबा साहब का नाम लेकर हमारे लोगों को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं, जिससे समाज को सावधान रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, जिला महासचिव मनोज दास, पूर्व सिंदरी विधानसभा के विधायक प्रत्याशी बाबूलाल रविदास, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूराम मांझी, बामसेफ के अशोक कनौजिया, राज कुमार, शिवकुमार दास, भोला प्रसाद, भारत रविदास समेत दर्जनों उपस्थित थे।

दिव्यांग सप्ताह के पांचवें दिन पहला कदम स्कूल में कला, शिल्प और खेल प्रतियोगिता

नवप्रदेश/धनबादः दिव्यांग सप्ताह के अंतर्गत पहला कदम स्कूल में 5वें 06 दिसंबर 2024 को कला, शिल्प और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आयुष फाउंडेशन धनबाद द्वारा किया गया, जिसमें फाउंडेशन की ओर से अर्पिता अग्रवाल, गणेश शर्मा और राधा अग्रवाल उपस्थित रहे। साथ ही पहला कदम स्कूल से सचिव अनिता अग्रवाल और कौशल अग्रवाल ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर दौड़ में राहुल कुमार दास और बालिका वर्ग में आशिका कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, चम्मच दौड़ में अनिल कुमार, मेंढक कूद में कृष्णा मंडल, और जूनियर दौड़ में रिम्शा कुमारी ने अव्वल स्थान हासिल किया। उसके उपरांत ड्राइंग एंड क्राफ्ट कंपटीशन करवाया है क्या जिसमें कई तरीके के क्राफ्ट से डिजाइनिंग ब्लॉक पिरामिड फ्लावर रंग बिरंगी चीज बनाई गई जो आकर्षण का माहौल बना

कार्यक्रम में बच्चों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल रहा। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को प्रोत्साहित किया बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। आयुष फाउंडेशन धनबाद ने इस कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।

राज सिन्हा ने आयोजित किया आभार कार्यक्रम



धनबाद। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने अपनी ऐतिहासिक जीत पर शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय में आभार कार्यक्रम आयोजित किया जहाँ उन्होंने भाजपा के कार्यकताओं एवं धनबाद की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी जीत उनके अकेले की जीत नहीं है यह धनबाद की जनता की जीत है। इस चुनाव में सभी का साथ मिला सभी का प्यार और स्नेह मिला। सबके आशीर्वाद से जीत मिली है और निश्चित रूप से धनबाद की जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम करूंगा।

राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में राजकमल स.वि. मंदिर के 5 गतकाबाज दिखाएंगे जौहर

नवप्रदेश/धनबादः राजकमल स.वि.मंदिर के 4 भैया व 1 बहन 17 से 22 दिसंबर को नई दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम मे आयोजित होने वाले स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की गतका प्रतियोगिता मे झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगें।इसकी जानकारी देते हुए विधालय के शारीरिक आचार्य पप्पू कुमार ने बताया की एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल ऑफ झारखंड के द्वारा खेल गांव रांची मे चयन ट्रायल का आयोजन अक्टूबर माह मे किया गया था जिसमे राजकमल स.वि.मंदिर की पलक परमा,रणवीर ठाकुर, मिनमय दास, शुभम कुमार यादव वा राजवीर ठाकुर का चयन झारखंड राज्य की गतकी टीम मे हुआ है और सभी खिलाड़ी 15 दिसंबर को दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगें. राजकमल स.वि.मंदिर के गतकाबाजों के इस शानदार उपलब्धि पर विधालय समिति के साथ साथ प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा,उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी प्रतिमा चौबे,कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, धनबाद गतका संघ के अध्यक्ष रोहित प्रसाद आदि ने शुभकामनांए दी हैं।

नगर पंचायत क्षेत्र में ट्रेड लाइसेंस नहीं पाए जाने पर किया गया जुर्माना

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। शंभू प्रसाद कुशवाहा, प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के निदेर्शानुसार नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस की जाँच बारी बारी से की गई, जहाँ ट्रेड लाइसेंस नहीं पाई गई या उनका ट्रेड लाइसेंस की वैद्यता समाप्त हो गई है उनका जुमार्ना किया गया एवं झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 के धारा 455 के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई'

जहाँ ट्रेड लाइसेंस नहीं पाई गई या ट्रेड लाइसेंस की वैधता समाप्त हो चुकी है उनका जुमार्ना किया गया जिनमे राँची पटना रोड अंतर्गत शर्मा जी भोजनालय, मां उमा मेडिकल, नूतन प्रसाद, सतीश कुमार बरनवाल, एस बी जांच घर, विशाल कुमार सिंह केक फैक्ट्री आदि के दुकानों से जुमार्ना वसूल किया गया तथा इन्हे झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 के धारा 455 के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहु, रितिका जन सुविधा केंद्र के टैक्स कलेक्टर विकास कुमार एवं राजन कुमार, होमगॉर्ड नवीन कुमार, राजेश कुमार एवं अन्य सभी उपस्थित थे।

उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने चंदवारा प्रखंड की विभिन्न पंचायतों का किया दौरा

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा चंदवारा प्रखंड के विभिन्न पंचायत का दौरा किया गया। इस क्रम में उप विकास आयुक्त ने आरागारो एवं चंदवारा पूर्वी पंचायत का निरीक्षण कर योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया इसके साथ ही उप विकास आयुक्त द्वारा पंचायतों का दौरा कर अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, सिंचाई कूप संवर्धन योजना समेत अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया गया। उप विकास आयुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना से लगायें गये पौधौ का उचित देख रेखा करने को कहा। अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिये। जिला परिषद् अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जमीन का चिन्हितकरण और सत्यापन किया गया। इसके साथ ही जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के टीम के द्वारा चंदवारा प्रखंड के बेंदी , थाम पंचायत का दौरा कर मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया गया।

धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने धनबाद व झरिया विधायक को किया सम्मानित

नवप्रदेश/धनबादः धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा धनबाद विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक राज सिंहा और झरिया विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह को शाल बुके एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया संगठन द्वारा धनबाद विधायक एवं झरिया विधायक द्वारा संगठन के द्वारा हो रहे कार्यों की प्रशंसा की संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने दोनों विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ संबंधित परेशानियां से अवगत कराया गया ऑनलाइन से संबंधित समस्या पर अवगत कराया गया फार्मासिस्ट के कारण जो परेशानी दवा दुकानदारों को होती हैं उससे भी अवगत कराया गया दोनों विधायक ने धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन को विश्वास दिलाया कि आपके दवा दुकानदारों को किसी भी प्रकार की परेशानी उत्पन्न होने पर हम आपके साथ हैं यह विश्वास दिलाया गया, इसके अलावा धनबाद झरिया के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल सचिव धीरज दास कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी अनिल तुलस्यान अजय सिंह विजय कुमार राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

सियार के आतंक से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए

नवप्रदेश संवाददाता

धनबादः जिले के पुटकी और आसपास के इलाकों में सियार ने जमकर आतंक मचाया. सियार के हमले में चिरुडीह और परसिया गांव के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए. हालांकि, इस दौरान चिरुडीह बस्ती की 52 वर्षीय शांति देवी ने साहस का परिचय दिया और सियार को पकड़कर शोर मचाया, जिससे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सियार को मार डाला.

ग्रामीणों ने शांति देवी की मदद से सियार को पकड़ा

घटना के बाद, सभी घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए. घायलों में शांति देवी के अलावा चिरुडीह बस्ती के 52 वर्षीय हीरा ओझा, 55 वर्षीय धीरन रजवार, सोनी कुमारी, परसिया बस्ती के सनातन महतो की 60 वर्षीय मां फुलमनी देवी, मुचीराम महतो की 53 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी शामिल हैं. जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह सभी घायल लोग अपने दैनिक कार्यों और खेती-बाड़ी के लिए जंगल और खेतों में गए थे. इसी दौरान एक सियार ने उन पर हमला कर दिया. एक माह पहले इलाके के गोपीनाथडीह बाउरी टोला में सियार ने हमला किया था, जिसमें भागीरथ बाउरी (40), विशाल बाउरी (21) और कृष्णा बाउरी (13) घायल हो गए थे। उस समय भी ग्रामीणों ने सियार को घेर कर मार डाला था.

मंडल रेल प्रबंधक द्वारा भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेदकर के चित्र पर किया गया माल्यार्पण



नवप्रदेश/धनबादः शुक्रवार को 'महापरिनिर्वाण दिवस' के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में भारत रत्न डा० भीम राव अम्बेदकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

3 किस्तों में मिलेंगे 2 लाख

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना

बिहार में मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के तहत 32000 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस योजना के तहत चयनित उद्यमियों को तीन किस्तों में 200000 की सहायता दी जाएगी। पहली किस्त में 25% राशि दी जा चुकी है जबकि दूसरी किस्त में 50% और तीसरी किस्त में 25% राशि दी जाएगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदकों की मासिक आय 6000 से कम होनी चाहिए।

राज्य ब्यूरो, पटनाः मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना (Bihar Mukhyamantri Laghu Udyami Yojana) के तहत उद्योग विभाग ने 32 हजार लाभार्थियों का प्रशिक्षण पूरा करा लिया है। इस योजना के तहत वैसे आवेदकों का अपना उद्यम आरंभ किए जाने को ले तीन किस्त में दो लाख रुपए दिए जाने हैं। इसके तहत जिन लोगों का चयन हुआ है उन्हें पहली किस्त में 25 प्रतिशत राशि दे दी गयी है। दूसरे किस्त में योजना के तहत राशि का 50 प्रतिशत दिया जाना है।

62 तरह के ट्रेड में 32000 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया

मुख्यमंत्री लघु उद्यमियों योजना (Bihar Government Scheme) के तहत छोटे-छोटे ट्रेड जिसमें अधिकतर हैंडीक्राफ्ट व छोटे कारोबार से जुड़े हैं के लिए दो लाख रुपए की मदद दी जानी है। इनमें से वैसे परिवार के लोग शामिल हैं जिनकी मासिक आय छह हजार रुपए से कम है। इन्हें जिलास्तर पर काम कर रहे डीआरसीसी में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के मूल में यह था कि उन्हें किस तरह से अपने ट्रेड में काम करना है और उनके ट्रेड के लिए संभावित बाजार कौन है यह भी उन्हें बताया गया।

दूसरी किस्त में एक लाख रुपए की मदद

दूसरी किस्त के तहत मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को एक लाख रुपए दिया जाना है। इस राशि से उन्हें अपने काम को आगे बढ़ाना है। मालूम हो कि इस योजना के तहत चयनित लोगों को पहले चरण में योजना का 25 प्रतिशत दिया जा चुका है। तीसरी किस्त के रूप में भी 25 प्रतिशत दिया जाना है।

अभी उपयोगिता प्रमाण पत्रों की हो रही जांच

उद्योग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिन लोगों को इस योजना के तहत 25 प्रतिशत की राशि दी गयी थी उनसे यह उपयोगिता प्रमाण पत्र मांगा गया था कि इस राशि का इस्तेमाल उन्होंने अपने उद्यम को आरंभ किए जाने को ले किस तरह से किया। इसकी जांच पूरी होने के बाद दूसरी किस्त दिए जाने की प्रक्रिया आरंभ होगी। जिन लोगों द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया जाएगा उनके नाम पर दूसरे किस्त के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

उपराष्ट्रपति MGCUB के दीक्षांत समारोह में करेंगे शिरकत

नवप्रदेश प्रतिनिधि

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (MGCU) के दूसरे दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे. उपराष्ट्रपति 11छात्र छात्राओं को विशेष गोल्ड मेडल देंगे. सात दिसंबर को मोतिहारी के प्रेक्षागृह में दीक्षांत समारोह होगा, जहां कुल 433 डिग्रियां वितरित की जाएगी. एमजीसीयूबी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने बुधवार को विश्वविद्यालय के चाणक्य परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दीं.

सात दिसंबर को विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे. दीक्षांत समारोह को लेकर उपराष्ट्रपति से संपर्क स्थापित किया तो उन्होंने आमंत्रण स्वीकार किया. दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की अनुमति दी.

उपराष्ट्रपति दीक्षांत भाषण भी देंगे. साथ में कुछ चयनित बच्चों को उपराष्ट्रपति गोल्ड मेडल देंगे. राज्य के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर और स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे. कुलाधिपति पद्मश्री महेश शर्मा दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे. इस समारोह में 40 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्णपदक के अलावा विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार 47 पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की जाएगी.

दीक्षांत समारोह के समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने बताया कि समय पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किसी भी विश्वविद्यालय के लिए आदर्श स्थिति होती है. एमजीसीयूबी एक वर्ष के अंदर ससमय दूसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन हो रहा है. इस दीक्षांत समारोह में 11 विशेष गोल्ड मेडल विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाएगा, जिसे उपराष्ट्रपति छात्र-छात्राओं को देंगे. जबकि 26 कुलपति मेडल और तीन कुलाधिपति गोल्ड मेडल दिया जाएगा. विश्व विद्यालय द्वारा कुल 433 डिग्रियां दी जाएगी.

दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है. पुरुष छात्रों के लिए कुर्ता-पायजामा और उत्तरीय तथा महिला छात्रों के लिए लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी, लाल ब्लाउज और उत्तरीय निर्धारित किया गया है. विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग-अलग रंग की पगड़ी व साफा रखी गई है. कुलपति और गणमान्य अतिथियों के लिए भगवा, डीन और परिषद् सदस्यों के लिए बैंगनी, पीएचडी छात्रों के लिए मरून, स्नातक छात्रों के लिए मैजेंटा और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए पीला रंग का वस्त्र निर्धारित है.

संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति दिवस पर भाकपा माले ने संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया/भाकपा माले ने बेतिया शहीद पार्क में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर साहब के स्मृति दिवस पर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया और संविधान बचाओ, फासीवाद मिटाओ मार्च कर समाहरणालय गेट पर स्थित अम्बेडकर साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सह किसान महासभा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव ने कहा कि भाजपा और आर एस एस ने संविधान पर सबसे पहले और बड़ा हमला आज ही के दिन बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर किया था, आज हम देख रहे हैं कि उसी समय से लगतार भाजपा और आरएसएस द्वारा संविधान संविधान को कुचलने, उसकी मुल भावना को कमजोर करने में लगी है, संविधान प्रदत्त अधिकारों पर हमला हो रहा है। हम देख रहे हैं कि यूपी में मोदी-शाह-योगी शासनकाल में उत्तर प्रदेश अत्याचार और दमन का केंद्र बन गया है और फासीवादी प्रयोगशाला के रूप में उभरा है. यहां भीड़ हिंसा, राज्य प्रायोजित हिंसा, बुलडोजरों का गैरकानूनी इस्तेमाल और फर्जी मुठभेड़ें आम हो गई हैं. सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भाजपा के 'बुलडोजर मॉडल' का असली चेहरा उजागर कर दिया है. भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य सुनील यादव ने कहा कि बिहार में भी यूपी की तरह भाजपा नितीश कुमार के कंधे पर हथियार रख कर गरीबों पर हमला कर रहीं हैं। आगे कहा कि संविधान की शपथ खाने वाले जदयू- भाजपा सरकार इसी शीतकालीन सत्र में अंग्रेजों से भी कठोर काला कानून बेतिया राज की जमीन अधिग्रहण करने के लिए बनाया है।

दावथ की उसरी पंचायत के मुखिया राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से दिल्ली में सम्मानित होंगे

दावथ के उसरी पंचायत के मुखिया 11 दिसंबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायती पुरस्कार सेहोंगे सम्मानित ।

बिहार के 48 पंचायत के मुखिया में दावथ प्रखंड के उसरी पंचायत के मुखिया को भी राष्ट्रीय पंचायती पुरस्कार के लिए किया गया है चयन।

नवप्रदेश प्रतिनिधि/दावथ प्रखंड के उसरी पंचायत के युवा मुखिया संजय कुमार सिंह, जो स्वर्गीय किसान खेदन सिंह के पुत्र हैं, को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आगामी 11 दिसंबर को राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा. इस उपलब्धि को लेकर पंचायत क्षेत्र और प्रखंड के सभी लोगों में खुशी और गर्व का माहौल है.मुखिया संजय कुमार सिंह ने प्रभात खबर से बातचीत में बताया कि किसान परिवार से होने के कारण खेती के साथ-साथ ग्रामीणों की सेवा करने की इच्छा ने उन्हें पंचायत चुनाव में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। 2021 में उन्होंने पहली बार उसरी पंचायत के मुखिया का चुनाव जीता.पंचायत की कुल आबादी लगभग 10,000 है और हर साल विकास कार्यों के लिए पंचायती राज विभाग से लगभग 11 लाख रुपये का बजट मिलता है.उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर 2022 को स्वच्छता लोहिया अभियान के तहत कचरा प्रबंधन के लिए वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्लू पी यू) की शुरूआत की गई. पंचायत क्षेत्र में 90 प्रतिशत घरों में शौचालय निर्माण कर लोगों को उसका उपयोग सुनिश्चित कराया गया. ओडीएफ प्लस के तहत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रखंड कार्यालय में तत्कालीन बीडीओ शिवेश कुमार द्वारा सम्मानित किया गया. इसी तरह 2 अक्टूबर 2023 को तत्कालीन डीएम नवीन कुमार ने उन्हें स्वच्छता के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.मुखिया ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों के तहत अहीर चवरी में वर्ग 1 से 5 तक के प्राथमिक विद्यालय का निर्माण शुरू किया गया है. चवरी मध्य विद्यालय को उत्क्रमित हाई स्कूल (प्लस टू) में बदलने का कार्य प्रगति पर है. उनके प्रयासों से 25 अगस्त 2024 को उसरी गांव में प्रधानमंत्री की ₹मन की बात₹ का सीधा प्रसारण भी किया गया.मुखिया संजय कुमार सिंह ने कहा, ₹राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होना मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है. यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मुझे जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करते हुए यह सम्मान प्राप्त हुआ. मैं अपने पंचायत और प्रखंड के सभी ग्रामीण भाइयों, बहनों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करता हूं. स्थानीय ग्रामीण अजय कुमार, मिथिलेश कुमार, मुकेश कुमार, सोनू कुमार, राजीव रंजन, उपेंद्र चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, हमारे पंचायत के मुखिया को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाना पूरे प्रखंड के लिए गर्व की बात है.

तमिलनाडु को भाजपा या कांग्रेस ने नहीं बनाया, वहां की जनता ने अपनी व्यवस्था खुद बनाई है : प्रशांत किशोर

नवप्रदेश प्रतिनिधि/पटनाः जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पिछले दो वर्षों से बिहार के गांव-गांव जाकर जनता को उनके अधिकारों और प्रदेश की स्थिति में सुधार के संभावित तरीकों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। उनका उद्देश्य बिहार की जनता को यह समझाना है कि राज्य की दशा और दिशा कैसे बदली जा सकती है।

प्रशांत किशोर ने दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए बताया कि आजादी के समय बिहार और तमिलनाडु लगभग समान स्तर पर थे। उन्होंने कहा, जब देश आजाद हुआ, तो तमिलनाडु और बिहार आर्थिक और विकास के दृष्टिकोण से करीब-करीब बराबरी पर थे। लेकिन आज तमिलनाडु देश का दूसरा सबसे अच्छा राज्य है और बिहार 28वें नंबर पर है।

प्रशांत किशोर ने स्पष्ट किया कि तमिलनाडु की प्रगति किसी विशेष राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रही। उन्होंने कहा, तमिलनाडु में भाजपा की सरकार नहीं है। मोदी जी ने तमिलनाडु को नहीं बनाया है। पिछले 40-45 वर्षों से वहां कांग्रेस का भी शासन नहीं रहा है। तमिलनाडु के लोगों ने अपनी व्यवस्था खुद बनाई है। तमिल नाडु को किसी भाजपा या कांग्रेस ने नहीं बनाया है।

दावथ के किसान को जिला कृषि मेले में किया गया सम्मानित

नवप्रदेश प्रतिनिधि/दावथ प्रखंड के मिजार्पुर के उन्नत किसान सुनील कुमार ने बिक्रमगंज कृषि मेला में पांच मेडल जीत कर प्रखंड का मान बढ़ाया है. सुनील कुमार को सब्जी और फल में बेहतर प्रदर्शन को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया है. बीटीएम आशुतोष कुमार ने बताया कि क्षेत्र के मिजार्पुर निवासी सुनील कुमार कृषि विज्ञान केन्द्र बिक्रमगंज और आत्मा से प्रशिक्षण लेकर समेकित कृषि प्रणाली पद्धति से खेती कर रहे हैं .जिसमें पपीता, केला, स्ट्रॉबेरी, शीमला मिर्च, चुकंदर, गाजर, बीन्स, आलू, गोभी, ब्रोकली, लाल मुली, अमरूद, आम, लीची, कटहल, नींबू, समेत कई फसल उगा रहे हैं.वहीं समेकित कृषि प्रणाली पद्धति से मछली पालन, मुर्गा पालन, बतख पालन, पशुपालन के साथ वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार कर रहे हैं. उन्नत तकनीक से खेती कर अपनी कमाई के साथ युवाओं को भी तकनीकी खेती करने के लिए प्रेरित करते आ रहे हैं. किसान सुनील कुमार खेती के साथ एक मिशन ले कर चल रहें जिस मिशन में कई किसान जुड़ रहे हैं. उनका कहना है कि हम केवल जेब नहीं बल्कि लोगों को पेट भरने पर विश्वास रखते हैं. बीटीएम ने बताया कि किसान सुनील कुमार को केला में प्रथम, कोहड़ा में प्रथम, गोल बैंगन में प्रथम, लाल मुली, और पपीता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिसके लिए जिला कृषि पदाधिकारी राम कुमार, डीप्टी पीडी सौरभ कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधुरेन्द्र कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने जिला कृषि मेला में गुरुवार को मेमेन्टो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है. वहीं एक अन्य किसान मनोज कुमार को दो पुरस्कार से सम्मानित किया गया है .मौके पर सभी किसान और पदाधिकारी मौजूद थे।

एसडीएम के आदेश पर बीडीओ ने चकन्हां बालू घाट पर लगाया प्रतिबंध बोर्ड

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी

एसडीएम द्वारा इस ग्रामीण रास्ते से व्यावसायिक वाहनों द्वारा किसी प्रकार की ढुलाई, विशेष कर बालू लदे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने संबंधी पत्र जारी किया था। इसी के आलोक में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार तथा इंद्रपुरी थाने के पुलिस पदाधिकारी करण कुमार ने पुलिस बल के साथ बालू घाट रास्ते पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाए। डेहरी बीडीओ ने बताया कि एसडीएम के पत्र के आलोक में मुझे उक्त स्थल पर बोर्ड लगाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। मैंने वरीय पदाधिकारी की आदेश का अनुपालन किया।

हरिगांव पहुंच एसडीएम ने बैठक कर योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

नवप्रदेश प्रतिनिधि/जगदीशपुर। एसडीएम संजीत कुमार शुक्रवार को हरिगांव पहुंचे। हरिगांव पंचायत सरकार भवन में स्थानीय मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टूना चौबे, बीडीओ डॉ. सुदर्शन कुमार, प्रभारी बीपीआरओ राकेश प्रसाद, सीओ विश्वजीत नीलांकर व सभी विभागीय अधिकारियों के साथ संचालित और क्रियान्वयन योजनाओं की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, जीविका, पंचायती राज विभाग व सीडीपीओ कार्यालय द्वारा



संचालित योजनाओं सहित मनरेगा और पीएचईडी आदि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के बाद एसडीएम संजीत कुमार ने सभी कार्यों को अपडेट करने सहित उसकी स्थिति सही तरीके से करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि जो भी योजनाएं हैं उसे पूरी तरह से अपडेट रखा जाए। एसडीएम ने इससे पहले चल रहे कार्यों की जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी कार्यों को समय पर पूरा करें। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री के संभावित आगमन के पूर्व हरिगांव में विभिन्न विकासात्मक कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन सहित स्थानीय प्रशासन भी लगातार एक्टिव दिख रहा है। पिछले दिनों भोजपुर डीएम तनय सुल्तानिया ने भी हरिगांव पहुंच स्थानीय अधिकारियों व मुखिया से बातचीत कर विभिन्न विकास कार्य को लेकर जरूरी निर्देश दिया था। उसके बाद से ही एसडीएम संजीत कुमार, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर सोनल सिंह, बीडीओ डॉ. सुदर्शन कुमार, प्रभारी बीपीआरओ राकेश प्रसाद, सीओ विश्वजीत नीलांकर, मनरेगा पीओ शिवनारायण लाल सहित अन्य अफसर लगातार हरिगांव में एक्टिव नजर आ रहे हैं।

निस्वार्थ भाव से सेवा मेरा उपदेश अमरदीप कुमार जय

नवप्रदेश प्रतिनिधि/आरा/ लवारिस असहाय लाचार इंसानो को निस्वार्थ भाव से पारदर्शी तरिके से जीते जी अंतिम समय तक जान बचाने के उद्देश्य मात्र को लेकर मानव सेवा करने के साथ- जिले में प्राप्त सड़े-गले क्षत-विक्षत कटे-फटे लवारिस शवो को उनके धर्मो के अनुसार सपूर्दे खाक एवं माटी-मंजिल कराने वाली आरा शहर में एकमात्र इकलौती संस्था संत रविदास जनसेवा संगठन भोजपुर एवं टीम मदर टेरेसा सेवाकर्मी भोजपुर आरा के सयुक्त तत्वाधान में 118वां अंजान अज्ञात लवारिस अधेड़ पुरूष का शव को दाह संस्कार किया गया। मृत शव बिहिया थाना के एसएचओ के पहल पर स्थानीय चौकीदार काशिनाथ यादव उर्फ प्रधान एवं लवकुश कुमार के द्वारा प्राप्त हुआ। अज्ञात लवारिस मानव शव का विधिवत अपना परिजन वारिस बनकर निस्वार्थ भाव से आरा गांगी श्मशान मानव मोक्ष घाट पर अंतिम क्रियाक्रम के रुप में हिन्दू रितीरिवाज के अनुसार संस्था संस्थापक महासचिव सह समाजसेवी अमरदीप कुमार जय ने 118वीं अज्ञात लवारिस शव के रूप में मुखाग्नी देकर दाह संस्कार करने का बखूबी कार्य किया। संस्था के नियमित मंथली सक्रिय संरक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव रिटायर बैंककर्मी पकड़ी आरा निवासी द्वारा किये हुये आर्थिक सहयोग के बल पर मानव मोक्ष दिलाया गया

जिलाधिकारी के जनता दरबार में 55 मामलों की हुई सुनवाई

हर मामले को बहुत गौर से सुने जिलाधिकारी

कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

नवप्रदेश प्रतिनिधि/ बेतिया। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में 55 मामले आए। जिन मामलों का समाधान नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य, से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया।

जिन लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें मुसमात खतुनिया, प्रतिमा देवी, रमिता देवी, पार्वती देवी, कृष्णा तिवारी, बनिता मलिक, सुनिता देवी, शीला कुमारी, मुसमात तेतरी, गीता देवी, पूनम देवी, आशा कुमारी, द्वारिका पासवान, सुगंती देवी, रीना देवी आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसादि सह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

मुजफ्फरपुर में डबल मर्डर, पानी को लेकर हुआ विवाद तो मां-बेटे को गोलियों से भून डाला

नवप्रदेश प्रतिनिधि/मुजफ्फरपुर। पानी गिराने को लेकर हुए विवाद में मां-बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है. हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. पुलिस ने घटनास्थल से पांच खोखे को बरामद किया है.मृतकों की शिनाख्त रोहित कुमार और उसकी मां जानकी देवी के रूप में हुई है. सदर थाना क्षेत्र के पताही हरि गांव का यह मामला है.घटना के बाद से पुलिस गांव में कैंप कर रही है. आरपियों की शिनाख्त और गिरफ्तारी के लिए एक्शन में आ गई है.

शाहिद हुसैन बने शतरंज के प्रशिक्षण के क्षेत्र में बने नेशनल इंस्ट्रक्टर



नवप्रदेश प्रतिनिधि/चंपारण। शतरंज अकादेमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन को शतरंज प्रशिक्षण के क्षेत्र में नेशनल इंस्ट्रक्टर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के द्वारा टाइटल द्वारा दिया गया है इन्होंने उत्तर-प्रदेश के लखनऊ में आयोजित 25 से 27 अक्टूबर 2024 को फीडे ट्रेनर सेमिनार में भाग लिया और वहां पे ग्रैंड मास्टर अंकित राजपारा और इंटरनेशनल मास्टर विशाल सरीन से शतरंज के प्रशिक्षण के नियम सीखें और खिलाड़ियों को कैसे शतरंज का ट्रेनिंग दिया जाए इसके बारे में जानकारी दी गयी उसके बाद एग्जाम का आयोजन किया गया हैं जिसमें शतरंज प्रशिक्षक के रूप में नेशनल इंस्ट्रक्टर का परीक्षा में पास करने पर उनके यह टाइटल दिया गया हैं। इनके द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम द्वारा खिलाडियों को शतरंज सिखाया जाता है। साथ ही निर्णायक के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के द्वारा फीडे आर्बिटर उपाधि पहले ही ले चुके हैं। इस उपलब्धी के लिए समस्त बिहार शतरंज परिवार की ओर से और साथ ही चंपारण शतरंज अकादेमी के निर्देशक नवीन जायसवाल, अकादमी के मुख्य संरक्षक डॉ मोहम्मद गुलजार जी, तोहिद आलम, मुकेश कुमार, रईस आलम आदि खेल प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

जवाहर नवोदय विद्यालय में निरीक्षण संपन्न

नवप्रदेश प्रतिनिधि/ पश्चिमी चंपारण। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वृंदावन पश्चिम चम्पारण के प्राचार्य हरि लाल ने बताया कि विद्यालय में वार्षिक विद्यालय निरीक्षण हुआ। नवोदय विद्यालय समिति पटना संभाग के सहायक आयुक्त सतेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में निरीक्षण टीम के सदस्यों जवाहर नवोदय विद्यालय गोपालगंज के प्राचार्य सुधाकर कुमार शुक्ला, जवाहर नवोदय विद्यालय सीवान के प्राचार्य नसीम अहमद, जवाहर नवोदय विद्यालय सारण के प्राचार्य समरकेतु एवं केंद्रीय विद्यालय कुमारबाग के प्राचार्य विवेक धर दुबे के साथ निरीक्षण किया गया। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वृंदावन के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हरि लाल ने मुख्य अतिथि नवोदय विद्यालय समिति के सहायक आयुक्त सत्येंद्र गुप्ता के साथ सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी गतिविधियों एवं क्रियाकलापों का विधिवत निरीक्षण हुआ। नवोदय विद्यालय समिति पटना संभाग के सहायक आयुक्त सत्येंद्र गुप्ता ने विद्यालय के प्रगति की समीक्षा करते हुए विद्यालय के विकास एवं प्रगति को और तेज करने के लिए दिशा निर्देश दिए एवं छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिये। सहायक आयुक्त सत्येंद्र गुप्ता ने इस अवसर फ्रेंडली कबड्डी मैच का उदघाटन किया। जवाहर नवोदय विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति पटना संभाग के सहायक आयुक्त सत्येंद्र गुप्ता ने विद्यालय के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सफलता के लिए पुरस्कृत किया।

आरपीएफ के तत्परता ड्यूटी से बचा गाड़ी संख्या 13010 डाउन के सफाई कर्मी की जान

नवप्रदेश प्रतिनिधि/डेहरी। गाड़ी संख्या 13010 डाउन डेहरी स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 04 पर आई एवं अपने निर्धारित ठहराव के उपरांत खुलने लगी तो गाड़ी के स्लीपर कोच के गेट पर खड़े उक्त गाड़ी में तैनात सफाई कर्मचारी अचानक गिर गया जिसे गिरते देख गाड़ी में मौजूद अन्य यात्रियों द्वारा गाड़ी को एसीपी कर रोका गया तथा पीड़ित व्यक्ति को बाहर निकल गया पूछताछ करने पर पीड़ित अपना नाम मोहम्मद हाशिम उमर 50 वर्ष, पिता मोहम्मद सुल्तान, ग्राम फर्स्ट नेम लाइन हावड़ा,पिलखाना, थाना गोलाबारी ,जिला हावड़ा पश्चिम बंगाल बताते हुए बताया कि मैं इसी गाड़ी के कोच में संविदा डइलर कर्मचारी हूं डेहरी ऑन सोन स्टेशन गाड़ी खड़ी होने पर मैं गेट पर खड़ा था गाड़ी के अचानक खुलने वक्त में गिर गया हूं पीड़ित व्यक्ति के बाएं पैर तथा हाथ में गंभीर जख्म है त्वरित कार्रवाई करते हुए जीआरपी/आरपीएफ के द्वारा पीड़ित व्यक्ति को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल डेहरी ऑन सोन में भर्ती कराया गया है' मोहम्मद हाशिम के साथ कार्यरत OBHS कर्मचारी मोहम्मद अयूब उम्र 40 वर्ष, पिता स्वर्गीय मकबूल अहमद, ग्राम घोसड़ी हावड़ा, थाना बेलूर ,जिला हावड़ा, पश्चिम बंगाल अनुमंडल अस्पताल में उपस्थित हुए पीड़ित व्यक्ति के प्राथमिक इलाज के उपरांत डॉक्टर द्वारा बेहतर इलाज हेतु सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया जिसे मोहम्मद अयूब अपने जिम्मे पर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल सासाराम लेकर गए।

शाहपुर चौपाल में किसानों को खेती करने के बताए गये तरीका

नवप्रदेश प्रतिनिधि/ शाहपुर। प्रखंड के सहजौली पंचायत के डुमरिया गांव में किसानों के बीच कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से किसान सलाहकार रविभूषण ने किसानों को उन्नत किस्म के खेती के गुरू सिखाए गये। कृषि से संबंधित योजनाओं को सही रूप से संचालित होने की जानकारी दी गई। मीट्टी उर्वरक को सही कीटनाशक रसायनिक बिधि के तौर तरीके से ठीक किया जाए ताकि पैदावार अच्छी हो सके। इस अवसर पर किसान सलाहकार रवि भूषण, विश्वकर्मा, कृषि समनवयक सीमा राय, प्रखंड तकनिकी प्रबंधक आत्मा नीतीश कुमार, सहायक तकनिकी प्रबंधक आत्मा सिद्धार्थ कुमार, किसान कपिलदेव ओझा, ठाकुर प्रसाद, उमाशंकर साह, अभिमन्यु प्रताप सिंह, सहित कई किसान तथा प्रतिनिधि प्रमुख रूप से थे।

गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान श्री राम की बारात, उमड़े भक्त

नवप्रदेश प्रतिनिधि बगहा/चौतरवा। प्रखंड अंतर्गत पंचायत राज लगूनहा चौतरवा के लगूनहा श्री खाकी बाबा मंदिर परिसर से भगवान श्री राम की बरात धूमधाम व गाजे बाजे के साथ शुक्रवार को निकाली गई। वही गांव की महिलाएं मंगल गीत गाती पीछे पीछे चल रही थी। बारात में हाथी,ऊंट व घोड़े के साथ पैदल सैकड़ों बाराती चल रहे थे। जय श्री राम की गगन भेदी आवाज के साथ जय जयकार की आवाज से पूरा वातावरण गुंजायमान था। बारात लगुनाहा, चैनपुर, पतिलार कारखाना टोला, मौजे टोला, सीतापार, लक्ष्मीपुर, रतवल, भठहीया होते हुए। देर रात बड़ा लगुनाहा काली माई स्थान परिसर पहुंची। जहां वेदमंत्रोच्चारण के साथ श्रीराम व सीता का विवाहोत्सव मनाया गया। विवाहोत्सव में सैकड़ों महिलाएं मंगलगीत गा रही थी। वही बारातियों के स्वागत के लिए लगुनाहा, पतिलार, मौजे टोला, सीतापार, लक्ष्मीपुर, रतवल, भठहिया व बड़ा लगुनाहा में नाश्ता व पानी दिया गया। विभिन्न गांव की महिलाएं परंपरागत श्री राम की पालकी को रोक कर पूजा अर्चना कर रही थी। वहीं विभिन्न गांवों में इस अवसर पर साफ सफाई की गई थी। विवाहोत्सव के बाद लगुनाहा श्री खाकी बाबा आश्रम परिसर व बड़ा लगुनाहा काली माई स्थान परिसर में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गरीब निर्धन कन्याओं की शादी वेद मंत्रोच्चारण के साथ कराया जाता हैं। इस दौरान चौतरवा पुलिस प्रशासन के स्तर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। वही अन्य जगहो पर बेरियर लगाए जाते हैं, जहां से पैदल विवाह स्थल तक जाय जाता था। इस बाबत थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि पर्याप्त पुलिस बल के साथ महिला पुलिस बल भी विभिन्न स्थलों पर तैनात किया गया है। महिलाओं की भीड़ में कोई भी पुरुष प्रवेश नहीं करें, इसके लिए पुलिस बल तैनात किया गया।

एक नजर

संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता संपन्न

मांडर (नव प्रदेश संवाददाता)। मांडर स्थित संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में शुक्रवार को सोशल इनसेटिव ग्रोथ एंड नेटवर्किंग के सौजन्य से जनजातीय छात्र-छात्राओं में सी एन टी एक्ट, पेशा एक्ट, पांचवी अनुसूची विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने में सोशल इनसेटिव ग्रोथ एंड नेटवर्किंग के राज्य संयोजक राकेश रोशन किड़ो, जिला संयोजक प्रकाश केरकेट्टा का विशेष योगदान रहा। मौके पर कॉलेज प्राचार्या सिस्टर मेरी बागे ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता आयोजन का मुख्य उदेश्य छात्र-छात्रों में व्यक्तित्व निर्माण और आत्मविश्वास का विकास कराना है इस आयोजन में सहयोग के लिए सोशल इनसेटिव ग्रोथ एंड नेटवर्किंग के पदाधिकारों का आभार ब्यक्त करते हैं भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान संजना लकड़ा, द्वितीय स्थान लिसी रिया लकड़ा,और तीसरा स्थान अर्जुन कुजूर को प्राप्त हुआ। छात्र-छात्रों के भाषण को आकलन करने के लिए वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर, रश्मि तिर्की, सबीना तिर्की जज के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

फर्राटा दौड़ में दीया, प्रियंका, वर्षा को स्वर्ण

अनगड़ा (नव प्रदेश संवाददाता)। जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी खेल महोत्सव में शुक्रवार को 100 मीटर फरार्टा दौड़ बालिका सिनियर वर्ग में दीया थापा क्षेत्री को स्वर्ण,लतिका कुमारी को रजत, आंचल कुमारी को कांस्य पदक, जूनियर वर्ग में प्रियंका कुमारी को स्वर्ण, रिंकी कुमारी को रजत, श्रेया कुमारी को कांस्य पदक, सब जूनियर वर्ग में वर्षा कुमारी को स्वर्ण पदक, रोशनी कुमारी को रजत, चंचल कुमारी को कांस्य पदक, 100 मीटर बाधा दौड़ में रिया कुमारी को स्वर्ण पदक, दीपिका कुमारी को रजत, अंजू कुमारी को कांस्य पदक, फुटबॉल मैच में आरआर स्पोर्टिंग ने राजेंद्र एफसी को 2-0 से हराया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विनोद को दिया है। दूसरा मैच केपीएल खटंगा और एफसी युनाइटेड कांके के बीच खेला गया जिसमें खेल समाप्ति तक दोनों टीमों का स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार एफसी युनाइटेड कांके के गोलकीपर को पुरस्कार मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा ने दिया। विशिष्ठ अतिथि उनील महतो, अर्जुन मुंडा, मनीष कुमार महतो, गौरी शंकर महतो सामिल हुए। अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया।

अवैध बालू का परिवहन कर रहे चार ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

अनगड़ा (नव प्रदेश संवाददाता)। बुंडू एसडीओ किस्टो बेसरा ने पुलिस के साथ कार्रवाई करते हुए हाहे-राहे मार्ग पर अवैध बालू का परिवहन कर रहे चार ट्रकों को बुधवार की रात पकड़ा व पुलिस को सौंप दिया। अनगड़ा थाना क्षेत्र के सताकी गांव के पास से बालू का अवैध परिवहन कर रहे ट्रक (जेएच 01 एफएन 1854, जेएच 02 एन 6472, जेएच 01 सीवी 4882 व जेएच 01 एफई 1854) को पकड़ कर राहें थाना में रखा गया है। इस संबंध में शुक्रवार को अनगड़ा थाना में खनन अधिनियम के तहत अवैध बालू खनन व परिवहन का मामला दर्ज कर लिया गया है। एसडीओ किस्टो बेसरा की कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। मालूम हो कि रात के अंधेरे में बलुआ की अवैध ढुलाई जोरों पर है।

वन विभाग के क्योस्क का उद्घाटन

अनगड़ा (नव प्रदेश संवाददाता)। गेतलसूद डैम के कांके वन क्षेत्र अंतर्गत भूसूर वन के समीप शुक्रवार को क्योस्क सह रेस्टोरेंट का उदघाटन किया गया। उदघाटन स्टेट लेबल एक्सपर्ट एप्रेजल कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व तकनीकी पदाधिकारी केपी सिंह ने किया। विभाग के शिवनारायण महतो ने बताया कि वर्तमान में इस क्योस्क सह रेस्टोरेंट को एक निजी रेस्टोरेंट द्वारा संचालित किया जाएगा। कुल 80 लाख रुपए की लागत से बनाए गए इस रेस्टोरेंट में पर्यटकों के लिए उचित मूल्य पर परम्परागत जनजातीय व्यंजन परोसे जाएंगे। पर्यटकों के लिए बैट्री चालित बोट से गेतलसूद डैम में नौका विहार की भी व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए बनाए गए मानक पैमाने को पार कर जिन उद्योग द्वारा प्रदूषण फैलाया गया उन्हें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पेनाल्टी निर्धारित की जाति है२ पेनाल्टी की राशि से ऐसे क्योस्क व भवन बनाया जाता है ताकि आमजनों को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर कांके रेंजर जीतेन्द्र कुमार, फॉरेस्टर सुमंत वर्णवाल, वनरक्षी सुनील कच्छप, रेस्टोरेंट संचालिका अरुणा तिर्की प्रेमशंकर आलोक, गिरधारी पात्रा, संजय नायक,घनश्याम महतो, लालमोहन पाहन,मंगल महतो, कमल महतो, डीके उपाध्यक्ष, नेपाल करमाली आदि उपस्थित थे।

चोरी कर पशु ले जाते तस्कर को पकड़ पुलिस के हवाले किया, गया जेल

चयकला में पशु तश्करी बनता जा रहा सिर दर्द

चौपारण (नव प्रदेश संवाददाता)। चौपारण थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जवनपुर में शुक्रवार को अहले सुबह घर के पास बंधा पशु को चोरी कर ले जाते पशु तस्कर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, साथ ही जागेश्वर प्रजापति ग्राम जवनपुर ने थाना में लिखित आवेदन देते हुए मवेशी चोरी करने के आरोप अभियुक्त बाबू शाह पिता भोला शाह ग्राम चायकला पर लगाया। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कांड संख्या 403/24 दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। बताते चलें कि ग्रामीणों का कहना है कि आये दिन चयकला के कुछ लोग सामाजिक सौहार्द को ताक पर रखकर पशुओं की चोरी कर कसाई खाने में तस्करी करने में बाज नही आ रहे है। सूत्रों के अनुसार चयकला में दर्जन भर झारखंड-बिहार के पशु तस्कर आकर पशुओं की तस्करी का बढ़ावा दे रहा है। समय रहते जनप्रतिनिधियों के द्वारा सकारात्मक पहल नही किया गया तो कभी भी सौहार्द बिगड़ सकता है।

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर किसानों को जागरूक करने के लिए

मृदा जांच एवं प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम



नव प्रदेश संवाददाता

पिस्का नगड़ी। प्रखंड सभागार नगड़ी में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के अंतर्गत विश्व मृदा दिवस के अवसर पर किसानों को जागरूक करने के लिए मृदा स्वास्थ्य, मृदा मापन, मृदा संगहण, मृदा जांच एवं मृदा प्रबंधन विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रजेश जी के द्वारा मृदा प्रबंधन और ड्रिप इरिगेशन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रखण्ड विकास पधाधिकारी दीपाली भगत ने उपस्थित सभी किसानों को मृदा जांच, ड्रिप इरिगेशन, जैविक खेती की महत्ता को बताते हुए किसानों को मृदा जांच कराने, रसायनिक खाद का कम प्रयोग करने और सरकारी योजना का लाभ लेकर ड्रिप इरिगेशन से खेती कर अधिक पैदावार प्राप्त करने के सलाह दी। प्रखण्ड प्रमुख मदुवा कच्छप ने किसानों को धीरे धीरे जैविक खेती की ओर बढ़ कर मृदा स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने के सलाह दिए। जिला परिषद् सदस्य पूनम देवी एवं उपप्रमुख अफसाना प्रवीण ने सभी किसानों को मिट्टी जांच उपरांत खेती करने का सलाह दिए। बजरंग महतो अध्यक्ष प्रखण्ड सलाहकार समिति ने किसानों को ड्रिप इरिगेशन योजना का लाभ लेने का सलाह दिया। प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक के द्वारा मिट्टी जांच और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के विषय में जानकारी देने के पश्चात उपस्थित किसानों के बीच एक प्रतियोगता का आयोजन रखा, जिसमें मृदा एवं खेती से संबधित सवाल पूछा गया। प्रतियोगता के बाद विजयी किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के अंत में पूर्व में मिट्टी नमूना जमा करने वाले सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देने बाद बजरंग महतो के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

चिलदाग में नेत्र जांच शिविर

अनगड़ा (नव प्रदेश संवाददाता)। उषा मार्टिन विवि के उन्नत भारत अभियान सेल द्वारा पैरामेडिकल साइंसेज विभाग के द्वारा चिलदाग गांव में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन चिलदाग मुखिया दुर्गा पाहन और यूबीए समन्वयक डॉ लोपामुद्रा शतपथी ने किया। लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची के स्वास्थ्य कर्मी और नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार और विकास कुमार की टीम ने शिविर में 47 से अधिक लोगों का नेत्र जांच किया। आंखों की बीमारी से पीड़ित रोगियों को बीमारियों के निदान के लिए परामर्श दिया। शिविर का नेतृत्व एचओडी संगीता कुजूर ने किया।

आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा की भी है जरूरत : सविता उरांव

मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया

नव प्रदेश संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखंड के लापुंग स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 32 बच्चों के बीच गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। मुखिया सविता उरांव ने आंगनबाड़ी सेविका सीमा कुमारी की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया सविता उरांव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को सभी प्रकार की सुविधाओं के साथ अच्छी शिक्षा की भी जरूरत है। स्वेटर के साथ साथ जुता मोजा और टोपी की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि सापुकेरा पंचायत के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वेटर का वितरण जल्द से जल्द होना चाहिए ताकि समय रहते बच्चों को स्वेटर मिल जाय और उन्हें ढंड से राहत मिल सके। वहीं आंगनबाड़ी सेविका सीमा देवी ने कहा कि लापुंग के आंगनबाड़ी केंद्र में सरकार की ओर से बहुत अच्छी-खासी सुविधा मिल रही है। इस मौके पर आंगनबाड़ी की सहायिका फूलमणी बरला, नीमनवती देवी, उषा स्वांसी, मानो देवी, रीना कुमारी, सरोज मुंडा, कृष्णा नाग सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे।

डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस धूमधाम से मनाया गया

नव प्रदेश संवाददाता

तमाड़। प्रखंड मुख्यालय के समीप ब्लॉक मैदान में अखिल भारतीय अनुसूचित महासभा के बैनर तले डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाहण दिवस धूमधाम से मनाया गया। उनके विचारों, आदर्शों और कर्तव्य को आम जनमानस तक पहुंचने के लिए समर्पण, त्याग, संकल्प के साथ विचार विमर्श किया गया तथा आवंटित जमीन पर आवासीय अनुसूचित जाति बालिका विद्यालय खुलवाने के लिए सभी लोग आंदोलन करने का संकल्प भी लिया।

तमाड़ से उल्लिहातु के लिए संकल्प यात्रा स्कूल खुलवाने के लिए पैदल मार्च पूरे तमाड़, सिल्ली विधानसभा के अनुसूचित जाति के लोग शामिल होंगे और झारखंड सरकार के नाम का ज्ञापन राज्यपाल को सौंपने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आरपी रंजन, पूर्व रिटायर कमिश्नर रांची डीसी दास, रांची जिला बीएसपी अध्यक्ष अवधेश बैठा, तमाड़ उप प्रमुख शकुंतला खंडित, नीलमोहन स्वासी, भीम मछुआ, उमेश कुमार नायक, मुरली कुमार सेठ, रेशमी देवी, अशोक सेठ, महावीर सेठ, अजय सेठ, समता सैनिक के कमांडर, मुनिया देवी, श्यामचंद स्वासी, राकेश मोहन, अजय सेठ चतूर सेठ नंदकुमार राम आदि शामिल थे।

रामेश्वर भगत का निधन

नव प्रदेश संवाददाता

पिस्का नगडी। नगड़ी भगत मुहल्ला निवासी रामेश्वर भगत का निधन गुरुवार को हो गया। वे 69 वर्ष के थे। अपने पीछे वे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को पांडु स्थित मुक्ति धाम में किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र नरेन्द्र भगत ने मुखाग्नि दी।

विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर बीडीओ ने की बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

सोनाहातू/राहे। विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद शुक्रवार को राहे प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में बीडीओ अशोक कुमार ने प्रखंड स्तर पर चल रही योजनाओं की समीक्षा की। बीडीओ ने बारी-बारी से रोजगार सेवक,पंचायत सचिव व अन्य कर्मियों से पंचायतों में चल रही योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही अधूरे पड़े अबुआ आवास, पीएम आवास, मनरेगा योजना की जानकारी लेकर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि चुनाव के बाद यह पहली बैठक है आचार संहिता के कारण कई योजनाएं लंबित हैं। इन योजनाओ को पूर्ण करने को कहा गया।साथ ही नयी योजना की पूरी फाइल तैयार करने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ ने प्रखंड के सभी मुखिया के साथ भी समीक्षात्मक बैठक किये। बैठक में बीपीओ सुजीत सागर,सहायक अभियंता अजय कुमार, कनीय अभियंता सहित सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, प्रखंड कर्मी आदि मौजूद थे।

हमारे बच्चे आगे बढ़ेंगे तो लापुंग प्रखंड भी आगे बढ़ेगा : कंचन

15 वर्षों के बाद मिला नया बर्तन, बाल विकास परियोजना कार्यालय में लापुंग प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए बर्तनों का वितरण, लापुंग के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच बर्तनों का वितरण किया

सुनील कुमार गुप्ता (नव प्रदेश)

लापुंग। लापुंग के महिला समाज कल्याण एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए आवश्यक बर्तनों का वितरण किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को सभी प्रकार की सुविधा मिलनी चाहिए। बच्चे ही देश का भविष्य हैं। हमारे बच्चे आगे बढ़ेंगे तो लापुंग प्रखंड भी आगे बढ़ेगा। उल्लेखनीय हो कि लापुंग प्रखंड में विगत एक दशक पहले बर्तनों का वितरण किया गया था। कालांतर में सभी बर्तन काफी टूट फुट गई । बर्तन के नहीं रहने से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खिलाने पिलाने और अन्य कार्यों के लिए काफी परेशानी होती थी। बर्तन की मांग वर्षो पहले से आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा की गई थी। बर्तन वितरण कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से प्रदत्त बर्तनों सहित प्रेशर कुकर, स्टील कड़ाही, स्टील का डेग, जग, बाउल, गमला, स्टील का प्लेट, स्टील का ग्लास, चम्मच, थाली, स्टेनलेस स्टील का डब्बा सहित सभी आवश्यक बर्तनों का वितरण लापुंग के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने किय। वितरण कार्यक्रम के दौरान अंबिका कुमारी, सोनिया देवी, अविनाशी बरला,मनोनित बरला, अनिता शांडिल्य,रौशन प्यारी खाखा, प्रमिला कुमारी, रुपु देवी, सीमा देवी, रीता कुमारी, सुशांति बरला, जुलियानी होरो, कौशल्या देवी, हेलेन लुगुन, एंजलीना लकड़ा, देवती कुमारी, कलिस्ता बरला, मुक्ति होरो, मार्गेट बरला, पुनित मरियम बाड़ा, बैजयंती देवी, मरियम केरकेट्टा, कांति तिर्की, सीमा देवी, रंजीता कुमारी, रीता कुमारी, मंजू मिंज, जसमणी बरला, रीना देवी सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं मौके पर मौजूद थीं।

गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दो दिवसीय ओरिएंटेशन सह इंडक्शन मीट का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में शुक्रवार को बीएड सत्र 2024-26 में नामांकित प्रशिक्षुओं के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन सह इंडक्शन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम 'नई सोच, नई दिशा' रखा गया है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र, प्राचार्या डॉ पुष्पा कुमारी सहित अन्य सहायक प्राध्यापकों ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की। सचिव ने महाविद्यालय का मिशन व विजन नव-नामांकित प्रशिक्षुओं के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से निपुणता, विशेषज्ञता हासिल होती है। ओरिएंटेशन सह इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य पाठ्यक्रम में शामिल नए छात्रों को नए शैक्षणिक वातावरण में समायोजित व सहज महसूस कराने में मदद करना होता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 से महाविद्यालय के सफर की शुरूआत हुई। प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाविद्यालय का गौरव बढ़ाना प्रशिक्षुओं का कर्तव्य व जिम्मेवारी है। प्राचार्या डॉ पुष्पा कुमारी ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित अन्य कर्मियों की संक्षिप्त जानकारी दी। आइक्यूएसी समन्वयक डॉ वसुंधरा कुमारी ने प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय का कोड ऑफ कंडक्ट से परिचय कराया। सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजली ने बीएड पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। बीएड की परीक्षाओं के बारे में परीक्षा प्रभारी सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार ने जानकारी साझा की। छात्रवृत्ति व एंटी-रैगिंग के संबंध में डॉ पुष्पा कुमारी ने जानकारी दी।

सहायक प्राध्यापक एसएस मैती ने स्पोर्ट्स, एनएसएस की गतिविधियों से प्रशिक्षुओं को रू-ब-रू कराया। इसके साथ ही सहायक प्राध्यापिका वर्षा कुमारी ने महाविद्यालय में अधिष्ठापित प्रयोगशाला के संबंध में जानकारी दी। मौके पर महाविद्यालय गतिविधियों के संबंध में कई अन्य जानकारियां भी साझा की गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को टेलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक कर्मी सहित बीएड के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

राजनीति विज्ञान विभाग में आयोजित हुआ फिट इंडिया एप डाउनलोड करने का प्रशिक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग। अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक और शोधार्थियों के सौजन्य से शुक्रवार को अर्थशास्त्र तथा राजनीति विज्ञान विभागों में फिट इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर फिट इंडिया सप्ताह कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ. उमेंद्र सिंह, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा, सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय बहादुर सिंह और दोनों विभागों के शोध छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और फिट इंडिया एप को इनस्टॉल करवाना था। राजनीति विज्ञान विभाग के डिजिटल बोर्ड पर इसको बताया गया । छात्रों ने बड़ी संख्या में एप डाउनलोड किया तथा इसे नियमित उपयोग में लाने का संकल्प लिया। डॉ. उमेंद्र सिंह ने कहा कि फिट इंडिया अभियान का उद्देश्य केवल शारीरिक फिटनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है। फिट इंडिया एप एक उपयोगी उपकरण है, जो हमें रोजाना फिटनेस के लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने में मदद करता है। डॉ. सुकल्याण मोइत्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एप युवा पीढ़ी को तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने का एक प्रभावी प्रयास है। अर्थशास्त्र विभाग की शोध छात्र पुष्कर कुमार पुष्प तथा आरती मेहता ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों से आग्रह किया कि वे इस एप का उपयोग करें और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

फिट इंडिया कार्यक्रम का दूसरा दिन

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)